2016-17

29वीं th

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2016-17

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED

पावरिंग द नेशन
POWERING THE NATION

हमारी अभिदृष्टि

पर्यावरण और सामाजिक मूल्यों की प्रतिबद्धता के साथ विश्वस्तरीय ऊर्जा इकाई स्थापित करना।

हमारा मिशन

- ऊर्जा संसाधनों की दक्षतापूर्वक योजना बनाना, उनका विकास एवं प्रचालन करना।
- अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अंगीकार करना।
- सीखने एवं नवोन्मेषीकरण की कार्य संस्कृति को बढ़ावा देकर निष्पादन में उत्कृष्टता प्राप्त करना।
- पारस्परिक विश्वास द्वारा स्टेकहोल्डरों के साथ मूल्य आधारित सतत संबंध स्थापित करना।
- परियोजना प्रभावित व्यक्तियों का मानवीय दृष्टिकोण से पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन करना।

Our Vision

A world class energy entity with commitment to environment and social values.

Our Mission

- To plan, develop and operate energy resources efficiently.
- To adopt state of the art technologies.
- To achieve performance excellence by fostering work ethos of learning and innovation.
- To build sustainable value based relationship with stakeholders through mutual trust.
- To undertake rehabilitation and resettlement of project affected persons with human face.

सूची

1. निदेशक मंडल 02
2. संदर्भ सूचना 03
3. प्रमुख वित्तीय निष्पादन हाईलाइट्स. 04
4. अध्यक्ष का अभिभाषण 11
5. निदेशकों की प्रोफाइल 15
6. निदेशकों की रिपोर्ट. 18
7. अनुलग्नक– I कारपोरेट सुशासन पर रिपोर्ट 41
8. कारपोरेट सुशासन का प्रमाण पत्र 58
9. अनुलग्नक– II कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट 59
10. अनुलग्नक– III प्रबंधन विचार–विमर्श एवं विश्लेषण रिपोर्ट 71
11. अनुलग्नक– IV ऊर्जा संरक्षण उपाय – अंगीकृत प्रोद्योगिकी एवं विदेशी मुद्रा अर्जन एवं विनिवेश 75
12. अनुलग्नक– V व्यापार उत्तरदायित्व रिपोर्ट 78
13. अनुलग्नक– VI प्रारूप नं. एमजीटी–9– वार्षिक रिटर्न का सार 95
14. अनुलग्नक– VII सचिवालयी लेखा परीक्षक की रिपोर्ट 104
15. विशिष्ट लेखांकन नीतियां. 109
16. तुलन–पत्र 119
17. लाभ एवं हानि का विवरण. 121
18. नगदी प्रवाह विवरण 123
19. टिप्पणियां 127
20. स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट 169
21. स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक 172
22. भारत के सीएंडएजी की अभ्युक्तियां 178

निदेशक मंडल

20 सितंबर, 2017 के अनुसार

श्री डी.वी.सिंह
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

श्री राज पाल
आर्थिक सलाहकार, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार
सरकार द्वारा नामित निदेशक

श्री सुरेश चन्द्र
प्रमुख सचिव (सिंचाई), उ.प्र.सरकार
सरकार द्वारा नामित निदेशक

श्री एस.के.बिस्वास
निदेशक (कार्मिक)

श्री श्रीधर पात्रा
निदेशक (वित्त)

श्री बची सिंह रावत
स्वतंत्र निदेशक

श्री मोहन सिंह रावत
स्वतंत्र निदेशक

श्री महाराज के. पंडित
स्वतंत्र निदेशक

संदर्भ सूचनाएं

पंजीकृत कार्यालय

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालय : भागीरथी भवन (टॉप टेरेस)
भागीरथी पुरम , टिहरी गढवाल–249001
संपर्क नं. (0135) 2435842, 2439309 एवं 2437646
फेक्सः (0135) 2439442 एवं 2436761
वेबसाइट : www.thdc.co.in
ई–मेल : thdccs@yahoo.co.in
सीआईएन नं. : यू45203यूआर1988जीओआई009822

कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

सुश्री रश्मि शर्मा
गंगा भवन, प्रगतिपुरम,
बाई–पास रोड, ऋषिकेश – 249201
संपर्क नं. (0135) 2435842, 2439309 एवं 2437646
फेक्सः (0135) 2439442 एवं 2436761
ई–मेल : rashmi.thdc@gmail.com
सीआईएन नं. : यू45203यूआर1988जीओआई009822

कारपोरेट कार्यालय

गंगा भवन, प्रगतिपुरम,
बाई–पास रोड, ऋषिकेश – 249201

रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट

कार्वे कम्प्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड
कार्वे सेलेनियम टॉवर – बी, प्लॉट नं. 31–32, गाछीबाउली
फाइनेंनसियल डिस्ट्रिक्ट, नानाकर्मगुडा, हैदराबाद–500032
दूरभाषः +91-40-33211000, ई–मेलः rakesh.jamwal@karvy.com

संविधिक लेखापरीक्षक

मैसर्स पी.डी. अग्रवाल एंड कंपनी
364 ए, गोविंदपुरी, हरिद्वार – 249403

लागत लेखापरीक्षक

1) मैसर्स चन्द्रा वाधवा एंड कंपनी, 204, कृष्णा हाऊस, दरियागंज, 4805/24, भरत राम रोड, नई दिल्ली – 110002
2) मैसर्स आर.एम.बंसल एंड कंपनी, ए–201, ट्वीन टॉवर्स लखनपुर, कानपुर, उ.प्र.–208024

डिबेंचर ट्रस्टी

विस्त्रा आईटीसीएल इंडिया लि.
ए–268, प्रथम तल, भीष्म पितामह मार्ग,
डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली– 110024

शेयर सूचीबद्ध

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
बोम्बे स्टॉक एक्सचेंज

डिपोजिटरी

सैंट्रल डिपोजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 17वां तल, पीजे टावर्स, दलाल स्ट्रीट,
फोर्ट, मुबंई–400001

बैंकर्स

1. पंजाब नेशनल बैंक
2. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
3. विश्व बैंक
4. जम्मु एंड कश्मीर बैंक

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी

केयर (क्रेडिट एनालिसिस एंड रिसर्च लि.)
इंडिया रेटिंग

सचिवालयी लेखापरीक्षक

मैसर्स पी.एस.आर.मूर्ति
178 आरपीएस फ्लेट्स, शेख सराय फेज–1, नई दिल्ली–110017

प्रमुख वित्तीय निष्पादन हाईलाइट्स

(राशि लाख ₹ में)

			2016–17	2015–16	2014–15*	2013–14*	2012–13*
क.		**राजस्व**					
	1	परिचालन से राजस्व	209474	246649	239716	217376	195614
	2	अन्य आय	14123	1481	1077	862	7039
	3	कुल राजस्व	223597	248130	240793	218238	202653
ख.		**व्यय**					
	4	कर्मचारी लाभ व्यय	25425	22857	22438	18854	19323
	5	उत्पादन, प्रशासन एवं अन्य व्यय	19513	18003	17855	15370	15188
	6	टैरिफ समायोजन (विनियामक उत्तरदायित्व)	0	0	0	15192	
	7	प्रावधान	445	9	12638	0	24
	8	बट्टे खाते डाला गया अशोध्य ऋण	0	0	7801	0	0
	9	पूर्व अवधि			13992	1076	422
	10	असाधारण मदें	16146	34830			
	11	**कुल व्यय**	**61529**	**75699**	**74724**	**50492**	**34957**
	12	**सकल मार्जिन (पीबीडीआईटी) (3–11)**	**162068**	**172431**	**166069**	**167746**	**167696**
	13	मूल्यह्रास एवं ऋण परिशोधन	52557	49663	48386	48122	47435
	14	**सकल लाभ (पीबीआईटी) (12–13)**	**109511**	**122768**	**117683**	**119624**	**120261**
	15	वित्त लागत	29106	32887	43878	53027	60510
	16	**कर पूर्व लाभ (14–15)**	**80405**	**89881**	**73805**	**66597**	**59751**
	17	आय कर	17154	24252	18376	13985	11985
	18	आस्थगित कर परिसंपत्ति	–8142	–16269	–13686	–6920	–5372
	19	**सतत परिचालन अवधि के लिए लाभ (16.17.18)**	**71393**	**81898**	**69115**	**59532**	**53138**
	20	अन्य सर्वग्राही आय	–414	–301			
	21	ओसीआई पर आय कर–आस्थगित कर परिसंपत्ति	144	104			
	22	**कर पूर्व लाभ (19+20+21)**	**71123**	**81701**	**69115**	**59532**	**53138**
ग.		**परिसंपत्तियां**					
	23	मूर्त और अमूर्त परिसंपत्ति (शुद्ध ब्लॉक)	780687	752460	795672	843490	879607
	24	पूंजीगत कार्य प्रगति पर	303529	239099	167453	111712	78519
	25	दीर्घावधि ऋण और अग्रिम	4694	4702	41181	57702	59744
	26	आस्थगित कर परिसंपत्ति (शुद्ध)	70941	62655	45794	32108	25188
	27	अन्य गैर–चालू परिसंपत्ति	93795	63999	143	162	49
	28	चालू परिसंपत्तियां	227149	232220	257434	190147	238298
	29	कुल परिसंपत्तियां	1480795	1355135	1307677	1235321	1281405
घ.		**देनदारियां**					
	30	इक्विटी शेयर पूंजी	359888	355888	352888	347309	344309
		अन्य इक्विटी					

	31	आरक्षित और अधिशेष	450193	415528	334405	282612	223080
	32	सिंचाई घटक के लिए योगदान	83458	89989	96538	103203	109760
	33	कुल अन्य इक्विटी	533651	505517	430943	385815	332840
	34	लंबी अवधि के उधार	404185	349792	327566	307082	346624
	35	अन्य लंबी अवधि देनदारियां और प्रावधान	61395	54666	55340	45640	43669
	36	लघु अवधि के उधार	38724	3677	43634	63359	128812
	37	अन्य चालू देनदारियां	82952	85595	97306	86116	85151
	38	कुल देनदारियां	1480795	1355135	1307677	1235321	1281405
	39	शुद्ध कीमत (30+31)	810081	771416	687293	629921	567389
	40	नियोजित पूंजी (39+34-24)	910737	882109	847406	825291	835494
	41	वर्ष के लिए लाभांश	22100	16200	14000	0	0
ड.		**अनुपात**					
		प्रति शेयर अर्जन(रू. 1000/–शेयर की कीमत)	198.85	230.52	197.60	172.88	157.86
		चालू अनुपात [28 / (36+37)]	1.87	2.60	1.83	1.27	1.11
		इक्विटी पर ऋण (34 / 39)	0.50	0.45	0.48	0.49	0.61
		नियोजित पूंजी पर वापसी (14 / 40) (पीबीआईटी/नियोजित पूंजी)	12.02%	13.92%	13.89%	14.49%	14.39%

* पिछले जीएएपी के अनुसार

प्रमुख वित्तीय निष्पादन चार्ट

राशि लाख में

निवल मूल्य बनाम दीर्घावधि उधार




राशि लाख में
निवल ब्रिक्रियां बनाम निवल लाभ
300000
250000
200000
150000
100000
50000
0
223597
71123
248130
81701
240793
69115
218238
59532
202653
53138
2016-17
2015-16
2014-15
2013-14
2012-13
कुल राजस्व
पीएटी


राजस्व का ब्रेकअप
पवन विद्युत
1%
परामर्शी एवं
अन्य आय
6%
कोटेश्वर एचपीपी
26%
टिहरी एचपीपी
67%

राजस्व का विश्लेषण


कर्मचारी हितलाभ व्यय
11%
उत्पादन प्रशासन एवं अन्य व्यय
9%
विशेष मदें एवं प्रावधान
8%
मूल्यह्रास एवं ऋण चुकाना
23%
वित्त लागत
13%
आयकर
4%
पीएटी
32%

तत्कालीन माननीय विद्युत, कोयला, खदान एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री (स्व.प्रभार), श्री पीयूष गोयल को
अंतरिम लाभांश सौंपते श्री डी.वी.सिंह, अ.प्र.नि., टीएचडीसीआईएल

तत्कालीन प्रमुख सचिव (ऊर्जा), उ.प्र. सरकार, श्री संजय अग्रवाल को अंतरिम लाभांश सौंपते श्री डी.वी.सिंह,
अ.प्र.नि., टीएचडीसीआईएल

वर्ष 2017–18 के लिए एमओयू दस्तावेजों की अदला–बदली करते श्री पी.के.पुजारी, सचिव (विद्युत), भारत सरकार एवं
श्री डी.वी.सिंह, अ.प्र.नि., टीएचडीसीआईएल

अध्यक्ष का अभिभाषण

देवियों और सज्जनों,

मैं आपकी कंपनी की 29वीं वार्षिक आम बैठक में आप सभी का स्वागत करता हूँ। वर्ष 2016–17 की लेखापरीक्षकों और निदेशकों की रिपोर्ट के साथ वार्षिक लेखापरीक्षित लेखे पहले से ही आपके पास हैं और मैं यह मान लेता हूं कि आपने उन्हें पढ़ लिया है।

विद्युत मानव की जरूरत होने के साथ–साथ राष्ट्र के समग्र विकास के लिए अनिवार्य है। हमारे देश को विद्युत विकास में गतिशीलता की जरूरत है। दिसंबर, 2015 में पेरिस में हुए सम्मेलन के फलस्वरूप हमारा देश कार्बन उत्सर्जन घटाने तथा विद्युत की कुल संस्थापित क्षमता का 40 प्रतिशत भाग गैर जीवाश्म ऊर्जा से प्राप्त करने के लिए वचनबद्ध है। वर्ष 2019 तक सभी को 24x7 विद्युत उपलब्ध कराने की भी वचनबद्धता है। हमें अक्षय ऊर्जा स्रोतों से विद्युत उत्पादन में वृद्धि मिल रही है जिसका वर्ष 2022 तक का लक्ष्य 175 जीडब्ल्यू है।

मुझे आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि आपकी कंपनी यह जिम्मेदारी बखूबी निभा रही है, जून, 2016 में पाटन में 50 मे.वा. का पवन ऊर्जा संयंत्र संस्थापित करने के बाद वर्ष 2016–17 में देवभूमि द्वारका में पवन ऊर्जा का 63 मे.वा. का एक और संयंत्र स्थापित किया जा चुका है, इसी के साथ आपकी कंपनी की कुल संस्थापित क्षमता 1513 मे. वा. हो गई है।

क्रमिक रूप से 250 मे.वा. के सौर ऊर्जा संयंत्र संस्थापन योजना में से आपकी कंपनी ने वर्ष 2016–17 में 50 मे.वा. संयंत्र की योजना बनाई थी, लेकिन सौर ऊर्जा संयंत्र से टैरिफ की अनिश्चितता के कारण आपकी कंपनी केरल राज्य से विद्युत विक्रय करार हस्ताक्षर करने का अनुरोध कर रही है जिससे हम संविदा अवार्ड कर सके और वर्ष 2016–17 में संयंत्र चालू किया जा सके।

आपकी कंपनी एक उत्तरदायी संस्थान होने के नाते पर्यावरण तथा सामाजिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के साथ विश्वस्तरीय ऊर्जा इकाई बनने का विजन रखती है।

गत वर्ष की समीक्षा

मुझे यह उल्लेखित करते हुए प्रसन्नता है कि वर्ष के दौरान टीएचडीसीआईएल के प्रचालनीय संयंत्र यथा, 1000 मे.वा. टिहरी एचपीपी तथा 400 मे.वा. कोटेश्वर एचईपी भली–भांति कार्य कर रहे हैं। इन संयत्रों ने 4189 मि.यू. के लक्ष्य के स्थान पर 4370 मि.यू. का उत्पादन किया। यह वृद्धि संयुक्त परिकल्पित ऊर्जा अर्थात 3952 मि.यू. से 10% से भी अधिक है। टिहरी एचपीपी और कोटेश्वर एचईपी ने क्रमशः 82% तथा 71% से अधिक प्रचालनीय दक्षता प्राप्त की

जो सामान्य आंकड़ों क्रमशः 77% तथा 68% से काफी अधिक है। वर्ष के दौरान सकल बिक्री वर्ष 2015–16 के 2466.5 करोड़ रू. की तुलना में 2094.8 करोड़ रू. रही। इस वर्ष का निवल लाभ पिछले वर्ष के 819.0 करोड़ रू.की तुलना में 713.9 करोड़ रू. रहा। इस वर्ष के लिए एमओयू रेटिंग ''बहुत अच्छी'' अपेक्षित है।

पहली बार आपकी कंपनी ने निजी बांडों के जरिए निधियां बढ़ाने के लिए वित्तीय बाजार में पदार्पण किया। इसके लिए मुंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के ई–बिडिंग प्लेटफार्म के माध्यम से दिनांक 29.09.2016 को बोलियां संचालित की गईं। आपकी कंपनी ने 7.59% की कूपन दर पर 600/– करोड़ रू एकत्रित किए। इस निर्गम को 3.5 गुना अधिक अभिदान प्राप्त हुआ।

तत्कालीन माननीय विद्युत, कोयला, खदान एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री (स्व. प्रभार), श्री पीयूष गोयल से एनटीपीसी राजभाषा शील्ड प्राप्त करते श्री डी.वी. सिंह, अ.प्र.नि., टीएचडीसीआईएल

परियोजनाएं

444 मे.वा. विष्णुगाढ़ पीपलकोटी एचईपी तथा 1000 मे.वा. टिहरी पीएसपी निर्माणाधीन परियोजनाएं प्रमुख रूप से ठेकेदार मैसर्स एचसीसी लि. की नकदी समस्या के कारण प्रभावित हुई तथापि स्थानीय समस्याओं और भूगर्भीय कारणों से भी प्रगति की दर धीमी रही। आपकी कंपनी इन समस्याओं को दूर करने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आपके बोर्ड द्वारा की गई वित्तीय व्यवस्थाओं से इन परियोजनाओं को ट्रैक पर लाया जा रहा है जिससे वीपीएचईपी नवंबर, 2020 तथा टिहरी पीएसपी दिसंबर, 2020 तक चालू हो सकें।

वर्ष 2018–19 के दौरान उ.प्र. के झांसी जिले में 24 मे.वा. वाला ढुकवां एसएचपी भी चालू की जानी संभावित है। आपकी कंपनी ने ढुकवां लघु हाइड्रो परियोजना (24 मे.वा.) हेतु 05 दिसंबर, 2016 को 4.87 रू. प्रति यूनिट की दर से उ. प्र. पॉवर कारपोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) से विद्युत खरीद संबंधी करार किया है। ''केनाल टॉप सोलर परियोजना'' के अंतर्गत चैनलों के ऊपर खुली जगह का इस्तेमाल करने की संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं।

आपकी कंपनी इस समय अपनी पहली ताप विद्युत परियोजना 1320 मे.वा. एसटीपीपी खुर्जा पर गंभीरतापूर्वक ध्यान दे रही है। वर्ष के दौरान इसमें उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पहली अच्छी खबर यह है कि इसकी कोयले की आवश्यकता हेतु दिनांक 17.01.2017 को अमेलिया कोयला खदान का आबंटन पत्र जारी हो गया। दूसरी अच्छी खबर यह है कि खुर्जा परियोजना हेतु 30.03.2017 को पर्यावरण मंजूरी भी प्राप्त हो गई है।

आपकी कंपनी अब एसटीपीपी खुर्जा परियोजना और अमेलिया कोयला खदान कार्य को तीव्र गति देने के लिए सक्रिय है।

कारपोरेट सामाजिक दायित्व एवं सततता

कंपनी द्वारा प्रायोजित गैर सरकारी संगठन (सीओएनजीओ) सेवा (सोसाइटी फार इम्पावरमेंट एंड वेलफेयर एक्टिविटीज) आपकी कंपनी के प्रचालनीय व्यापारिक क्षेत्रों में लक्षित समुदायों की सतत जीविका, समग्र विकास तथा भलाई के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। सीएसआर तथा सतत विकास को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आपकी कंपनी ने सीएसआर संचार रणनीति विकसित की है। जो " डू इट विद अस " अप्रोच के साथ स्टेकहोल्डरों के साथ दो तरफा संचार का अभिकथन करती है। सीएसआर गतिविधियों के लिए कंपनी ने पिछले तीन वर्षों के पीएटी के औसत का 2% राशि आबंटित की है।

आबंटन करार दस्तावेजों की अदला–बदली करते श्री डी.वी.सिंह, अ.प्र.नि., टीएचडीसीआईएल एवं श्री विवेक भारद्वाज, संयुक्त सचिव, कोयला मंत्रालय (भारत सरकार के द्वारा नामित प्राधिकारी)

आपकी कंपनी का यह दृढ़ विश्वास है कि व्यापारिक गतिविधियां तथा सीएसआर गतिविधियां पर्यावरण, पारिस्थितिकी तथा सामाजिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के साथ निष्पादित की जानी चाहिए।

सततता रिर्पोटिंग अब आवधिक गतिविधि है और कारपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी दिशा–निर्देश पर आधारित 7वीं सततता रिपोर्ट प्रकाशित की जा चुकी है। सततता रिपोर्टों को पारदर्शिता और सुधार हेतु प्रतिपुष्टि के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाता है।

कारपोरेट सुशासन

मुझे यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि कारपोरेट सुशासन पर डीपीई के दिशा–निर्देशों के अनुपालनार्थ आपकी कंपनी को प्रारंभ से ही 'उत्कृष्ट' रेटिंग प्राप्त हुई है। आपकी कंपनी कारपोरेट सुशासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। आपकी कंपनी सभी हितधारकों के लिए मूल्य सर्जन हेतु व्यावसायिक एवं पारदर्शी तरीकों को जारी रखेगी।

भावी दृष्टिकोण

आप मुझसे सहमत होंगे कि संसाधनों का अधिकतम उपयोग करके पर्यावरण प्रभाव को कम करके विद्युत उत्पादन की राष्ट्रीय मांग को पूरा करना और जरूरतमंदों की मदद करना समय की मांग है। समग्र विकास के लिए अर्थव्यवस्था के चौमुखी लाभ हेतु परियोजना समय तथा लागत को स्थिर रखने की आवश्यकता है। आपकी कंपनी वर्तमान में चल रही सभी परियोजनाओं का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए प्रयासरत है जिससे अन्य नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का कार्य किया जा सके।

आभार

देवियों और सज्जनों, ऊर्जा और उत्साह, ईमानदारी और समर्पण से परिपूर्ण, लगभग 1937 कर्मचारी आपकी कंपनी की सफलता का चालक बल हैं। सभी कर्मचारियों को ज्ञान, कौशल प्राप्त करने के लिए नियमित प्रशिक्षण दिलाया जाता है। मैं चाहता हूं कि आप इन सभी की प्रशंसा करें जिसके ये वास्तविक पात्र हैं।

मैं इस अवसर पर भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय, तथा भारत सरकार के अन्य मंत्रालयों, उत्तर प्रदेश सरकार, उत्तराखंड सरकार को उनकी सहायता और सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं सीईए, सीडब्ल्यूसी के प्रति भी उनके बहुमूल्य सहयोग और सहायता के लिए धन्यवाद करता हूं।

मैं इस अवसर पर अन्य सभी सरकारी और गैर सरकारी एजेंसियों का भी उनके सहयोग हेतु धन्यवाद करता हूं। मैं

29वीं वार्षिक आम बैठक का दृश्य

सभी हितधारकों का भी आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने हम पर विश्वास किया और निरंतर सहयोग किया। मैं आपकी कंपनी की प्रगति के लिए वित्तीय संस्थानों, बैंकों, ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं तथा अन्य हितधारकों के प्रति भी उनके सहयोग और योगदान के लिए आभार व्यक्त करता हूं।

मैं बोर्ड के सभी सम्मानित सहयोगियों का उनके बहुमूल्य समर्थन और मार्गदर्शन के लिए सराहना करता हूं।

मेरी बात धैर्यपूर्वक सुनने के लिए मैं आपका आभारी हूं, भविष्य में भी आपके सहयोग और उत्साहवर्धन की कामना करता हूं।

शुभकामनाओं सहित

(डी.वी. सिंह)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 03107819

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 20.09.2017

निदेशकों की प्रोफाइल

श्री धीरेन्द्र वीर सिंह ने 01.12.2016 को टीएचडीसी इंडिया लि. के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का कार्यभार ग्रहण किया । वर्तमान में आप टीएचडीसीआईएल के निदेशक(तकनीकी) का प्रभार भी संभाले हुए हैं । श्री सिंह एनआईटी, राऊरकेला से सिविल अभियांत्रिकी में स्नातक (1983) है और आपको भूमिगत कार्यों, विद्युत गृह कार्यों, स्पिलवे, संविदा, सामग्री प्रबंधन, पुनर्वास एवं भारी सिविल निर्माण में 03 दशकों से अधिक समय का व्यापक अनुभव है। टीएचडीसीआईएल में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व श्री सिंह ने लार्जन एवं टूब्रो में कार्य किया है ।

श्री सिंह ने टिहरी विद्युत गृह के निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाई तथा आप इसकी योजना एवं निर्माण के प्रभारी थे । टिहरी परियोजना की स्पिलवे प्रणाली के निर्माण एवं योजना के साथ ही इससे जुड़े विभिन्न कार्यों जैसे संविदा एवं सामग्री प्रबंधन, भवन एवं सड़क निर्माण आदि में भी आपने सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी निभाई। परियोजना के द्वारा विस्थापित व्यक्तियों को अन्य स्थानों पर बसाने एवं उनके पुनर्वास में भी आप गहरी संवेदनशीलता के साथ जुड़े रहे ।

श्री सिंह को कोटेश्वर जल विद्युत परियोजना (4 x 100 मेगावाट) को वापस पटरी पर लाने में सहायता करने का श्रेय भी जाता है जब यह परियोजना अनेक विरामों के कारण पटरी से उतर चुकी थी । आपने इसके कार्यान्वयन में अनेक नवाचारी कार्य किए और चार वर्षों के रिकार्ड समय में टीएचडीसीआईएल की इसे चालू करने में सहायता की । श्री सिंह को वर्ष 2012 में आईआईटी, रूड़की में ''इंस्टीट्यूशन्स ऑफ इंजीनियर्स'' (इंडिया) के राष्ट्रीय सम्मेलन में ''इमिनेंट इंजीनियर'' की उपाधि से विभूषित किया गया । आपको ''इंस्टीट्यूशन्स ऑफ इंजीनियर्स'' (इंडिया) द्वारा ''चार्टर्ड इंजीनियर'' की उपाधि से भी सम्मानित किया गया है ।

श्री राज पाल 30 अगस्त, 2017 से टीएचडीसी इंडिया लि. में भारत सरकार के नामित निदेशक नियुक्त किए गए हैं । श्री राज पाल विद्युत मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार है तथा आप इंडियन इकॉनोमिक सर्विस से हैं । आपने इकॉनोमिक्स में मास्टर्स एवं एम. फिल किया है । आपने इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपिंग इकॉनोमिक्स, टोकियो, जापान से डेवलपमेंट स्टडीज में डिप्लोमा भी किया है। इंडियन इकॉनोमिक सर्विस के सदस्य के रूप में श्री राज पाल को भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों जैसे वित्त मंत्रालय, योजना आयोग, उद्योग मंत्रालय, श्रम मंत्रालय आदि में लगभग 28 वर्ष का कार्यानुभव है। विद्युत मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार के वर्तमान पद का कार्यभार संभालने से पूर्व टेलीफोन रेग्युलेटरी एथारिटी ऑफ इंडिया में आपने सलाहकार, आर्थिक विनिमय के रूप में कार्य किया है ।

श्री सुरेश चन्द्र 28 सितंबर, 2016 से टीएचडीसी इंडिया लि. में उ.प्र. सरकार के नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए हैं । आपने उ.प्र.सरकार में विभिन्न महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर कार्य किया है । वर्तमान में श्री सुरेश चन्द्र उ.प्र.सरकार में प्रमुख सचिव (सिंचाई) के पद पर हैं।

श्री एस.के. बिस्वास ने 01.11.2012 को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (टीएचडीसीआईएल) के निदेशक (कार्मिक) का पदभार ग्रहण किया। आपको मानव संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में 33 वर्षों का व्यापक अनुभव है। श्री बिस्वास ने 01.11.2007 को महाप्रबंधक (कार्मिक और प्रशासन) के रूप में टीएचडीसीआईएल में कार्यभार संभाला था। इससे पूर्व आपने सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न अन्य प्रतिष्ठित उपक्रमों (पीएसयूएस) अर्थात सीमेंट कारपोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई), सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड (एसजेवीएनएल) में विभिन्न पदों पर अपनी बहुमूल्य सेवाएं प्रदान की हैं। श्री बिस्वास साइंस स्ट्रीम में स्नातक हैं एवं एक्सआईएसएस से कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संबंधों में स्नातकोत्तर तथा हिमाचल विश्वविद्यालय से एलएलबी और इंडियन सोसायटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट से प्रशिक्षण और विकास में डिप्लोमा धारक हैं।

श्री श्रीधर पात्रा ने 02.08.2013 को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में निदेशक (वित्त) का कार्यभार संभाला है। आपको सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न उपक्रमों जैसे ओडिशा माइनिंग कारपोरेशन लिमिटेड, इंडियन रेयर अर्थ लिमिटेड और मंगलौर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (ओएनजीसी लिमिटेड की एक सहायक कंपनी) में 29 वर्षों का व्यापक अनुभव है। श्री पात्रा उत्कल विश्वविद्यालय से वाणिज्य के स्नातक और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सदस्य हैं। आपने विद्यासागर विश्वविद्यालय से एम.बी.ए. (मानव संसाधन विकास) किया है। आपने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में अपने व्यावसायिक रोजगार के अतिरिक्त एक शिक्षाविद के रूप में योगदान दिया है।

श्री बची सिंह रावत की टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति की गई है। आप लखनऊ विश्वविद्यालय से विधि स्नातक और आगरा विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में परास्नातक हैं। आप उत्तराखंड के अल्मोड़ा चुनाव क्षेत्र से 04 बार लोकसभा सदस्य रहे हैं। आप विज्ञान एवं तकनीकी मंत्रालय (1999–2004) में विज्ञान एवं तकनीकी विभाग में केंद्रीय राज्यमंत्री रहे हैं। आप केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री (अक्टूबर–नवंबर 1999) भी रह चुके हैं। आप भारत सरकार की विभिन्न समितियों जैसे रक्षा समिति एवं इसकी उप समिति, सदन में बैठने वाले सदस्यों की अनुपस्थिति समिति तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सलाहकार समिति के सदस्य भी रह चुके हैं।

श्री मोहन सिंह रावत की टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति की गई है। आप मेरठ विश्वविद्यालय से विज्ञान स्नातक हैं। आपने 1978 में गांवों के पूर्ण विकास के लिए गांव बसाओ अभियान चलाया। 1996 में आप भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष एवं तत्पश्चात विभागीय सचिव एवं राष्ट्रीय परिषद के सदस्य चुने गए । आपके द्वारा सामाजिक एवं पर्यावरण के क्षेत्र में सराहनीय कार्यों के लिए आपको गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार ने 2001 में डी.लिट की उपाधि से सम्मानित किया। आपको 1996 में पौड़ी विधानसभा से विधायक चुना गया तथा ग्राम पंचायती राज, ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा मंत्री के रूप में नामित किया गया तथा जलागम प्रबंधन के केबिनेट मंत्री के रूप में भी चुना गया। आपने कई कार्यशालाएं आयोजित कर मौसम परिवर्तन, आपदा प्रबंधन एवं पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान के लिए अभियान चलाया तथा वर्ष 2014 में भारत सरकार के राष्ट्रीय गंगा बेसिन प्राधिकरण के विशेषज्ञ सदस्य के रूप में कार्य किया ।

श्री महाराज के. पंडित टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए हैं। आप दिल्ली विश्वविद्यालय में पर्यावरण अध्ययन विभाग में प्रोफेसर तथा माउंटेन एंड हिल डेवलपमेंट के अंतर कार्यक्षेत्र अध्ययन केंद्र के निदेशक हैं। आपने दिल्ली विश्ववविद्यालय से बीएससी एवं पीएचडी की शिक्षा प्राप्त की। आप दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिण परिसर में एक दशक से अनुसंधान अध्ययन करने के पश्चात वहीं प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। आप सिंगापुर के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के अध्येता हैं जहां आप विश्वविद्यालय के अध्येता कार्यक्रम के विजिटिंग वरिष्ठ सदस्य के रूप में कार्यरत रह चुके हैं और भूगोल विभाग में सहायक नियुक्ति पर हैं। आप 2014 में भारत के राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के लिए भी चुने गए हैं। आप जेपी एसोशिएट, एसजेवीएनएल, एनएचपीसी, रिलायंस पावर इत्यादि के पर्यावरण प्रभाव निर्धारण अध्ययन और पर्यावरणीय प्रबंध योजना के जैव विविधता अध्ययनों का एक हिस्सा भी रहे हैं।

निदेशकों की रिपोर्ट 2016–17

प्रिय सदस्यगण,

आपके निदेशकों को 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण, लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट, सचिवालयी लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की समीक्षा सहित कंपनी के निष्पादन पर 29वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

मुख्य कार्य निष्पादन विशेषताएं

- वर्ष 2015–16 के 4348.29 मि.यू. की तुलना में वर्ष 2016–17 में विद्युत उत्पादन बढ़कर 4370.82 मि.यू. हो गया।
- डिस्कॉम्स से राजस्व वसूली का आंकड़ा चालू वर्ष की बिक्री का 100% था।
- वर्ष 2015–16 के लिए कंपनी को ''बहुत अच्छा'' एमओयू रेटिंग प्रदान की गई।
- वर्ष 2015–16 के दौरान 10905.91 मिलियन आइएनआर की तुलना में वर्ष के दौरान पूंजीगत व्यय (केपेक्स) 14638.6 मिलियन आईएनआर था।
- वर्ष 2016–17 के दौरान दो पवन विद्युत परियोजना सफलतापूर्वक चालू की गई–पाटन, गुजरात में 29 जून, 2016 को 50 मे.वा. पवन विद्युत संयंत्र तथा देवभूमि, द्वारका, गुजरात में 31 मार्च, 2017 को 63 मे.वा. पवन विद्युत संयंत्र चालू किया गया।
- 5 दिसंबर, 2016 को उत्तर प्रदेश विद्युत निगम लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के साथ ढुकवां लघु जल विद्युत परियोजना(24मे.वा.) के लिए 4.87 प्रति यूनिट की दर से विद्युत क्रय करार।
- टीएचडीसीआईएल के लिए अमेलिया कोयला खान आबंटन आदेश 17.01.2017 को जारी किए गए।
- खुर्जा सुपर ताप विद्युत संयंत्र के लिए पर्यावरणीय मंजूरी 30.03.2017 को प्रदान की गई।
- टीएचडीसीआईएल को 11.04.2016 को स्कोप उत्कृष्टता पुरस्कार–2016 तथा 17.03.2017 को मानव संसाधन पुरस्कार प्रदान किया गया।
- केंद्रीय सिचाई एवं विद्युत बोर्ड (सीबीआईपी) द्वारा दिसंबर 2016 में आपकी कंपनी को ''उत्कृष्ट अनुरक्षित परियोजना'' पुरस्कार प्रदान किया गया।
- वर्ष 2016–17 के लिए कंपनी को एए+ क्रेडिट रेटिंग प्रदान की गई।

वित्तीय परिणाम

31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के दौरान प्रचालनों के वित्तीय परिणाम संक्षेप में नीचे दिए जा रहे हैं:–

भूमिगत टिहरी विद्युत गृह का दृश्य

(रू. मिलियन में)

विवरण	2016–17 (भा. ले. मा.आंकड़े)	2016–17 (भा. ले. मा.आंकड़े)
आय		
प्रचालनों से प्राप्त राजस्व	20948	24665
अन्य आय	1412	148
सकल आय (क)	**22360**	**24813**
व्यय		
कर्मचारियों के हितार्थ व्यय	2542	2286
वित्तीय लागत	2911	3289
मूल्यह्रास	5256	4966
उत्पादन, प्रशासन तथा अन्य व्यय	1951	1800
संदिग्ध ऋण, प्राप्य, बट्टे खाते हेतु प्रावधान	45	1
असाधारण मदें – (आय)/व्यय–निवल	1615	3483
कुल व्यय (ख)	**14320**	**15825**
कर पूर्व लाभ(पीबीटी) (ग=क–ख)	**8040**	**8988**
कर	901	798
(i) सतत प्रचालनों से अवधि के लिए लाभ	7139	8190
(ii) अन्य वृहत आय		
ओसीआई के माध्यम से बीमांकिक लाभ/(हानि)	(41)	(30)
आयकर से संबंधित अन्य मदें जो लाभ या हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं हो सकेंगी – आस्थगित कर संपत्तियां	14	10
अन्य वृहत आय (ii)	(27)	(20)
कुल वृहत आय (i+ii)	7112	8170

वित्तीय निष्पादन

सकल राजस्व एवं लाभ

सकल राजस्व, करोपरांत लाभ (पीएटी) तथा सकल राजस्व के प्रति करोपरांत लाभ के % में परिवर्तन की स्थिति नीचे सारणी में दी गई है:

(रू. मिलियन में)

विवरण	2016-17	2015-16	कमी
सकल राजस्व	22360	24813	2453
करोपरांत लाभ	7112	8170	1058
सकल राजस्व के प्रति करोपरांत लाभ का %	31.81%	32.93%	

गत पांच वर्षों के निवल लाभ का ग्राफिक प्रस्तुतीकरण नीचे दर्शाया गया है :



लाभांश

आपके निदेशकों ने वित्त वर्ष 2016–17 के लिए रू. 1000/– सममूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर रू. 39.43 प्रति इक्विटी शेयर के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया है। वर्ष के लिए रू. 1418.90 मिलियन के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया गया। कंपनी के निदेशक मंडल ने रू. 791.100 मिलियन के अंतिम लाभांश का प्रस्ताव किया है। अतः वित्त वर्ष 2016–17 के लिए रू. 1000/– प्रत्येक सममूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर रू. 61.41 प्रति इक्विटी शेयर की दर से कुल लाभांश रू. 2210 मिलियन हो गया जो प्रदत्त पूंजी का 6.141 प्रतिशत तथा जो करोपरांत लाभ (पीएटी) का 31.07% है। डीआईपीएएम द्वारा पूंजी संरचना के संबंध में जारी दिशा–निर्देश के अनुसार सीपीएसई से कर पश्चात लाभ का 30% या शुद्ध परिसंपत्ति का 5 प्रतिशत की दर से जो भी अधिक हो, लाभांश देना अपेक्षित है। टीएचडीसीआईएल ने वर्ष 2017–18 के कैश आउट फ्लो पर विचार करते हुए वित्त वर्ष 2016–17 के लिए शुद्ध परिसंपत्ति के 5 प्रतिशत की दर से लाभांश के भुगतान से छूट मांगी है। डीआईपीएएम द्वारा इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी गई।

पूंजीगत ढांचा एवं नेटवर्थ

कंपनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी 40000 मिलियन रू. है। कंपनी की प्रदत्त शेयर पूंजी 35989 मिलियन रू. है। वर्ष के दौरान कंपनी ने भारत सरकार को 400 मिलियन रू. मूल्य के इक्विटी शेयर आबंटित किए। 31.03.2017 को कंपनी की शुद्ध परिसंपत्ति रू. 81008.10 मिलियन है।

प्रचालनात्मक निष्पादन 2016–17

विद्युत उत्पादन

वर्ष के दौरान क्रमशः 50 मे.वा. एवं 63 मे.वा. की पाटन एवं द्वारका में दो यूनिटों के चालू होने के साथ आपकी कंपनी की संस्थापित क्षमता बढ़कर 1513 मे.वा. हो गई है। इन परियोजनाओं के चालू होने के साथ आपकी कंपनी की प्रचालन परियोजनाओं की कुल संख्या बढ़कर 4 हो गई है।

बोर्ड को यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि वर्ष 2016–17 के दौरान टिहरी एचपीपी ने 82.04 प्रतिशत संयंत्र उपलब्धता कारक (पीएएफ) के साथ 3146.26 मिलियन यूनिट (एमयू) का वार्षिक उत्पादन प्राप्त कर लिया है जबकि एमओयू ज्ञापन में 81.4576 प्रतिशत पीएएफ के साथ 2964.82 मि.यू. का लक्ष्य था। कोटेश्वर एचईपी ने एमओयू में 70.3324 प्रतिशत के साथ 1224.30 मि.यू. के लक्ष्य की तुलना में 70.887 प्रतिशत संयंत्र उपलब्धता कारक (पीएएफ) के साथ 1224.56 मिलियन यूनिट (एमयू) का वार्षिक लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।



•टिहरी तथा कोटेश्वर विद्युत संयंत्रों से उत्पादन

वित्त वर्ष 2016–17 के दौरान टिहरी और कोटेश्वर विद्युत संयंत्रों में ऊर्जा उत्पादन तथा संयंत्र उपलब्धता कारक (पीएएफ) के विवरण नीचे दिए जा रहे हैं:–

संयंत्र का नाम	मि.यू. में उत्पादन		पीएएफ में प्रतिशतता		
	एमओयू लक्ष्य (बहुत अच्छा)	उपलब्धि	एमओयू लक्ष्य (बहुत अच्छा)		उपलब्धि
टिहरी एचपीपी (1000 मेगावाट)	2964.82	3146.26	81.4576		82.048
कोटेश्वर एचईपी (400 मेगावाट)	1224.30	1224.56	70.3324		70.887
जोड़	**4189.12**	**4370.82**	भारित औसत	**78.279**	**78.859**

पवन विद्युत उत्पादन

वित वर्ष 2016–17 के दौरान पवन विद्युत उत्पादन निम्नवत है:–

संयंत्र का नाम	संस्थापित क्षमता	एमयू में उत्पादन
पाटन पवन विद्युत परियोजना	50 मे.वा.	59.041
द्वारका पवन विद्युत परियोजना (31 मार्च, 2017 को चालू)	63 मे.वा.	0.1387

वाणिज्यिक निष्पादन

आपकी कंपनी लाभार्थी डिस्कॉम्स को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने में विश्वास रखती है। इसे लाभार्थियों ने वार्षिक प्रतिपुष्टि पत्र में ''उत्कृष्ट'' रेटिंग प्रदान कर अपनी संतुष्टि को व्यक्त कर स्वीकार किया है। गत वर्ष की तुलना में आपकी कंपनी के कारोबार से राजस्व के मामले में वाणिज्यिक निष्पादन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ब्यौरे इस प्रकार हैं–

(मिलियन रू में)

विवरण	2016-17	2015-16
प्रचालनों से राजस्व	20948	24665
नकदी वसूली (%)	100	100

आपकी कंपनी ने बडोदरा में पवन विद्युत परियोजना के लिए गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड(जीयूवीएनएल) के साथ 15 जून, 2016 को 50 मे.वा. के लिए पाटन, गुजरात तथा 3 जनवरी, 2017 को 63 मे.वा. के लिए द्वारका गुजरात हेतु विद्युत क्रय करार किया है। पाटन परियोजना के लिए 2–2 मे.वा. की 25 मशीनें हैं जो पाटन जिले में 90 मीटर की मस्तूल ऊंचाई के साथ अमरापुर गांव में चारों और फैली हुई है। पूरे पाटन पवन संयंत्र के लिए लगभग 110 मि.यू. की वार्षिक डिजाइन ऊर्जा है। इस परियोजना का सहमत टैरिफ पूरे 25 वर्ष के जीवन काल हेतु रू.4.15 प्रति यूनिट(लेवलाइज्ड/समतल टैरिफ) निर्धारित है। पाटन परियोजना 29 जून, 2016 से पूर्णतः प्रचालनात्मक है। द्वारका संयंत्र में 120 मीटर की मस्तूल ऊंचाई के साथ 2.1–2.1 मे.वा. की 30 मशीनें हैं। पूरे संयंत्र के लिए वार्षिक डिजाइन ऊर्जा करीब 144 एमयू है। इस परियोजना की लेवलाइज्ड टैरिफ रू. 4.19/यूनिट निर्धारित है जो परियोजना के पूरे 25 वर्ष की अवधि के लिए लागू है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त ये उत्पादन केंद्र रू. 0.50 प्रति यूनिट की दर से उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (जीबीआई) प्राप्त करने के हकदार भी हैं बशर्ते कि 10 वर्ष की अधिकतम अवधि के लिए रू. 100 लाख प्रति मे.वा. की कैंपिंग हो।

आपकी कंपनी ने लखनऊ में 5 दिसंबर, 2016 को उत्तर प्रदेश विद्युत निगम लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के साथ ढुकवां लघु जल विद्युत परियोजना (3 **x** 8 मे.वा.) के लिए विद्युत क्रय करार किया है। इस परियोजना का टैरिफ (लेवलाइज्ड टैरिफ) रू. 4.87 प्रति यूनिट की दर से परियोजना पूरे 35 वर्ष की अवधि के लिए लागू है। ढुकवां एसएचपी लगभग 100 मि.यू. वार्षिक विद्युत ऊर्जा उत्पादित करेगी तथा विशेष रूप से उत्तर प्रदेश तथा सामान्य रूप से उत्तरी क्षेत्र में विद्युत की स्थिति मजबूत करेगी।

परियोजना वित्तपोषण

कंपनी ने वीपीएचईपी के लिए विश्व बैंक के साथ 648 अमेरिकी डॉलर का वित्तपोषण सुनिश्चित किया है। टिहरी पीएसपी परियोजना के लिए एसबीआई के नेतृत्व वाले सहायता संघ के साथ रू. 15000 मिलियन का ऋण तथा सोसाइटे जनरेल के साथ 83.87 मिलियन यूरो का ऋण सुनिश्चित किया है।

वर्ष के दौरान कंपनी ने वीपीएचईपी के लिए विश्व बैंक से रू. 40.93 मिलियन अमेरिकी डॉलर एवं टिहरी पीएसपी परियोजना के लिए एसबीआई के नेतृत्व वाले सहायता संघ से रू. 613.30 मिलियन की ऋण राशि का आहरण किया है।

कारपोरेट बांड निर्गमः

वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने आगामी/चालू परियोजनाओं के पूंजी खर्च को वहन करने के लिए प्राइवेट प्लेसमेंट आधार पर 7.59 प्रतिशत् की दर से रू. 6000 मिलियन के सुरक्षित प्रतिदेय गैर परिवर्तनीय बांड जारी किए। बांड्स नेशनल स्टॉक एक्सचेंज/बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध है। बांड 10 वर्ष पश्चात प्रतिदेय होंगे तथा वार्षिक आधार पर ब्याज देय होगा।

वित्तीय विवरणः

ऋणदाता का नाम	ऋण राशि	मुद्रा	वर्ष 2016–17 के दौरान आहरित राशि	31.03.2017 की स्थिति के अनुसार बकाया ऋण
विश्व बैंक से आईबीआरडी ऋण	यूएस डॉलर 648 मिलियन	यूएस डॉलर	रू. 2576.35 मिलियन*	रू.6003.89 मिलियन
एसबीआई	रू15000 मिलियन	रू.	रू.613.30 मिलियन	रू.12276.50 मिलियन
सोसाइटे जेनरैल	83.87 मिलियन यूरो	यूरो	0.00	0.00
कारपोरेट बांड्स	रू.600	रू.	लागू नहीं	रू. 600

• विनिमय दर परिवर्तनीय है।

निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति और स्थिति

- **टिहरी पीएसपी (4x250 मेगावाट)**

पंप स्टोरेज प्लांट(पीएसपी) पानी के पुनर्चक्रण सिद्धांत पर कार्य करता है। टिहरी पीएसपी में प्रत्येक 250 मेगावाट की 4 रिवर्सिबल इकाईयां होंगी। ये ऑफ पीक ऊर्जा को पीक ऊर्जा में परिवर्तित करेंगी। ऑफ पीक घंटों के दौरान पंपिंग प्रचालन के लिए 1651.66 मिलियन यूनिट ऊर्जा की जरूरत होगी। पीक घंटों के दौरान यह टरबाइन मोड पर कार्य करेगी ताकि उत्तरी क्षेत्र के लिए 1321.82 मि.यू. अतिरिक्त पीकिंग विद्युत का उत्पादन किया जा सके।

जुलाई, 2011 में ईपीसी संविदा ठेका दिए जाने के चलते कंपनी को विभिन्न बाह्य कारकों का सामना करना पड़ा जैसे कि प्रतिकूल भूगर्भीय स्थिति, असेना खदान से समग्र खनन के लिए अनुमति में देरी, निर्दिष्ट डंपिंग क्षेत्र में मलबा डालने की मनाही तथा सिविल ठेकेदार मैसर्स एचसीसी लि. के साथ नकदी संकट जिसके चलते कार्य की प्रगति धीमी हुई है। हालांकि, स्थानीय प्रशासन के साथ लगातार बातचीत और वाह्य एजेंसियों के साथ अंतरंग समन्वय के चलते कंपनी निरंतर कार्य करने में सक्षम हुई है। एक साथ सभी मोर्चों पर काम में तेजी लाने के लिए ठेकेदारों को अस्थाई ब्याज आधारित काम चलाए रखने के पूंजीगत वित्त पोषित किया गया है। विभिन्न अवसंरचनाओं के सभी प्रवेश एडिट्स तथा जल ड्रेनेज गैलरियों का निर्माण पूरा हो चुका है। इस समय अपस्ट्रीम सर्ज शाफ्ट– 3 व 4, बटर फ्लाई वाल्व चैम्बर (बीवीसी), बस बार टनल, मशीन हाल, डाउनस्ट्रीम सर्ज शाफ्ट तथा टीआरटी की खुदाई का कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर है। कंट्रोल रूम, बसबार व टीआरटी में कंक्रीटिंग भी प्रगति पर है। 267.38 करोड़ रू. तथा 61.56 मिलियन यूरो (कुल अनुमानित 663.29 करोड़ भारतीय रूपये) की राशि के उपस्कर/सामग्री परियोजना स्थल पर पहुंच गए हैं। विद्युत गृह में दोनों ईओटी क्रेनों का उत्थापन पूरा हो गया है सभी 04 जेनरेटर स्टेप अप ट्रांसफार्मर (जीएसयू) कैवर्न के अंदर स्थापित कर दिए गए हैं। जीआईएस एवं जीआईबी का कार्य प्रगति पर है। बैकफिल कंक्रीट सहित पेनस्टॉक स्टील लाइनर का उत्थापन प्रगति पर है।

परियोजना की अनुमोदित लागत, किए गए व्यय एवं कमीशनिंग की समय–सूची का ब्यौरा नीचे दिया गया है–

(राशि मिलियन रू. में)

परियोजना लागत		कार्य पूरा होने की समय–सूची	
अनुमोदित (आरसीई* अनुमोदन नवंबर, 11)	**व्यय** (जून,17 तक)	**अनुमोदित** (आरसीई अनुमोदन नवंबर, 11)	**प्रत्याशित**
29788.6 **(अप्रैल,10 मूल्य स्तर)**	22616.4 (75.92%)	फरवरी–16	दिसंबर–20

पुनरीक्षित अनुमानित लागतः जनवरी, 17 के मूल्य स्तर पर 3939.11 करोड़ (4773.0 मिलियन की आईडीसी एवं एफसी सहित) आरसीई 29.03.2017 को विद्युत मंत्रालय को प्रस्तुत कर दी गई है।

2016–17 के लिए सहमति ज्ञापन की उपलब्धिः दोनों लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं:–

1. विद्युत गृह मशीन हॉल सर्विस बे क्षेत्र – जुलाई–2016 तक ईओटी क्रेन–2 का उत्थापन उत्कृष्ट रेटिंग के अंतर्गत 29 जून, 2016 को प्राप्त कर लिया गया।

2. जनवरी–17 तक पेनस्टॉक (जलकपाट) फ्लोर लेवल ईएल 568.0 मी. यूनिट एरिया तक की बेंचिंग तक बहुत अच्छी रेटिंग के अंतर्गत 30 जून–17 को प्राप्त कर ली गई।

- **विष्णुगाड पीपलकोटी एचईपी (वीपीएचईपी) (4 x 111 मेगावाट)**

वीपीएचईपी एक रन ऑफ द रिवर परियोजना है। इसमें चमोली जिले की अलकनंदा नदी में कुल 237 मी. के ग्रोस हेड का दोहन करने के लिए 65 मीटर ऊंचे कंक्रीट बांध की परिकल्पना की गई है। इससे प्रति वर्ष 1674 मि.यू (90 प्रतिशत निर्भरता वर्ष) का उत्पादन होगा।

सिविल और एच एम पैकेजों के लिए मैसर्स एचसीसी लिमिटेड, मुंबई के साथ 54 माह में पूर्णता अवधि के साथ दिनांक 17.01.2014 को संविदा पर हस्ताक्षर किए गए। बांध स्थल पर डाइवर्जन सुरंग, डी–सिल्टिंग चैम्बर्स, एडिटस टू इनटेक सुरंगों, एचआरटी का गेट प्रचालन चेम्बर(जीओसी), एचआरटी की खुदाई (टीबीएम द्वारा), एसएफटी एवं एसएफटी–जीओसी आदि तक एडिट का कार्य प्रगति पर है। विद्युत गृह परियोजना स्थल पर विद्युत गृह ट्रांसफार्मर हॉल, प्रमुख प्रवेश सुरंग, डाउन स्ट्रीम सर्ज शाफ्ट तल के लिए एडिट, डाउन स्ट्रीम सर्ज शॉफ्ट का आगे उत्खनन प्रगति पर है। टीआरटी की खुदाई भी चल रही है। तथापि, कार्य की प्रगति में स्थानीय निवासियों द्वारा बंद करवाने/व्यवधान पैदा करने के कारण असर पड़ा है। ठेकेदार के साथ भूवैज्ञानिक विचलन, नगदी प्रवाह एवं अपर्याप्त संसाधन जुटाने की समस्या है। स्थानीय मुद्दों को स्थानीय लोगों के साथ लगातर संवाद एवं जिला प्रशासन की मदद से सुलझाने की कोशिश की जा रही है कभी–कभी जिला न्यायलय से भी हस्तक्षेप का अनुरोध किया जाता है। कार्य की प्रगति में तेजी लाने के लिए नकदी प्रवाह में सुधार करने हेतु उन्हें वहनीय ब्याज पर वित्तीय सहायता देने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

इलैक्ट्रो–मैकेनिकल कार्यों के लिए मैसर्स बीएचईएल, नोएडा के साथ 48 माह की पूर्णता अवधि के साथ दिनांक 18.11.2014 को हस्ताक्षर किए गए। विद्युत गृह स्थल का ले–आऊट अनुमोदित हो चुका है परियोजना के विभिन्न स्थलों पर मृदा प्रतिरोधकता के मापन किए जा चुके हैं। विद्युत गृह, बीएफवी तथा जीआईएस हॉल के लिए ईओटी क्रेन के क्रेन क्लीयरेंस रेखाचित्र को अंतिम रूप दिया गया है। शेष परिकल्प एवं अभियांत्रिकी कार्य प्रगति पर है। सिविल एवं एचएम तथा ईएम कार्यों के एक साथ पूर्ण होने पर परियोजना को दिसंबर, 2019 तक चालू किए जाने की संभावना है। तथापि ठेकेदारों की नगदी प्रवाह समस्याओं, स्थानीय लोगो द्वारा निरंतर बाधाएं एवं भौगोलिक भिन्नताओं के कारण हुई देरी से परियोजना का अब नवंबर, 20 में चालू होना प्रत्याशित है।

परियोजना की अनुमानित लागत, व्यय और कमीशनिंग की समय–सूची नीचे दी गई है–

(राशि मिलियन रू. में)

परियोजना लागत		कार्य पूरा होने की समय–सूची	
अनुमोदित	व्यय (जून,17 तक)	अनुमोदित	प्रत्याशित
24915.8 (मार्च, 08 मूल्य स्तर) (अगस्त,08 के निवेश अनुमोदनानुसार)	11892.9 (47.7%)	जून–2013 (अगस्त, 08 के निवेश अनुमोदनानुसार)	नवंबर–20

- **ढुकुवां लघु जल विद्युत परियोजना (24 मेगावाट)**

ढुकुवां लघु जल विद्युत परियोजना को उत्तर प्रदेश के झांसी जिले की बेतवा नदी पर मौजूद ढुकुवां मेसेनरी सह अर्थात बांध के सिरे के अंत में निर्माण करने का विचार किया गया है। 24 मेगावाट (3 X 8 मेगावाट) की संस्थापित क्षमता से युक्त परियोजना, बेतवा नदी की विद्युत क्षमता के समग्र विकास का हिस्सा है। परियोजना के पूरा हो जाने पर यह प्रति वर्ष 97.82 मि.यू. बिजली का उत्पादन करेगी।

- अप्रोच चैनल, इनटेक क्षेत्र, एचआरसी और विद्युत गृह कार्य की खुदाई लगभग पूरी हो गयी है। एचआरसी क्षेत्र में क्रास ड्रेनेज कार्य पूरा हो गया है। इसके अतिरिक्त एचआरसी इनटेक क्षेत्र, विद्युत इनटेक क्षेत्र, विद्युत गृह एवं फोरबे क्षेत्र में कंक्रीटिंग का कार्य प्रगति पर है।

- परियोजना स्थल पर हाइड्रो–मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रो–मैकेनिकल उपस्करों की आपूर्ति प्रगति पर है। डिजाइन और ड्राइंग अनुमोदन का कार्य प्रगति पर है। डीटी एल्बो–लाइनर का उत्थापन प्रगति पर है पैनस्टॉक के लिए फैरल्स के उत्थापन का कार्य भी प्रगति पर है।
- विद्युत निकासी व्यवस्था को यूपीपीटीसीएल के साथ अंतिम रूप दिया गया है। इसके लिए वन स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है।

परियोजना की लागत, इस पर किया गया व्यय और कमीशनिंग समय–सूची नीचे दी गई है–

(राशि मिलियन रू. में)

परियोजना लागत		पूर्णता अनुसूची	
अनुमोदित	व्यय (जून–17 तक)	अनुमोदित	प्रत्याशित
2946.0 (जुलाई–16 मूल्य स्तर)*	1177.6 (60.26%)	फरवरी–14	2018-19

- **मलेरी झेलम एवं झेलम तमक**

भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय ने 13 अगस्त, 2013 के अपने आदेश द्वारा उत्तराखंड में 24 जल विद्युत परियोजनाओं, जिसमें आपकी कंपनी की मलेरी झेलम एवं झेलम तमक परियोजना भी शामिल हैं, की पर्यावरण स्वीकृति पर रोक लगा दी है। 31 मार्च, 2017 तक 13.76 करोड़ रू. खर्च हो चुके हैं। इसे सीडब्ल्यूआईपी (पूंजीगत कार्य प्रगति पर) के अंतर्गत दर्शाया गया है क्योंकि मामला न्यायाधीन तथा शीर्ष न्यायालय में लंबित है।

अन्य ऊर्जा क्षेत्रों में विविधीकरण:

आपकी कंपनी जल विद्युत से ऊर्जा के अन्य स्रोतों जैसे पवन, सौर, ताप में अपनी गतिविधियों का विविधीकरण कर रही है। ऐसी परियोजनाओं की स्थापना के लिए कंपनी की गतिविधियां निम्नवत हैं–

- **पवन विद्युत परियोजना**

(क) 50 मे.वा.(25 X 2मे.वा) पाटन विंड फार्म, जिला पाटन, गुजरात

29 जून, 2016 को 25 पवन टरबाइन के वाणिज्यिक प्रचालन के साथ राष्ट्रीय ग्रिड में 50 मे.वा. की नवीकरणीय ऊर्जा में योगदान दिया है। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अपनी गतिविधियों का विविधीकरण किया है। गुजरात के पाटन जिले में पवन टरबाइन संस्थापित किए गए। वित्त वर्ष 2016–17 में परियोजनाओं ने 59.041 मि.यू. ऊर्जा उत्पादित की। परियोजना को रू. 1 करोड़ प्रति मे.वा. के केप के साथ रू. 0.50 प्रति यूनिट उत्पादन आधारित प्रोत्साहन(जीबीआई) का लाभ उठाने के लिए इरेडा के साथ पंजीकृत किया गया है। परियोजना के एमएनआरई की योजना के अंतर्गत कुल रू. 50 करोड़ की जीबीआई प्राप्त होगी।

(ख) 63 मे.वा (30 X 2.1 मे.वा.) जिला देवभूमि द्वारका , गुजरात

पाटन में 50 मे.वा. (25 X 2 मे.वा.) पवन ऊर्जा परियोजना के चालू होने के परिणामस्वरूप, टीएचडीसीआईएल ने गुजरात के जिला देवभूमि द्वारका में दिसंबर, 2016 में विकासक की अनुमति एवं गुजरात सरकार से स्थानान्तरण अनुमति प्राप्त होने के बाद 63 मे.वा. (30 X 2.1 मे.वा.) क्षमता की अपनी द्वितीय पवन ऊर्जा परियोजना को 3 महीने अर्थात 31.03. 2017 को रिकार्ड अवधि में सफलतापूर्वक चालू कर दिया। इसके परिणामस्वरूप टीएचडीसी नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से रू. 630 मिलियन की राशि का उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (जीबीआई) के अनुदान का पात्र हो गया है।

- **सौर विद्युत परियोजना:**

टीएचडीसीआईएल ने दिनांक 13.02.2015 को कुल 250 मे. वा. क्षमता की चरणबद्ध तरीके से ग्रिड कनैक्टिंग सौर विद्युत परियोजना स्थापित करने हेतु भारतीय सौर ऊर्जा निगम (एसईसीआई) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। केरल में 50 मे.वा. सौर पीवी परियोजना की स्थापना के

टिहरी जलाशय

लिए एसईसीआई, केएसईबी एवं टीएचडीसीआईएल के बीच दिनांक 31.03.2015 को त्रिपक्षीय करार पर हस्ताक्षर किए गए। जिला कासरगोड, केरल के सौर पार्क में 50 मे. वा. सौर पीवी परियोजना की स्थापना के लिए भूमि का कब्जा एसईसीआई द्वारा ले लिया गया है।

एसईसीआई द्वारा दीर्घ बोली प्रक्रिया के जरिये विपरीत बोली अप्रैल, 2017 में पूरी की गई। लाभार्थी राज्य केएसईबी केरल के साथ विद्युत आपूर्ति करार (पीएसए) पर हस्ताक्षर होने के बाद ठेका अवार्ड किया जाएगा।

केएसईबी के साथ एमओयू एवं त्रिपक्षीय करार के क्रम में एसईसीआई के माध्यम से प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के ईपीसी ठेकेदार के चयन के लिए टीएचडीसीआईएल में सर्वोत्तम औद्योगिक पद्धतियों का अनुसरण किया है।

- **ताप विद्युत परियोजना–खुर्जा सुपर थर्मल पावर स्टेशन–(1320 मे.वा.)**

उत्तर प्रदेश राज्य के बुलंदशहर जिले में कोयला आधारित 1320 मे.वा. का सुपर थर्मल पावर प्लांट(एसटीपीपी) स्थापित किया जा रहा है। इस संयंत्र से कुल वार्षिक विद्युत उत्पादन 9828 मि.यू. होगा जो संयंत्र उपलब्धता कारक (पीएएफ) के 85% के समनुरूप है। उत्तर प्रदेश सरकार ने 53 क्यूसेक पानी छोड़े जाने संबंधी प्रतिबद्धता पत्र जारी किया है। 660 मे.वा. की तीसरी यूनिट के भावी विस्तार के साथ 660–660 मे.वा. की 2 यूनिटों के कार्यान्वयन के लिए 1200 एकड़ भूमि के पूरे प्लाट का उपयोग करते हुए परियोजना का ले–आउट और डीपीआर पुनरीक्षित कर दिए गए हैं तथा पर्यावरण मंत्रालय ने स्वीकार भी कर लिया है।

भूमि अधिग्रहण सहित निवेश पूर्व गतिविधियों के लिए 5858. 2 मिलियन रूपये की राशि खर्च करने के लिए भारत सरकार ने 20.11.2015 को स्वीकृति प्रदान की है। विभिन्न गतिविधियों की स्थिति निम्नवत है–

- ग्राम सभा सहित कुल (1200.843 एकड) भूमि का मूल कब्जा ले लिया गया है। भूमि के सुरक्षित कब्जे हेतु फेंसिंग सहित खम्भों को लगाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है।
- संयंत्र की भूमि में से गुजरने वाली सडकों को निकटवर्ती गांवों की ओर डाइवर्जन कार्य प्रगति पर है।
- परियोजना स्थल कार्यालय का कार्य पूरा हो गया है तथा 1 अक्टूबर, 2016 से इसमें कार्य चल रहा है। सौर विद्युत के अतिरिक्त यूपीपीसीएल से विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था कर दी गई है।
- कार्यस्थल के नजदीक मैसर्स यूपीआरएनएन द्वारा ट्रांजिट कैंप/अतिथि गृह का निर्माण प्रगति पर है।
- अमेलिया कोयला ब्लॉकः

कोयला मंत्रालय द्वारा 29.08.2016 को अमेलिया कोयला खान टीएचडीसीआईएल को आबंटित कर दी गई है। आबंटन आदेश 17.01.2017 को जारी किया जा चुका है।

श्री डी.वी.सिंह, अ.प्र.नि., श्री एस.के.बिस्वास, निदेशक (कार्मिक), श्री श्रीधर पात्रा, निदेशक (वित्त) एवं श्री मोहन सिंह रावत, स्वतंत्र निदेशक, टीएचडीसीआईएल के द्वारा टीएचडीसीआईएल की '' सर्वश्रेष्ठ सीएसआर संव्यवहारों पर सार–संग्रह'' का विमोचन करते हुए

- परियोजना को पर्यावरणीय स्वीकृति 30.03.2017 को प्रदान की गई है। संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी बुलंदशहर) से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त कर लिया गया है।
- मसौदा पीआईबी प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है एवं 31.08.2017 को विद्युत मंत्रालय को प्रस्तुत कर दिया गया है।
- टीएचडीसीआईएल के शिविर कार्यालय ने वैधान, जिला सिंगरौली, मध्यप्रदेश में कार्य करना प्रारंभ कर दिया है।
- अमेलिया कोयला खान के लिए कुल 1978.55 हेक्टेयर भूमि की स्वीकृतियां विभिन्न चरणों में हैं।

2016–17 के लिए एमओयू लक्ष्यों की उपलब्धिः नीचे दिए गए विवरणों के अनुसार दोनों लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया गया है।

- 1. विद्युत संयंत्र के लिए 1200 एकड़ भूमि हेतु अनुग्रह राशि का 100% भुगतान नवंबर, 2016 तक उत्कृष्ट रेटिंग के अंतर्गत 30 जून, 2016 को प्राप्त कर लिया गया है।
- 2. 15 फरवरी, 2017 को कोयला लिंकेज की उपलब्धता उत्कृष्ट रेटिंग के अंतर्गत प्राप्त कर ली गई है।

सर्वेक्षण एवं अन्वेषण के अंतर्गत परियोजनाएं

भूटान में परियोजनाओं का विकास

- **संकोश एचईपी (8 x 312.5 मेगावाट)**

प्रस्तावित परियोजना में 215 मीटर ऊंचे रोलर संपीडित कंक्रीट बांध तथा 2500 मे.वा. (8 x 312.5 मेगावाट) की संस्थापित क्षमता के साथ 5,949.05 मि.यू. ऊर्जा उत्पादन सहित मुख्य बांध के ठीक नीचे दो विद्युत गृह (बांए एवं दाएं छोर पर) मुख्य बांध के डाउनस्ट्रीम में 416.34 मि.यू. की ऊर्जा उत्पादन के साथ एक विनियामक बांध (3 x 28.33 मेगावाट) के निर्माण की परिकल्पना की गई है। संकोश एचईपी, भुटान का कुल ऊर्जा उत्पादन 6365.39 मि.यू. है तथा अप्रैल, 2016 के मूल्य स्तर पर परियोजना की लागत 123820.32 मिलियन रू. है।

संकोश एचईपी के लिए डीपीआर की जांच कर ली गई हैं तथा सीईए/सीडब्ल्यूसी द्वारा मंजूरी प्रदान कर दी गई है। सीईए द्वारा संकोश एचईपी की डीपीआर का मूल्यांकन पत्र 06.06.2017 को जारी किया गया।

- **बुनाखा एचईपी (3 x 60 मेगावाट)**

प्रस्तावित परियोजना में 707.44 मि.यू. ऊर्जा के वार्षिक उत्पादन सहित ऊर्ध्वाधर फ्रांसिस टरबाइन (3 x 60 मेगावाट) की संस्थापना सहित भंडारण बांध और तलीय विद्युत गृह निर्माण की परिकल्पना की गई है। परियोजना की निर्माण अवधि 69 माह है। फरवरी, 14 के दौरान, भूटान

स्वतंत्रता दिवस समारोह

की शाही सरकार की केबिनेट ने बुनाखा एचईपी के कार्यान्वयन के लिए अपना अनुमोदन प्रदान किया। भारत सरकार और भूटान की शाही सरकार के बीच कार्यान्वयन के लिए अंतर्सरकारी करार (आईजी) पर अप्रैल, 2014 में हस्ताक्षर किए गए हैं।

परियोजना का निर्माण एकमात्र परियोजना के रूप में करना आर्थिक रूप से व्यवहार्य नहीं माना गया है। सीईए/सीडब्ल्यूसी ने बांध की लागत डाउनस्ट्रीम परियोजनाओं की अंशधामिता के लिए बनाए गए फार्मूला के आधार पर फंडिंग पैटर्न निर्धारित किया है। सभी हितधारकों ने बुनाखा के लिए सहमत अंतिम लागत अंशभागिता तंत्र पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। लागत अनुमान जो मूलतः 2013 मूल्य स्तर पर तैयार किए गए थे, उन्हे अप्रैल, 2015 के मूल्य स्तर पर रू. 16228.5 मिलियन में पुनरीक्षित कर दिया गया है और सीईए के द्वारा अनुमोदित कर दिया है। भूटान की बुनाखा एचईपी के कार्यान्वयन के लिए भूटानी पीएसयू के साथ संयुक्त उद्यम का निर्माण विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार एवं आरजीओबी के पास विचाराधीन है।

पुनर्वास एवं पुनर्स्थापनः

टीएचडीसीआईएल ने संबंधित हितधारियों के साथ परामर्श से भारत सरकार की राष्ट्रीय पुनर्वास पुनर्स्थापन नीति(एनपीआरआर)–2007 के प्रावधानों में सुधार करके वीपीएचईपी सहित भावी परियोजनाओं के लिए पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना नीति बनाई है। इस नीति में परियोजना निर्माण के कारण परियोजना प्रभावित परिवारों (पीएएफ) की भूमि, मकानों की हानि, जीविका एवं रोजगार आदि संसाधनों एवं जीविका–तरीकों की समस्या का समाधान किया गया है। इस नीति का उद्देश्य असुरक्षित व्यक्तियों की चिंताओं का समाधान करना है। इसमें परियोजना प्रभावित परिवारों (पीएएफ) को आर्थिक रूप से मजबूत करने तथा मुख्यतः सतत जीविका उपार्जन के निम्नलिखित तरीकों पर जोर दिया गया।

- परियोजना प्रभावित परिवारों (पीएएफ) के क्षमता–निर्माण के प्रयास किए जा रहे हैं जिसका उद्देश्य विभिन्न आय अर्जन/बहाली, जीविका साधन संवर्धन एवं कौशल विकास प्रशिक्षण परियोजना कार्यक्रम एवं योजनाओं के जरिए उनका कौशल विकास करना है।
- लड़कियों एवं गरीब बच्चों के बीच शिक्षा के प्रोत्साहन के अतिरिक्त प्रयासों के साथ–साथ परियोजना क्षेत्र में और उसके आस–पास शिक्षा के प्रोत्साहन एवं संवर्धन हेतु इस परियोजना में छात्रवृत्ति योजनाएं बनाई हैं।
- परियोजना के निर्माण/प्रचालन के कारण लोगों एवं निजी संपत्ति की क्षति रोकने के लिए टीएचडीसीआईएल ने अत्यधिक सावधानी बरती है।

अभियांत्रिकी परामर्श

जल विद्युत अभियांत्रिकी एवं अन्य सिविल कार्यों के क्षेत्र में परामर्शी और सलाहकारी सेवा प्रदान करने के लिए आपकी कंपनी ने नवीनतम डिजाइन साफ्टवेयर एवं अनुभवी डिजाइन विशेषज्ञों से युक्त अभियांत्रिकी परामर्शी विभाग की स्थापना की है। पूर्ववर्ती वर्ष के दौरान निम्नलिखित कार्य शुरू किए गए थे:

- श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवी डीएसबी) जम्मु कश्मीर द्वारा सौंपे गए, कटरा तथा श्री माता वैष्णो देवी जी के मंदिर के बीच के असुरक्षित क्षेत्रों के ढलान स्थिरीकरण कार्यों के लिए डिजाइन तथा अभियांत्रिकी परामर्श कार्य।
- नैनीताल, उत्तराखंड में महामहिम राज्यपाल के निवास ''राज भवन'' में ढलान स्थिरीकरण के लिए परामर्श।
- मसूरी, उत्तराखंड में भूमिगत पार्किंग परिसर के विकास के लिए परामर्श।
- लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत उत्तराखंड राज्य की विभिन्न सड़कों के 20 पुराने भू–स्खंलन क्षेत्रों की रक्षा के लिए परामर्श ।
- श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की पवित्र गुफा के नजदीक ढलान स्थिरीकरण कार्य के लिए बोर्ड को परामर्शी सेवाएंः गुफा के नजदीक स्लाइड संभावित क्षेत्र के स्थिरीकरण के लिए श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड को परामर्शी सेवाएं प्रदान के लिए सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर के लिए कार्य–रीति।
- मैसर्स वापकोस द्वारा उत्तराखंड सरकार को प्रस्तुत की जाने वाली 5 स्थानों की ढलान स्थिरीकरण डीपीआर की वेटिंग। उत्तराखंड में 5 स्थानों के ढलान स्थिरीकरण कार्यों के लिए डीपीआर एवं निविदा दस्तावेजों की वेटिंग के लिए टीएचडीसीआईएल एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन यूनिट (पीआईयू), टीए एवं सीबीडीआरएम, उत्तराखण्ड के बीच संविदा पर हस्ताक्षर किए गए।

श्री डी.वी.सिंह, अ.प्र.नि., टीएचडीसीआईएल सीडब्ल्यूसी के अधिकारियों के साथ एमओयू दस्तावेजों की अदला–बदली करते हुए

अनुसंधान और विकास

आपकी कंपनी ने ऋषिकेश में एक पूर्ण विकसित इन हाउस अनुसंधान और विकास केंद्र की स्थापना की है। वर्ष 2016–17 के दौरान अनुसंधान और विकास विभाग द्वारा कार्यान्वित की गई परियोजनाएं इस प्रकार हैं:

- हाइड्रो पावर स्ट्रक्चर के लिए सेल्फ कंपैक्टिंग कंक्रीट का विकास।
- टिहरी जलाशय के आवाह क्षेत्र से सेडीमेंट यील्ड का आंकलन।
- ग्रिड विक्षोभ के अंतर्गत जल विद्युत संयंत्रों की परिवर्तनशील गति के गतिशील निष्पादन का विश्लेषण।
- टिहरी क्षेत्र के चारों और भूकंप निगरानी केंद्र स्थापित किए गए।
- टिहरी एवं केएचईपी के ईएम उपकरण की स्थिति की निगरानी।
- टिहरी क्षेत्र के आस–पास माइक्रों भूकंपी नेटवर्क का विस्तार एवं अद्यतीकरण।
- टिहरी एवं कोटेश्वर के लिए रोटरी मशीनों एवं सहायक उपकरणों के कंपन डाटा का विश्लेषण।
- अनुसंधान एवं विकास केन्द्र के लिए विद्युत प्रणाली डिजाइन एवं अन्य साफ्टवेयर/हार्डवेयर/उपस्कर हेतु अतिरिक्त सुविधाओं/साफ्टवेयर की खरीद। इन हाउस आर एंड डी परियोजनाओं को संचालित करने हेतु विशेषज्ञों के परामर्शी शुल्क सहित प्रशिक्षण/

श्री श्रीधर पात्रा, निदेशक(वित्त), 23वीं अंतर केंद्रीय विद्युत क्षेत्र उपक्रमों (आईसीपीएसयू) चैस टूर्नामेंट की विजेता टीएचडीसीआईएल टीम का उत्साहवर्धन करते हुए

सेमिनार / कार्यशालाओं / सम्मेलनों / पुस्तकों / जर्नल / मानदेय / व्यावसायिक एवं तकनीकी संस्थानों की सदस्यता अन्य विविध व्यय।

- टिहरी कोटेश्वर सड़क का ढ़ालन स्थिरीकरण एवं पुनः संरेखण।
- टिहरी जलाशय के आवाह–क्षेत्र के लिए उपग्रह आधारित वास्तविक समय अन्तरप्रवाह पुर्वानुमान प्रणाली की स्थापना।
- टिहरी कोटेश्वर बांध के अनुप्रवाह में त्वरित चेतावनी प्रणाली (ईडब्ल्यूएस)

वित्त वर्ष 2016–17 के लिए अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं हेतु बजट आबंटन रू. 56.33 मिलियन प्रस्तावित था जो वर्ष 2015–16 के लिए कर पश्चात लाभ का 0.70% दर्शाता है। लोक उद्यम विभाग के दिशा–निर्देशों के अनुसार अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के लिए वार्षिक बजट आबंटन गत वर्ष के लिए कर पश्चात लाभ का न्यूनतम 0.5% होगा। वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए अनुसंधान एवं विकास पर वास्तविक खर्च 43.4 मिलियन रूपए हुए जो वर्ष 2015–16 के कर पश्चात लाभ का 0.54% है।

गुणवत्ता आश्वासन

चालू वित वर्ष 2016–17 में निम्नलिखित प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन अर्जित किए गए:

- कारपोरेट कार्यालय ऋषिकेश, टिहरी एचपीपी, पीएसपी, वीपीएचईपी पीपलकोटी एवं केएचईपी कोटेश्वर ने आईएसओ 9001:2008 (गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली) तथा आईएसओ 14001:2004 (पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली), ओएचएसएस 18001:2007(व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली) प्रमाणन अर्जित किए। कोटेश्वर के लिए उन्नत (अपग्रेडेड) आईएसओ 9001:2015 एवं आईएसओ 14001:2015 प्राप्त कर लिया गया है। ढुकवां एसएचपी के लिए आईएसओ 9001:2015 प्राप्त कर लिया गया है।
- कारपोरेट आईटी विभाग, ऋषिकेश ने एसटीक्यूसी (मानकीकरण, परीक्षण एवं गुणवत्ता प्रमाणन) नई दिल्ली के जरिए 3 वर्षों के लिए अक्तूबर, 2015 में आईएसएमएस (सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली) आईएसओ 27001:2013 का प्रमाणन प्राप्त कर लिया।

पर्यावरण प्रबंधन

आपकी कंपनी दक्षतापूर्ण एवं सुरक्षित प्रौद्योगिक पद्धतियों का प्रयोग करके प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, प्रकृति पर प्रभाव को कम करने तथा सेवा मूल्यों में वृद्धि करने के लिए प्रतिबद्ध है। परियोजना के सर्वेक्षण एवं अन्वेषण चरण में भारत सरकार की ईआईए अधिसूचना 2006 के अनुसार पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए) आयोजित किए जाते

हैं। तद्नुसार, पर्यावरण प्रबंधन योजना (ईएमपी) का विवरण तैयार किया जाता है।

विष्णुगाड पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना के विकास में शामिल निगरानी और पर्यावरण मूल्यांकन और सामाजिक मुद्दों के लिए गठित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विशेषज्ञों का पांच सदस्यीय पैनल गठित किया गया है। ईएंडएस पैनल का तीसरा दौरा अप्रैल, 2017 में हुआ। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय एवं सीसी, भारत सरकार के निरीक्षण पैनल ने भी वीपीएचईपी परियोजना स्थल का दौरा किया तथा वे कंपनी द्वारा अपनाए गए पर्यावरण संरक्षण उपायों से संतुष्ट है।

मैसर्स वापकोस लि., गुड़गांव और भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून को वीपीएचईपी की पर्यावरण प्रबंधन योजना और जलागम क्षेत्र उपचार योजना के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए तृतीय पक्ष के रूप में लगाया गया है। डायरेक्ट्रेट ऑफ कोल्ड वॉटर फिशरिस रिसर्च(डीसीएफआर), भीमताल को वीपीएचईपी में मत्स्य प्रबंधन के विकास एवं कार्यान्वयन हेतु लगाया गया है।

आपकी कंपनी ने मार्च, 2017 में 1320 मे.वा. खुर्जा सुपर ताप विद्युत परियोजना के लिए भी पर्यावरण मंजूरी प्राप्त की है। खुर्जा एसटीपीपी में पर्यावरण प्रबंधन एवं सुरक्षा हेतु रू. 1783/– करोड़ का बजट प्रस्तावित किया गया है। परियोजना प्रबंधन योजना की प्रस्तावित मुख्य गतिविधियों में चिमनी गैस से कणिका तत्वों को हटाने के लिए विविक्त उच्च दक्षतापूर्ण इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रेसिपिटेटर (ईएसपी) का संस्थापन, चिमनी गैस से एनओएक्स को हटाने के लिए निम्न एनओएक्स बर्नर एवं सिलेक्टिव कैटालाइटिक रिडक्शन (एससीआर) यूनिट का संस्थापन, चिमनी गैस से एसओएक्स को हटाने के लिए चिमनी गैस डिसलेफ्युराइजेशन (एफजीडी) यूनिट का संस्थापन, संयंत्र जीरो इफ्लयूमेंट डिस्चार्ज अर्थात अपशिष्ट जल परियोजना सीमाओं से बाहर नहीं जाएगा, उड़ने वाला राख का 100% अनुप्रयोग, परियोजना भूमि के 400 एकड़ में से अधिक में हरित पट्टी का निर्माण शामिल है।

लोगों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष 05 जून, 2015 को कारपोरेट कार्यालय के साथ–साथ सभी परियोजनाओं में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया जाता है जिसमें जाने माने वैज्ञानिक, पर्यावरणविद् और स्कूल के बच्चों ने भाग लिया।

आपकी कंपनी ने कारपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश, टिहरी एचपीपी, चरण–1, कोटेश्वर एचईपी, टिहरी पीएसपी और वीपीएचईपी के लिए सफलतापूर्वक आईएसओ 14001:2004 (पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली) प्रमाणन प्राप्त कर लिया है।

जोखिम प्रबंधन नीति का कार्यान्वयन

जल विद्युत विकास करने वाली कंपनी के नाते आपकी कंपनी, परियोजनाओं के कार्यान्वयन के मामले में कुछ महत्वपूर्ण सेक्टर विशिष्ट और भौगोलिक स्थान विशिष्ट जोखिमों के अध्यधीन है। कंपनी ने जोखिम प्रबंधन मैनुअल को अपनाया है जो बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित है। इस मैनुअल में दिन–प्रतिदिन के निर्माण एवं प्रचालन सहित जोखिम की पहचान करने, जोखिम को नजरंदाज करने और व्यापारिक गतिविधियों से जुड़े विभिन्न जोखिमों, का शमन करने के लिए विस्तृत तंत्र उपलब्ध करवाया है।

आपकी कंपनी ने प्रत्येक निर्माणाधीन परियोजना के लिए जोखिम प्रबंधन समिति गठित की है जो परियोजना स्थल के अधिकारी जोखिम अधिकारी होते हैं तथा परियोजना वित्त एवं कारपोरेट डिजाइन (सिविल एवं एचएम) के अधिकारी चल रही प्रत्येक निर्माण परियोजना के सदस्य होते हैं। जोखिम प्रबंधन के कार्यान्वयन की विस्तृत सूचना कारपोरेट सुशासन रिपोर्ट (अनुलग्नक–।) में अलग से दी गई है। जोखिम के मुख्य तत्व प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण रिपोर्ट अनुलग्नक–।।। में दिए गए हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार

हम अपनी परियोजनाओं एवं विद्युत केंद्रो के निष्पादन एवं प्रबंधन के लिए सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हैं। हम समग्र उत्पादकता तथा कुशलता को सुधारने के लिए अपने सुधार हेतु सूचना एवं प्रौद्योगिकी को एक रणनीतिक उपकरण समझते हैं। हमने उत्पादित की जाने वाली परिसंपत्तियों के इष्टतम प्रयोग, निर्माण परियोजना के विकास में गति देने के लिए विभिन्न साफ्टवेयर सोल्यूशंस को सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया है ताकि इससे संगठन की गुणवत्ता, उत्पादकता एवं लाभप्रदता में सुधार आए।

टीएचडीसी के पास नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार अवसंरचना हैं। टीएचडीसी के स्वामित्व की आईटी

उत्साहवर्धन कार्यक्रम के प्रतिभागियों के साथ श्री एस.के.बिस्वास, निदेशक(कार्मिक) का ग्रुप फोटोग्राफ

परिसंपत्तियों का इष्टतम एवं सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए सूचना प्रोद्योगिकी (आईटी) प्रणाली के प्रबंधन हेतु सुरक्षा नीति भी बनाई गई है। वित्त, मानव संसाधन, खरीद एवं संविदा, माल, परियोजना प्रबंधन, विद्युत संयंत्र प्रचालन एवं ऊर्जा बिक्री अनुरक्षण एवं लेखांकन, गुणवत्ता आश्वासन आदि सभी मुख्य व्यवसायों के कार्य हेतु कंप्यूटराइज्ड प्रणाली है। ये सभी कंप्यूटराइज्ड प्रणालियां वेब आधारित है तथा इनके द्वारा सभी स्थानों जैसे कारपोरेट कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों, परियोजनाओं, विद्युत केंद्रो से इंटरनेट के माध्यम से एसेस किया जा रहा है। सभी स्थानों पर सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों की निर्बाध एसेस के लिए ड्यूल इंटरनेट लीज लाइने मौजूद हैं। इसके साथ ही भुगतानों में पारदर्शिता के लिए विक्रताओं/ठेकेदारों के द्वारा प्रस्तुत किए गए बिलों की स्थिति का पता लगाने के लिए हमने वेब आधारित बिल ट्रेकिंग प्रणाली भी कार्यान्वित की है। टीएचडीसी ड्राईंग एवं दस्तावेजों को प्रस्तुत करने तथा पुनः प्राप्त करने के लिए दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली का कार्यान्वयन भी करने जा रही है।

टीएचडीसी ने कारपोरेट कार्यालय ऋषिकेश में दिसंबर, 2015 से साइबर सुरक्षा नीति कार्यान्वित कर दी है। कंपनी ने सफलतापूर्वक कागज की खपत कम कर दी है तथा डाटा का मानकीकरण प्राप्त कर लिया है एवं सुव्यवस्थित तरीके से सूचना प्रौद्योगिकी सुविधाओं के साथ बड़ी सीमा तक सूचना की परिशुद्धता प्राप्त कर ली है। साइबर सुरक्षा कायम रखने के लिए सभी सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों और आईटी अवसंरचनाओं की लेखा परीक्षा सूचीबद्ध सुरक्षा लेखा परीक्षकों सीईआरटी–इं. द्वारा नियमित रूप से की जाती है तथा साइबर सुरक्षा के बारे में कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने के लिए नियमित रूप से साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशालायें आयोजित की जाती है। भारत सरकार के दिशा–निदेशों के अनुसार ई–प्रापण (इलेक्ट्रानिक टेंडर) प्रणाली को भी सफलतापूर्वक कार्यान्वित कर दिया है।

पुरस्कार एवं प्रशस्ति

आपकी कंपनी के उत्कृष्ट कार्य निष्पादन को भारत सरकार एवं अन्य प्रतिष्ठित संगठनों तथा संस्थानों ने समय–समय पर विभिन्न श्रेणियों में विभिन्न पुरस्कारों के रूप में मान्यता एवं सराहना की है।

आपकी कंपनी को विद्युत मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन के अनुसार वर्ष 2015–16 के लिए इसके कार्य निष्पादन को ''बहुत अच्छी'' रेटिंग दी है।

टीएचडीसी का प्रयास चहुंमुखी वृद्धि का है जो कि पुरस्कार एवं उपलब्धियों की सूची से प्रतिबिम्बित होते हैं:

- टीएचडीसीआईएल को राजभाषा प्रोत्साहन हेतु 18.01.2017 को एनटीपीसी राजभाषा शील्ड प्रदान की गई है।
- टीएचडीसीआईएल ने मानव संसाधन प्रबंधन के लिए 17.03.2017 को मानव संसाधन वृद्धि पुरस्कार भी प्राप्त किया है।

- टीएचडीसीआईएल को सीबीआईपी द्वारा 29.12.2016 को टिहरी एचपीपी के लिए सर्वोत्तम अनुरक्षित परियोजना का सम्मान भी प्राप्त हुआ है।
- टीएचडीसीआईएल को सार्वजनिक क्षेत्र प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की मान्यता के रूप में 11.04.2016 को स्कोप एक्सीलेंस–2016 के अंतर्गत ''गोल्ड ट्राफी'' प्रदान की गई है।

मानव संसाधन विकास

प्रमुख रणनीतिक निर्णयों के सुचारू कार्यान्वयन में मानव संसाधन महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। आपकी कंपनी का दृढ़ विश्वास है कि व्यक्ति प्रमुख संसाधन हैं और यह प्रयास करती है कि इसके कर्मचारी अपने कैरियर की आकांक्षाओं के साथ–साथ कंपनी की व्यापार संबंधी आवश्यकताओं की भी पूर्ति करें। आपकी कंपनी में संगठनात्मक विकास की दृष्टि, सफल प्रणाली निर्माण पर केंद्रित है जिससे बृहद व्यावसायिक नीति के भाग के रूप में इष्टतम अन्य संसाधनों के साथ मानव संसाधन से अधिकतम उत्पादकता प्राप्त हो सके। 31.03.2017 को आपकी कंपनी की मानव पूंजी 1936 है जिसमें 830 कार्यपालक, 83 पर्यवेक्षक तथा 1024 कामगार हैं। आपकी कंपनी को अपने उच्च प्रेरित एवं सक्षम मानव संसाधन पर गर्व है जिन्होने कंपनी को इसकी वर्तमान ऊंचाई पर पहुंचाने में सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया है।

प्रशिक्षण एवं विकास

आपकी कंपनी का प्रयास है कि व्यवसाय के साथ–साथ एचआरडी रणनीतिक हस्तक्षेपों के माध्यम से अपने कर्मचारियों की क्षमता को उजागर करे। आपकी कंपनी ने तकनीकी, प्रबंधकीय एंव व्यावहारिक क्षेत्र के 60 आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इसके अतिरिक्त 5046 मानव दिवसों के लिए वाह्य नामांकन किए गए जो 4000 मानव दिवसों के लक्ष्य की तुलना में 26% अधिक है। वर्ष के दौरान आयोजित कुछ महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम इस प्रकार हैं–इमोशनल इंटेलिजेंस फॉर सीनियर लीडर्स, बांध सुरक्षा पहलू, कंप्यूटर दक्षता, एचआर व्यवसायियों के लिए एचआर तथा लिंग संवेदनशीलता आदि। आपकी कंपनी ने विघटनकारी–हाइपर कनेक्टेड वर्ल्ड में नेतृत्व विकास और सतत प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए प्रभावी बोर्ड हेतु बोर्ड के सदस्यों की विशिष्ट प्रशिक्षण आवश्यकताओं का भी समाधान किया है।

आपकी कंपनी ने मैसर्स क्रिसिल से 'स्किल गेप एनालाइसिस तथा इनिशियल डाइग्नोस्टिक स्टडी हेतु' परामर्शी सेवाएं लेने हेतु अनुबंधित किया। कर्मचारियों को तकनीकी के साथ–साथ प्रबंधन कार्यक्रमों हेतु भारत एवं विदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रशिक्षण हेतु प्रायोजित किया गया।

टीएचडीसीआईएल के विविध स्थानों पर कर्मचारियों के उत्साहवर्धन, सकारात्मकता और कार्य संस्कृति में सुधार हेतु प्रतिष्ठित एवं राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रेरक वक्ताओं के माध्यम से अनेक प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

आपकी कंपनी अपने कर्मचारियों के कौशल विकास के साथ–साथ सीएसआर के अन्तर्गत कंपनी के प्रचालनीय क्षेत्र के आस–पास के क्षेत्रों के युवाओं के लिए विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण पहल पर भी निवेश कर रही है। नए भर्ती किए गए प्रशिक्षुओं के लिए एक ठोस प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ–साथ मानीटरिंग योजना भी बनाई गई है।

कर्मचारी संबंध

आपकी कंपनी के अनवरत तारांकित निष्पादन के पीछे सौहार्द्रपूर्ण कर्मचारी संबंधों का शक्तिशाली बल है। आपकी कंपनी में कर्मचारी संबंध आपसी विश्वास और सम्मान पर आधारित है। कर्मचारी और प्रबंधन दोनों ही कंपनी के हित के साथ–साथ इसके हितधारकों के हितों को आगे बढ़ाने में एक दूसरे के प्रयासों में सहयोग देते हैं जिससे कंपनी में सद्भाव और सौहार्दपूर्ण कर्मचारी संबंध समग्र एवं विशिष्ट रूप में प्रदर्शित होते हैं।

वर्ष के दौरान टीएचडीसीआईएल की सभी परियोजनाओं/केंद्रों/इकाईयों में कर्मचारी संबंध सौहार्द्रपूर्ण और समरस बने रहे। प्रबंधकों और कामगारों तथा कार्यपालकों के शीर्ष संघ के बीच लगातार विचार–विमर्श होता रहा। वर्ष के दौरान संगठित बैठकें आयोजित की गई जिनमें कार्य निष्पादन और उत्पादकता संबंधी मामलों पर गहन विचार–विमर्श किया गया। कामगारों के प्रतिनिधियों को संयुक्त प्रबंधन परिषद में भाग लेने की अनुमति प्रदान की गई जिसमें प्रबंधन और कामगारों के समान संख्या में प्रतिनिधियों ने सकारात्मक विचार–विमर्श में भाग लिया। टीएचडीसी की क्वालिटी सर्कल टीम ने 'पार एक्सीलेंस अवार्ड' तथा 3 टीमों को एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त हुआ। इससे निरंतर सुधार तथा

सामग्री उन्मुख अप्रोच के प्रति उत्साहवर्धक प्रतिबद्धता प्रमाणित होती है। आपकी कंपनी ने इस वर्ष के दौरान ग्रीष्मकालीन, शीतकालीन खेल तथा अंतर सार्वजनिक उपक्रम खेल आदि अनेक कल्याणकारी गतिविधियां आयोजित की। संबंधित क्लबों द्वारा कर्मचारियों की तनाव मुक्ति तथा आपसी संबंधों को बेहतर बनाने हेतु अन्य अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। योग दिवस आयोजन, स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर कार्यशालाओं का आयोजन, विभिन्न इकाईयों में स्वास्थ्य जांच तथा रक्तदान शिविरों आदि का आयोजन वर्ष भर के अतिरिक्त कार्यकलाप हैं।

अ.जा./अ.ज.जा तथा विकलांग व्यक्तियों संबंधी पहल

आपकी कंपनी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और शारीरिक रुप से विकलांग उम्मीदवारों के लिए सीधी भर्ती, पदोन्नति आदि में आरक्षण नीति के कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा समय समय पर जारी दिशानिर्देशों का अनुपालन करने का प्रयास करती है। आपकी कंपनी ने अ. जा./अ.ज.जा. कार्मिकों के कल्याण के लिए सरकारी दिशानिर्देशों को कायान्वित किया है तथा उनकी शिकायतों का पुर्णरूपेण समाधान किया है। आंतरिक पदोन्नति और भर्ती की प्रक्रिया के माध्यम से बकाया रिक्तियों को भरने तथा विशेष समक्ष व्यक्तियों के लिए विशेष भर्ती अभियान के अंतर्गत लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष के दौरान 01 इंजीनियर प्रशिक्षु आईटी एवं 01 हिंदी अनुवादक को भर्ती किया गया है।

विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र समझौते के कार्यान्वयन के अनुपालन में निगम ने अपने अधिकांश भवनों पर रैंप बनवाकर सुगम पहुंच प्रदान की है। आपकी कंपनी ने विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए शारिरिक रूप से विकलांग कर्मचारियों को नामित किया है।

राजभाषा कार्यान्वयन

आपकी कंपनी ने दिन प्रतिदिन के कार्यों में हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए अनवरत प्रयास किए हैं। आपकी कंपनी का मत है कि हिंदी भाषा में सहयोग एवं राष्ट्रीय उत्साह सृजन करने की शक्ति है। आपकी कंपनी ने भारत सरकार की राजभाषा नीति के प्रचार एवं सफलतापूर्वक कार्यान्वयन के लिए अथक प्रयास किए हैं। वर्ष के दौरान परियोजना, यूनिटों एवं कारपोरेट कार्यालयों में अनेक हिंदी कार्यशालाएं एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गई ताकि सरकारी काम में हिंदी का अधिकतम प्रयोग करने के लिए कर्मचारी प्रोत्साहित हो सकें। सभी कार्यालय आदेश, फार्मेट एवं परिपत्र हिंदी में जारी किए गए। महत्वपूर्ण विज्ञापन एवं गृह पत्रिकाएं हिंदी एवं अंग्रेजी द्विभाषी रूप में जारी हुई। आपकी कंपनी को राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए माननीय विद्युत, कोयला, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) द्वारा 'एनटीपीसी राजभाषा शील्ड'' प्रदान की गई। कारपोरेट कार्यालय को नराकास, हरिद्वार द्वारा राजभाषा वैजन्ती पुरस्कार से नवाजा गया।

वर्ष के दौरान राजभाषा अनुभाग द्वारा 23 कार्यशालाएं आयोजित की गईं जिसमें 519 कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कारपोरेट कार्यालय के कर्मचारियों के लिए हिंदी टंकण प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए जिसमें 19 कर्मचारियों ने भाग लिया। कंप्यूटरों/लैपटापों में द्विभाषी कार्य करने की सुविधा प्रदान कराने के हेतु हिंदी सॉफ्टवेयर/फोंट संस्थापित किए गए। कर्मचारियों को अपना सरकारी कामकाज हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहित हेतु हिंदी टंकण/आशुलिपि प्रोत्साहन योजना भी लागू की गई। अधीनस्थ कार्यालयों/यूनिटों में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठकें आयोजित की गई।

वर्ष 2016 के दौरान हिंदी ''हास्य कवि सम्मेलन'' आयोजित किया गया। हिंदी गृह पत्रिका 'पहल' प्रकाशित की जा रही है।

सूचना का अधिकार

पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के प्रोत्साहन के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के क्रम में आपकी पूरी कंपनी में उपयुक्त तंत्र स्थापित किया गया है। टीएचडीसीआईएल की अधिकृत वेबसाइट पर वे सभी सूचनाएं उपलब्ध हैं जो अधिनियम की धारा 4(1) (ख) के तहत प्रकाशित की जानी आवश्यक हैं। कंपनी के अपीलीय प्राधिकारी, प्रधान लोक सूचना अधिकारी, लोक सूचना अधिकारी के ब्यौरे तथा सूचना मांगने, प्रथम अपीलीय प्राधिकारी से सूचना मांगने से संबंधित सभी प्रपत्र टीएचडीसीआईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

सूचना मांगने वालों से प्राप्त किए गए सभी आवेदन पत्रों का निपटान, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 में सन्निहित

30वें स्थापना दिवस समारोह का एक दृश्य

प्रावधानों के अनुसार किया जाता है तथा उन पर शीघ्र कार्रवाई की जाती है। वर्ष 2016–17 के दौरान देश भर के नागरिकों से कुल 143 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे जिनमें विभिन्न प्रकार की सूचनाएं मांगी गई थीं और उन्हें समय पर सूचनाएं उपलब्ध करा दी गई थीं।

वर्ष के दौरान प्रथम अपीलीय प्राधिकारी को 18 अपीलें प्राप्त हुई तथा अपीलीय प्राधिकारी द्वारा सभी अपीलों का निपटान कर दिया गया। 06 अपीलें केन्द्रीय सूचना आयोग (सी आई सी), नई दिल्ली में दायर की गई।

महिला कर्मचारी कल्याण

आपकी कंपनी ने कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारक, निषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के अनुसार ''आंतरिक शिकायत समिति'' बनाई है जो महिला कर्मचारियों को सुरक्षित एवं देख–रेख युक्त वातावरण प्रदान करने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। आपकी कंपनी ने डब्ल्यू आईपीएस (सार्वजनिक क्षेत्र में महिला) समिति भी गठित की है। महिला कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न(निवारक, निषेध एवं निवारण) अधिनियम 2013 के अंतर्गत प्रकटन

आपकी कंपनी कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के रोकथाम के लिए प्रतिबद्ध है तथा ऐसी घटानाओं की सूचना मिलने की दशा में शीघ्र कार्रवाई की जाती है। यौन उत्पीड़न शिकायत, यदि कोई हो, के निवारण के लिए शिकायत समितियां गठित की गई हैं जो जांच करती है। अभी तक यौन उत्पीड़न की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

जन संपर्क पहल / जागरूकता गतिविधियां

आपके निगम का रचनात्मक संचार में दृढ़ विश्वास है तथा विविध हितधारियों को जुटाने के लिए नवान्मेषी और विविध साधनों को अपनाती है। वित्तीय वर्ष 2016–17 की मुख्य उपलब्धियां इस प्रकार हैं:–

कंपनी ने सक्रिय एवं विविध सोशल मीडिया उपकरण यथा वैरीफाइड फेसबुक पेज, यू ट्यूब चैनल, ट्वीटर हैंडल तथा सोशल मीडिया टूल्स विकसित किए हैं और इन मीडिया टूल्स को विद्युत मंत्रालय, प्रधानमंत्री कार्यालय एवं भारत सरकार की माय गॉव (सिटीजन इनगेंजमेंट प्लेटफार्म) के साथ जोड़ा गया है। आपकी कंपनी ने रोचक सूचनाप्रद सामग्री के साथ इलेक्ट्रानिक पत्रिका (टीएचडीसीआईएल संचार चार्टर) तथा कर्मचारियों के साथ त्वरित गति से वास्तविक संवाद हेतु बल्क संदेश सेवा विकसित की है।

आपकी कंपनी भारत सरकार के अनेक वृहद कार्यक्रमों यथा

सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ कार्यक्रम

विमुद्रीकरण तथा नकदी रहित संव्यवहार हेतु बड़े स्तर पर प्रचार के लिए सक्रिय भूमिका का निर्वाह कर रही है। इस कार्य के लिए वृहद जनहित हेतु डिजिटल भुगतान कार्यशालाओं के आयोजन तथा बैनरों के माध्यम से आउट डोर प्रचार किया गया।

आपकी कंपनी ने क्षमता निर्माण एवं संस्थानिक सशक्तीकरण(सीबीआईएस) के लिए मैसर्स परफेक्ट रिलेशनस प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली को संचार रणनीति के विकास और कार्यान्वयन हेतु परामर्शी सेवाओं के लिए मीडिया सलाहकार के रूप में लगाया है।

आपकी कंपनी ने टीएचडीसीआईएल–उत्कृष्टता की ओर यात्रा नामक एक कारपोरेट फिल्म का निर्माण किया है। जिसमें निगम की 25 वर्षीय यात्रा के दृश्यों के विवरण हैं। आपकी कंपनी ने स्वच्छ भारत अभियान, ऊर्जा संरक्षण पर विद्यालय स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन संबंधी लघु फिल्म/विडियोज भी बनाए हैं।

संचार प्रबंधन के माध्यम से निगम की छवि

संचार प्रबंधन कारपोरेट ब्रांड की पहचान को आंतरिक एवं बाह्य हितधारकों के साथ सुदृढ़ बनाने तथा सुधारने का एक सशक्त साधन है। आपकी कंपनी वृद्धि, उपलब्धियों तथा विकास संबंधी प्रमुख कार्यों से जनता को नियमित रूप से अवगत कराने के लिए समय–समय पर प्रेस विज्ञप्ति जारी की है।

संचार तब तक प्रभावी नहीं हो सकता जब तक कि वह कर्मचारियों तक नहीं पहुंचे क्योंकि कर्मचारी ही संस्थान के स्तंभ होते हैं। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आपकी कंपनी ने अनेक आंतरिक संचार उपकरण यथा न्यूज लैटर, गृहपत्रिकाएं तथा नियमित मीडिया अपडेट्स को अपनाया है। कंपनी ने अपनी यात्रा को दर्शाने संबंधी एक कारपोरेट फिल्म भी बनाई है। कर्मचारियों के लिए कंपनी का एक थीम सांग भी तैयार किया गया था। ये सभी संचार साधन व्यक्ति को संस्थान की संस्कृति एवं कार्यों के बारे में समझ पैदा करने में सहायता करते हैं तथा उनको कंपनी का ब्रांड–दूत बनाते हैं।

सतर्कता गतिविधियां

टीएचडीसीआईएल का सतर्कता विभाग व्यवस्थित विकास हेतु निवारक सतर्कता पर जोर देकर बेहतर सतर्कता प्रशासन सुनिश्चित करता है। प्रणाली के सुदृढ़ीकरण/सुधार हेतु अपेक्षित उपायों की पहचान की जा रही है तथा व्यवस्थित विकास के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु इसे प्रबंधन के समक्ष रखा गया है जिससे किसी भी प्रक्रिया– विधि/प्रणाली में हेर फेर की गुंजाइश न रहे। रणनीतिक रूप से सतर्कता विभाग का लक्ष्य सतर्कता की कार्यप्रणाली को दण्डात्मक के स्थान पर निवारक सक्रिय करना है। संवेदनशील पदों की पहचान कर ली गई है। संवेदनशील पदों से कार्यपालकों के स्थानांतरण को केंद्रीय सतर्कता संगठन द्वारा नियमित रूप से मानीटर किया जा रहा है:–

श्री एच.एल.भारज, सीजीएम, टीएचडीसीआईएल, ईईएसएल के अधिकारियों के साथ एमओयू दस्तावेजों की अदला–बदली करते हुए

- सतर्कता विभाग निगम के सभी स्थलों के कार्यों का नियमित, आकस्मिक एवं सीटीई प्रकार के निरीक्षण कर रहा है ये निवारक निरीक्षण कार्यों के अवार्ड एवं निष्पादन के दौरान विभिन्न कदाचारों एवं अनियमितताओं को रोकने में प्रभावी रहे हैं।
- पूछताछ और जांच करने के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा निर्धारित समय सारिणी का कुल मिलाकर पालन किया जा रहा है।
- टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा एसपी, सीबीआई, देहरादून के आपसी परामर्श से वर्ष के लिए सूची की समीक्षा कर उसे अंतिम रूप दिया गया। वर्ष की संदिग्ध सत्यनिष्ठा वाले अधिकारियों की सूची भी तैयार की गयी है।
- प्रणालीगत सुधारात्मक उपाय सुझाए जा रहे हैं तथा संबंधित अधिकारियों को जैसे ही उनके संज्ञान में आए उचित कार्रवाई करने के लिए सूचित किया गया।
- टीएचडीसीआईएल के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा कर्मचारियों में सतर्कता संबंधी मामलों में जागरूकता उत्पन्न करने हेतु अनेक कार्यशालाएं/संगोष्ठियां आयोजित की जा रही हैं।
- सचेतक तंत्र से संबंधित पीआईडीपीआई दिशा–निर्देशों पर भारत सरकार के संकल्प, सत्यनिष्ठा शपथ, भ्रष्टाचार निरोधी आदि पोस्टर/बैनरों को प्रकाशित किया गया तथा इन्हें टीएचडीसीआईएल के सभी कार्यालयों में प्रदर्शन हेतु वितरित किया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2016

केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा इस वर्ष के लिए निर्धारित विषय ''भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने में जन भागीदारी'' के साथ टीएचडीसीआईएल में 31.10.2016 से 05.11.2016 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2016 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टीएचडीसीआईएल के सतर्कता विभाग ने आकस्मिक जांच और गहन परीक्षण के दौरान व्यक्त अभिमतों के फलस्वरूप सतर्कता विभाग द्वारा अपनाए जा रहे व्यवस्थित सुधारों पर एक पुस्तिका प्रकाशित की गई।

कारपोरेट सुशासन

आपकी कंपनी ने अच्छे कारपोरेट सुशासन संव्यवहार अंगीकार करने का प्रयास किया है। भारत प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (एलओडीआर) 2015 और लोक उपक्रम विभाग के द्वारा जारी केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के लिए कारपोरेट सुशासन हेतु जारी दिशा–निर्देशों के अनुपालन में कारपोरेट सुशासन पर एक अलग सेक्शन दिया गया है। डीपीई दिशा–निर्देशों के अनुसार कारपोरेट सुशासन की

दशाओं के अनुपालनार्थ प्रेक्टिसिंग कंपनी सचिव से प्राप्त प्रमाण–पत्र भी संलग्न है।

आपकी कंपनी में कारपोरेट सुशासन तंत्र पारदर्शिता और निष्पक्षता, समयबद्ध और संतुलित प्रकटन, वित्तीय रिपोर्टिंग में सत्यनिष्ठा, पर्यावरण के प्रति नैतिक और उत्तरदायित्वपूर्ण निर्णय लेने की बाध्यता, हितधारकों के अधिकार और हितों के संरक्षण पर आधारित है।

लेखा परीक्षा समिति, पारिश्रमिक समिति तथा बोर्ड स्तर की अन्य समितियों के कार्य और विस्तार क्षेत्र सहित कारपोरेट सुशासन के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट इसके साथ **अनुलग्नक– I** के रूप में संलग्न है।

कारपोरेट सामाजिक दायित्व(सीएसआर) और सततता विकास(एसडी)

आपकी कंपनी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध है तथा सामाजिक एवं पर्यावरण सततता के लिए जागरूक है। कंपनी अधिनियम, 2013 एवं सीएसआर नियमों के अंतर्गत यथा अपेक्षित आपकी कंपनी ने निदेशक मंडल के अनुमोदन से सीएसआर एवं सततता नीति 2015 प्रारंभ की है। तद्नुसार पूर्ववर्ती 03 वर्षों के कंपनी के औसत शुद्ध लाभ का 2% सीएसआर के कार्यान्वयन के लिए आबंटित किया गया है।

सभी सीएसआर परियोजनाओं पर बोर्ड स्तर के नीचे की समिति (बीबीएलसी) द्वारा विचार किया जाता है तथा बोर्ड स्तरीय सीएसआर समिति (बीएलसी) द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जाता है। सीएसआर परियोजना के कार्यान्वयन से पहले गतिविधियों की प्राथमिकताओं के लिए बेसलाइन सर्वेक्षण किया जाता है।

वित्त वर्ष 2016–17 के दौरान सीएसआर गतिविधियों पर 15.35 करोड़ रू. का व्यय किया गया जो पूर्ववर्ती तीन वर्षों के औसत लाभ के 2% से अधिक है।

टीएचडीसीआईएल ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत टीएचडीसीआईएल के कार्यालयों, विभिन्न अवस्थलों पर स्थित कालोनियों, विद्यालयों, चिकित्सालयों, कार्यस्थलों, गलियों, सड़कों, बाजारों, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशनों, पवित्र गंगा नदी के किनारे, उद्यानों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया।

सीएसआर पर विस्तृत रिपोर्ट **अनुलग्नक– II** के रूप में दी गई है।

सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों से खरीद

टीएचडीएसी ने वित्त वर्ष 2016–17 में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों से सकल वार्षिक खरीद का 24.42 प्रतिशत उत्पाद एवं सेवाएं क्रय की/इनमें मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) स्वामित्वाधिकार वाले उपकरण तथा/अथवा एमएसई द्वारा निर्माण न किए जाने वाले/प्रदाय किए जाने वाले उपकरणों का मूल्य शामिल नहीं हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के समन्वय से विक्रेता विकास हेतु विशेष कार्यक्रम भी संचालित किए गए।

सूक्ष्म एवं लघु उपक्रमों एमएसईएस के खरीदारी हेतु मदों सहित वार्षिक खरीद योजना को टीएचडीसी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। टीएचडीसीआईएल की ओर से खरीदारी योजना के कार्यान्वयन और समन्वयन हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय एवं विद्युत मंत्रालय को इससे अवगत कराया गया।

संगत पक्षों के साथ अनुबंध एवं व्यवस्थाएं

वित वर्ष 2016–17 में कंपनी ने किसी संगत पक्ष के साथ महत्वपूर्ण संव्यवहार नहीं किया। संबंधित पक्षों के साथ किए गए सभी अनुबंध/व्यवस्थाएं/लेन–देन पर्याप्त दूरी बनाए रखने पर आधारित थी जिसका उद्देश्य कंपनी हित को आगे बढ़ाना था। तद्नुसार प्रारूप एओसी–2 में कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134 (3) (एच) के अंतर्गत यथापेक्षित संबंधित पक्षकार लेन–देन का प्रकटीकरण लागू नहीं होता।

प्रबंधन विचार–विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट

कारपोरेट सुशासन पर डीपीई दिशा–निर्देशों के अनुसरण में प्रबंधन संबंधी विचार– विमर्श और विश्लेषण के बारे में **अनुलग्नक– III** में अलग से रिपोर्ट दी गई है।

ऊर्जा संरक्षण, प्रोद्योगिकी आमेलन और विदेशी मुद्रा आय और व्यय

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134 (3) (एम) के साथ सहपठित कंपनी (लेखा) नियम 2014 के नियम 8 के अंतर्गत प्रकटीकरण के लिए अपेक्षित ऊर्जा संरक्षण, प्रोद्योगिकी आमेलन, विदेशी मुद्रा अर्जन और व्यय से संबंधित विवरण **अनुलग्नक–IV** में दिया गया है।

व्यापार उत्तरदायित्व रिपोर्ट

अच्छे कारपोरेट सुशासन प्रैक्टिस व्यापार उत्तरदायित्व रिपोर्ट के भाग के रूप में कंपनी द्वारा पर्यावरण, सामाजिक और सुशासन संबंधी मुद्दों पर कंपनी द्वारा की गई पहलों का प्रकटीकरण **अनुलग्नक–V** में दिया गया है।

निदेशकों के उत्तरदायित्व संबंधी विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (सी) के अनुसरण में निदेशक एतदद्वारा निम्नलिखित पुष्टि करते हैं :

(क) वार्षिक लेखाओं को तैयार करते समय महत्वपूर्ण विचलन से संबंधित उचित स्पष्टीकरण के साथ सभी लागू लेखाकरण मानकों का अनुपालन किया गया है।

(ख) निदेशकों ने ऐसी लेखाकरण नीतियों का चयन किया है तथा उन्हें निरंतर लागू किया है तथा ऐसे निर्णय लिए हैं और अनुमान लगाए हैं जो इतने तर्कसंगत और विवेकसम्मत हैं कि उनसे वित्तीय वर्ष के अंत तक की स्थिति के अनुसार कंपनी के मामलों तथा इस अवधि में कंपनी के लाभ की वास्तविक और निष्पक्ष तस्वीर सामने आ सके।

(ग) कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा करने तथा जालसाजी एवं अन्य अनियमितता से बचाव करने तथा उनका पता लगाने के लिए कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार लेखांकन अभिलेखों के पर्याप्त अनुरक्षण के लिए उचित और पर्याप्त ध्यान दिया है।

(घ) निदेशकों ने वार्षिक लेखे चालू कारोबार आधार पर तैयार किए गए हैं।

(च) निदेशकों ने कंपनी द्वारा अपनाए जाने वाले आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए हैं और ये आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं और प्रभावी रूप से प्रचालनीय है।

(छ) निदेशकों के कारगर प्रचालन के लिए सभी लागू कानूनों के प्रावधान सहित अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणाली तैयार की गई है और ऐसी प्रणालियां पर्याप्त एवं प्रभावी रूप से प्रचलित थी।

अन्य प्रकटीकरण

आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों और उनकी पर्याप्तता

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में कंपनी में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण है। वर्ष के दौरान ऐसे नियंत्रणों का परीक्षण किया गया तथा प्रचालन अथवा डिजाइन में कोई उल्लेखनीय कमजोरियां नहीं पाई गई।

वार्षिक विवरणी का सार

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 92(3) के साथ सहपठित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन)नियम 2014 के नियम 12 के अनुसार कंपनी की वार्षिक विवरणी का सार **अनुलग्नक–IV** में दिया गया है।

ऋणों तथा दी गई गारंटी, किए गए निवेश तथा दी गई प्रतिभूतियों के विवरण

इसके अतिरिक्त कंपनी अधिनियम 2013 (उपधारा 1 के अतिरिक्त) की धारा 186 जो लिए गए ऋण, दी गई गारंटी अथवा प्रदत्त प्रतिभूतियों से संबंधित है, उन कंपनियों पर लागू नहीं है जो अवसंरचनात्मक सुविधाएं उपलब्ध कराती है।

निगरानी तंत्र

आपकी कंपनी की एक परिभाषित एवं स्थापित सचेतक नीति (निगरानी तंत्र) है जिसमें अनैतिक/अनुचित आचरण की रिपोर्ट करने तथा उनकी जांच कर और उन्हें ठीक करने के लिए समुचित व्यवस्था है। सचेतक नीति कंपनी की वेबसाइट www.thdc.co.in पर उपलब्ध है। इस नीति के प्रावधान कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 177(9) के प्रावधानों के अनुरूप हैं।

वर्ष 2016–17 के दौरान सचेतक नीति के अंतर्गत कोई शिकायत नहीं मिली। इसके अतिरिक्त लेखा परीक्षा समिति तक किसी भी कार्मिक को पहुंचने से नहीं रोका गया।

विनिवेश प्रक्रिया

आपकी कंपनी की विनिवेश प्रक्रिया विचाराधीन है। डीआईपीएएम द्वारा अनेक बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। कंपनी एमओए तथा एओए में संशोधन हेतु कार्रवाई प्रारंभ कर चुकी है जो विनेश के लिए पूर्व अपेक्षित है।

बोर्ड की बैठकें

वर्ष 2016–17 के दौरान निदेशक मंडल की छह बैठकें हुई थी। अधिक विवरण के लिए इस वार्षिक रिपोर्ट के साथ संलग्न कारपोरेशन सुशासन रिपोर्ट का संदर्भ ग्रहण करें।

स्वतंत्र निदेशकों की घोषणा

सभी स्वतंत्र निदेशक कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 149(6) में स्वतंत्र निदेशकों के बारे में निर्धारित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हैं तथा प्रत्येक स्वतंत्र निदेशक से धारा 149(7) के अंतर्गत आवश्यक घोषणा प्राप्त हो गई है।

निदेशकों का निष्पादन मूल्यांकन

स्वतंत्र निदेशकों ने अपनी अलग बैठक में कंपनी अधिनियम 2013 की **अनुसूची – IV** के अंतर्गत उन्हें सौंपे गए कार्य की समीक्षा की। इसमें निदेशकों और बोर्ड का निष्पादन मूल्यांकन भी शामिल है।

इसके अलावा, निदेशकों की नियुक्ति, अवधि तथा पारिश्रमिक का निर्धारण भारत के राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है। भारत सरकार के लोक उद्यम विभाग द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा प्रकार्यात्मक निदेशकों के पारिश्रमिक का भुगतान किया गया है। स्वतंत्र निदेशकों को बोर्ड/समिति की बैठकों में उपस्थित रहने पर बैठक शुल्क (सिटिंग फीस) का भुगतान किया जाता है।

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सांविधिक लेखा परीक्षक

आपकी कंपनी के सरकारी कंपनी होने के नाते सांविधिक लेखा परीक्षकों की नियुक्ति कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 139 के अंतर्गत भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा की जाती है। कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 139 के अंतर्गत सी एंड एजी के दिनांक 22.07.2016 के पत्र क्रमांक सीएवी/सीओवाई/सेंट्रल एवर्नमेंट, टिहरी(1)/558 के द्वारा मैसर्स पीडी अग्रवाल एंड कंपनी, चार्टर्ड एकाउन्टेंट, 364 ए, गोविंदपुरी, हरिद्वार – 249403 को कंपनी का सांविधिक लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया।

कथित अधिनियम की धारा 142 के अंतर्गत यथापेक्षित सांविधिक लेखापरीक्षक को देय पारिश्रमिक का भुगतान नियत करने के लिए प्रस्ताव वार्षिक आम सभा की आगामी बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा।

सांविधिक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट संलग्न है।

सांविधिक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट के संबंध में प्रबंधन की टिप्पणियां

कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने वित्त वर्ष 2016–17 के लिए कंपनी के लेखाओं के संबंध में बिना शर्त (अनक्वालिफाइड) रिपोर्ट दी है इसलिए कंपनी की टिप्पणियां भी 'शून्य' हैं।

भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक द्वारा लेखाओं की समीक्षा नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां

31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के लेखाओं के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (7) के तहत सांविधिक लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के अनुपूरक के रुप में भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां संलग्न है।

नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (सी एंड ए जी) ने वार्षिक लेखाओं के संबंध में शून्य टिप्पणियां दी हैं, तदनुसार प्रबंधन का उत्तर 'शून्य' है।

लागत–लेखा परीक्षक

मैसर्स आर.एम. बंसल, लागत और प्रबंधन लेखाकार, कानपुर तथा मैसर्स चन्द्र बधवा एंड कंपनी, लागत और प्रबंधन लेखाकार, नई दिल्ली को भारत सरकार ने कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 148 के अंतर्गत वित्त वर्ष 2016–17 के लिए क्रमशः कोटेश्वर इकाई और टिहरी इकाई के लागत लेखांकन अभिलेखों की लेखा परीक्षा करने के लिए लागत परीक्षक के रूप में मंजूरी दी है।

सचिवालयी लेखापरीक्षा

वर्ष 2016–17 के लिए सचिवालयी लेखापरीक्षा, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) के अनुपालन में मैसर्स पीएसआर मूर्ति प्रेक्टिसिंग कंपनी सचिव ने की है। कंपनी ने सभी लिपिकीय प्रावधानों का अनुसरण किया है और चूक के किसी मामले की रिपोर्ट नहीं की गई है। सचिवालयी लेखापरीक्षा की रिपोर्ट **अनुलग्नक–VI** के रुप में संलग्न है।

आभार

आपकी कंपनी का निदेशक मंडल विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, राज्य सरकारों और उनके मंत्रालयों, विभागों/बोर्ड, बैंकरों, वित्तीय संस्थानों, ऋणदाताओं और निवेशकों से प्राप्त सतत सहयोग और समर्थन हेतु उनका हृदय से आभार व्यक्त करता है। बोर्ड अपने बहुमूल्य ग्राहकों, प्रादेशिक विद्युत मंडलों तथा डिस्कम्स एवं हमारे परामर्शी कार्यों के अन्य मूल्यवान ग्राहकों की विशेष सराहना करता है। निदेशक

मंडल राज्य सरकारों से प्राप्त सामर्थन और सहयोग के प्रति उनका भी आभार व्यक्त करता है।

निदेशक गण इस अवसर पर विभिन्न राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं और बैंकरों के प्रति कंपनी में उनके निरंतर विश्वास और भरोसा बनाए रखने के लिए हृदय से आभार करते हैं।

आपके निदेशक गण, सांविधिक लेखापरीक्षकों, सचिवालयी लेखा परीक्षकों, लागत लेखा परीक्षकों तथा भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के कार्यालय के प्रति भी उनके सहयोग और सतत सामंजस्य के प्रति हृदय से कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। अंत में सभी कर्मचारियों के प्रति भी हृदय से आभार व्यक्त करते हैं जिनके उत्साह, संयुक्त प्रयासों, निष्ठा और अपनत्व की भावना ने आपकी कंपनी को गौरवान्वित किया।

कृते तथा निदेशक मंडल की ओर से

(डी.वी. सिंह)

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

डीआईएनः 03107819

दिनांक : 20.09.2017

स्थान : नई दिल्ली

कारपोरेट सुशासन की रिपोर्ट

कारपोरेट सुशासन की रिपोर्ट

सेवा में,

सदस्यगण,

कारपोरेट सुशासन कंपनी के विभिन्न हितधारकों के सर्वोत्तम हित में निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के बारे में है। आपके निदेशकों को वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए कारपोरेट सुशासन पर कंपनी की रिपोर्ट को प्रस्तुत करने में हर्ष हो रहा है। कंपनी भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार का एक संयुक्त उपक्रम है। लोक उद्यम विभाग द्वारा कारपोरेट सुशासन के बारे में जारी दिशा–निर्देश कंपनी पर अनिवार्यतः लागू हैं। कंपनी अधिनियम 2013 एवं लोक उद्यम विभाग के अंतर्गत अपेक्षित कारपोरेट सुशासन की अच्छी पद्धतियों को लागू करने के लिए कंपनी प्रयासरत एवं आकांशी है। कंपनी लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी सभी कारपोरेट सुशासन दिशा–निर्देशों का अनुपालन कर रही है। कारपोरेट सुशासन से संबंधित दिशानिर्देशों का अनुपालन करने के लिए डीपीई द्वारा कंपनी को वर्ष 2015–16 के लिए 'उत्कृष्ट' दर्जा प्रदान किया गया है। डीपीई को प्रस्तुत की गई ग्रेडिंग रिपोर्ट के आधार पर वर्ष 2016–17 के लिए भी कंपनी इसी ग्रेड को प्राप्त करने की आशा रखती है।

1. कारपोरेट सुशासन के संबंध में कंपनी की विचारधारा

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में कारपोरेट सुशासन का एक स्थापित ढांचा है जो कंपनी के नैतिक मामले और कुशल संचालन के प्रति वचनबद्धता पर जोर देता है। यह व्यापक पैमाने पर अपने सभी हितधारकों के मूल्यों को अधिकतम बढ़ाने और सभी घटकों में भरोसा और विश्वास के वातावरण का निर्माण करने में मदद करता है। टीएचडीसी में प्रबंधन अपनी वचनबद्धता को न्यायपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पूर्ण करने के सभी संभव कदम उठा रहा है।

आपकी कंपनी में कारपोरेट सुशासन तंत्र निम्नलिखित मापदंडो पर आधारित है:

- पारदर्शिता और निष्पक्षता
- समय से और संतुलित प्रकटन
- मूल्यवर्धन में बोर्ड की भूमिका तथा जिम्मेदारियां
- वित्तीय रिपोर्टिंग में सत्यनिष्ठा
- नीतिपरक तथा उत्तरदायी निर्णय लेने को बढ़ावा देना
- पर्यावरण के प्रति दायित्व
- हितधारकों के अधिकार और हित
- अनुपालन

टीएचडीसीआईएल के निदेशक मंडल में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, प्रकार्यात्मक निदेशक, सरकार द्वारा नामित निदेशकों तथा गैर सरकारी अंशकालिक निदेशक (स्वतंत्र निदेशक) शामिल हैं। निदेशक मंडल द्वारा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को प्रदत्त शक्तियों को इस धारणा, इरादे एवं प्रयोजन के साथ पुनः विभिन्न कार्यपालकों को उप–प्रत्यायोजित की गई हैं कि इससे निगम द्वारा निर्धारित लक्ष्यों का निर्धारित नीतिगत ढ़ांचे में निर्बाध, शीघ्र एवं दक्षतापूर्ण कार्यान्वयन हो सके। टीएचडीसीआईएल ने सामान एवं सेवाओं की खरीद के लिए मानक नीति एवं प्रक्रियाओं को भी तैयार कर लागू किया है जिससे प्रक्रिया–विधि को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी तथा सहज बना कर उत्तरदायित्व और जिम्मेदारी के साथ शीघ्र और विकेंद्रित रूप से निर्णय लिया जा सके।

रणनीतिक योजना, जोखिम प्रबंधन, वित्तीय योजनाएं और बजट, आंतरिक नियंत्रण तथा रिपोर्टिंग की सत्यनिष्ठा, कंपनी के प्रचालनों के विभिन्न पहलुओं संबंधी पारदर्शिता और पूर्व प्रकटन पर जोर देने सहित सम्प्रेषण, सभी सांविधिक/विनियामक आवश्यकताओं सहित इसका पूर्ण अनुपालन और इनका वित्तीय तथा समग्र अनुपालन संबंधी

प्रणालियां न केवल सैद्धान्तिक रूप से बल्कि वास्तविक रूप से भी विद्यमान हैं।

निदेशक मंडल ने सुशासन पर बेहतर एवं अधिक ध्यान केंद्रित करने हेतु कई समितियां अर्थात लेखा परीक्षा समिति, पारिश्रमिक समिति, सीएसआर समिति गठित की हैं।

सूचीबद्ध करार के प्रावधानों के अनुपालन के अतिरिक्त, टीएचडीसीआईएल, लोक उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा कारपोरेट सुशासन पर जारी दिशा–निर्देशों का भी अनुपालन करता है। वर्ष 2016–17 के लिए कारपोरेट सुशासन एवं प्रकटीकरण अपेक्षाओं की शर्तों का अनुपालन निम्नवत है–

2. निदेशक मंडल

2.1 बोर्ड का आकार

आपकी कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2 (45) के अंतर्गत एक सरकारी कंपनी है जिसमें 75 प्रतिशत इक्विटी शेयर होल्डिंग भारत के राष्ट्रपति की है तथा 25 प्रतिशत इक्विटी शेयर होल्डिंग उत्तर प्रदेश के राज्यपाल की है। कंपनी के कारोबार का अधीक्षण निदेशक मंडल द्वारा किया जाता है। कंपनी के अंतर्नियमों के अनुसार भारत के राष्ट्रपति समय–समय पर कंपनी के निदेशकों की संख्या तय करते हैं जो सात से कम और पन्द्रह से अधिक नहीं होगी।

2.2 बोर्ड की संरचना

कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुपालन में निदेशक मंडल में कार्यपालक एवं गैर कार्यपालक निदेशकों का आदर्श संयोजन है। इसके साथ–साथ यह भी निर्धारित है कि निदेशक मंडल में कम से कम एक महिला निदेशक के साथ कार्यपालक और गैर–कार्यपालक के निदेशकों का इष्टतम संयोजन होना चाहिए। वर्तमान में निदेशक मंडल में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, प्रकार्यात्मक निदेशक, भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक तथा स्वंतत्र निदेशक शामिल हैं। टीएचडीसीआईएल निदेशक मंडल में चार प्रकार्यात्मक निदेशक जिसमें अध्यक्ष, भारत सरकार द्वारा नामित एक निदेशक, उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा नामित दो निदेशक तथा तीन स्वंतत्र निदेशक हैं। निदेशक, बोर्ड को व्यापक अनुभव और कौशल प्रदान करते हैं। निदेशकों का संक्षिप्त परिचय वार्षिक रिपोर्ट में दिया गया है।

2.3 निदेशकों की आयु–सीमा तथा कार्यकाल

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा पूर्णकालिक निदेशकों की आयु सीमा 60 वर्ष है। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अन्य पूर्णकालिक निदेशकों की नियुक्ति कार्यभार संभालने की तारीख से पांच वर्षों की अवधि या अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने, जो भी पहले हो, तक के लिए की जाती है।

सरकार द्वारा नामित अंशकालिक निदेशक भारत सरकार/उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रालय/प्रशासनिक विभाग के प्रतिनिधि के रूप में पदेन हैसियत से कार्य कर रहे हैं और उस मंत्रालय/प्रशासनिक विभाग से सेवा समाप्त हो जाने पर वे सेवानिवृत्त हो जाते हैं। स्वंतत्र निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा आमतौर पर तीन वर्षों की अवधि के लिए की जाती है।

2.4 बोर्ड की बैठकें तथा उपस्थिति

बोर्ड के अध्यक्ष से अनुमोदन लेने के पश्चात समुचित अग्रिम सूचना देकर बोर्ड की बैठकें आयोजित की जाती हैं। बैठकों में अर्थपूर्ण, सुविज्ञ और केन्द्रित निर्णय लेने में सहायता के लिए पर्याप्त समय, सामान्यतया 07 दिन पहले, विस्तृत कार्यसूची, प्रबंधन रिपोर्ट तथा अन्य व्याख्यात्मक ब्यौरा पारिचालित किया जाता है। किन्हीं दो बैठकों के बीच अधिकतम समय अंतराल 120 दिन से अधिक नहीं होना चाहिए।

वित्त वर्ष 2016–17 के दौरान बोर्ड की छः बैठकें हुई थी। बैठकों की तिथि, बोर्ड के सदस्यों की संख्या और उपस्थित निदेशकों की संख्या का विवरण **तालिका–1** में दिया गया है:

तालिका 1: वर्ष 2016–17 के दौरान आयोजित बोर्ड की बैठकों के विवरण

क्र.सं.	बोर्ड की बैठकों की तिथि	बोर्ड के सदस्यों की संख्या	उपस्थित निदेशकों की संख्या
1	19 मई, 2016	9	6
2	26 अगस्त, 2016	9	7
3	26 सितम्बर, 2016	10	7
4	28 नवम्बर, 2016	10	9
5	2 जनवरी, 2017	9	7
6.	27 मार्च, 2017	9	8

वर्ष 2016–17 के दौरान निदेशकों की श्रेणियों, बोर्ड की ऐसी बैठकों की संख्या जिनमें निदेशक उपस्थित थे, पिछली वार्षिक आम सभा में उपस्थिति, अन्य निदेशक पद / समिति की सदस्यता की संख्या से संबंधित ब्यौरा **तालिका–2** में दिया गया है:

तालिका 2: निदेशकों की श्रेणियां तथा उनके द्वारा धारित निदेशक पद तथा समिति में धारित पद संबंधी विवरण

क्र. सं.	निदेशकगण	बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति की संख्या	पिछली वार्षिक आम सभा में उपस्थिति	अन्यत्र धारित निदेशक पद	अन्य पद	
					अध्यक्ष	सदस्य
	प्रकार्यात्मक निदेशक					
1	श्री डी.वी. सिंह (अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं निदेशक (तकनीकी) का अतिरिक्त प्रभार	6	उपस्थित	–	–	1
2	श्री आर. एस. टी. शाई अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (30.11.2016 तक)	4	उपस्थित	–	–	–
3	श्री एस. के. बिस्वास निदेशक (कार्मिक)	6	उपस्थित	–	–	–
4	श्री श्रीधर पात्रा निदेशक (वित्त)	6	उपस्थित	–	–	–
	सरकार द्वारा नामित निदेशक					
5	श्री सुरेश चन्द्र (28.09.2016 से)	शून्य	भाग नहीं लिया	2	–	2
6	श्री सुरेश शर्मा, (26.09.2016 से)	2	भाग नहीं लिया	1	–	1
7	श्री दीपक सिंघल, प्रमुख सचिव(सिंचाई), उत्तर प्रदेश सरकार (27.09.2016 तक)	शून्य	भाग नहीं लिया	–	–	–
8	श्री संजय अग्रवाल, प्रमुख सचिव(ऊर्जा), उत्तर प्रदेश सरकार (20.04.2017 तक)	शून्य	भाग नहीं लिया	–	–	–

क्र. सं.	निदेशकगण	बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति की संख्या	पिछली वार्षिक आम सभा में उपस्थिति	अन्यत्र धारित निदेशक पद	अन्य पद	
					अध्यक्ष	सदस्य
9	श्रीमती अंजु भल्ला संयुक्त सचिव (जल विद्युत) (01.07.2015 से)	4	भाग नहीं लिया	1	–	1
	स्वतंत्र निदेशक					
10	श्री बची सिंह रावत (22.12.2015 से)	6	उपस्थित	–	–	–
11	श्री मोहन सिंह रावत (22.12.2015 से)	6	उपस्थित	–	–	–
12	प्रो. महाराज के. पंडित (22.12.2015 से)	4	उपस्थित	–	–	1

2.5 निदेशकों का पारिश्रमिक एवं प्रकटन

आपकी कंपनी विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में सरकारी कंपनी होने के नाते निदेशकों की नियुक्ति, कार्यकाल और पारिश्रमिक के सबंध में भारत के राष्ट्रपति द्वारा निर्णय लिया जाता है। इसलिए बोर्ड पूर्णकालिक निदेशकों के पारिश्रमिक के बारे में निर्णय नहीं लेता है। सरकार द्वारा पदेन हैसियत में नामित अंशकालिक निदेशकों को किसी भी प्रकार का पारिश्रमिक नहीं दिया जाता है। स्वंतत्र निदेशकों को बोर्ड तथा समिति की बैठकों मे भाग लेने के लिए 20,000 रू. प्रति सीटिंग की दर से शुल्क का भुगतान किया जाता है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति तथा पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 4 के अनुसार बोर्ड द्वारा बैठक शुल्क नियत किए गए हैं।

वर्ष 2016–17 के दौरान स्वतंत्र निदेशकों को बैठक शुल्क के लिए किए जाने वाले भुगतान का ब्यौरा **तालिका 3** में दिया गया है:

तालिका 3: स्वतंत्र निदेशकों को बैठक शुल्क के रूप में किए गए भुगतान के ब्यौरे

स्वतंत्र निदेशकों का नाम	बैठक शुल्क (₹ में)				कुल (₹)
	बोर्ड की बैठक और वार्षिक आम बैठक	लेखा परीक्षा समिति की बैठक	पारिश्रमिक समिति की बैठक	सीएसआर एवं सततता विकास समिति	
श्री बची सिंह रावत	1,20,000	1,00,000	20,000	40,000	2,80,000
श्री मोहन सिंह रावत	1,20,000	1,00,000	शून्य	40,000	2,60,000
प्रो. महाराज के. पंडित	80,000	60,000	20,000	शून्य	1,60,000

तलिका 4: पूर्णकालिक निदेशकों का पारिश्रमिक

टीएचडीसीआईएल सरकारी कंपनी होने के नाते निदेशकों की नियुक्ति, कार्यकाल और पारिश्रमिक का निर्णय सरकार द्वारा लिया जाता हैं। वित्त वर्ष 2016–17 के दौरान पूर्णकालिक निदेशकों को भुगतान किया गया पारिश्रमिक उनकी नियुक्ति की शर्तों के अनुसार था।

वर्ष 2016–17 के लिए कंपनी के पूर्णकालिक प्रकार्यात्मक निदेशकों एवं कंपनी सचिव को भुगतान किए गए पारिश्रमिक का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

(राशि लाख रू में)

निदेशकगण	पदनाम	वेतन / भत्ते	बोनस / कमीशन*	निभपादन संबंधित वेतन (पीआरपी)	सकल योग
श्री डी.वी.सिंह	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा निदेशक(तकनीकी) का अतिरिक्त प्रभार	2689047	–	1407120	4096167
श्री आर.एस.टी. शाई	पूर्व–अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	3688755	–	2303524	5992279
श्री एस.के.बिस्वास	निदेशक (कार्मिक)	3633680	–	1428197	5061877
श्री श्रीधर पात्रा	निदेशक(वित्त)	2649245	–	2057803	4707048
सुश्री रश्मि शर्मा	कंपनी सचिव	886521	–	83011	969532

2.6 केएमपी (प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक)

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 203(1) तथा कंपनी (प्रबंधन से जुड़े कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 8 के अनुसार निर्धारित श्रेणी या श्रेणियों की प्रत्येक कंपनी को पूर्णकालिक प्रबंधकीय कार्मिक(केएमपी) रखना होगा। तद्नुसार टीएचडीसीआईएल ने निम्नलिखित प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक नियुक्त किए हैं:

1. श्री डी.वी. सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
2. श्री श्रीधर पात्रा, निदेशक(वित्त)
3. सुश्री रश्मि शर्मा, कंपनी सचिव

2.7 बोर्ड की बैठकों की प्रक्रिया–विधियां :

i) **निर्णय लेने की प्रक्रिया:** कंपनी ने दिशानिर्देशों का सेट निर्धारित किया है तथा निदेशक मंडल की बैठकों के लिए सचिवालय मानकों का अनुसरण करती है ताकि सभी कारपोरेट मामलों को पेशेवर तरीके से किया जा सके। इन दिशानिर्देशों में बोर्ड की बैठकों में निर्णय लेने की प्रक्रिया को संसूचित तथा कार्यकुशल तरीके से प्रणालीबद्ध बनाने की अपेक्षा की जाती है।

ii) बोर्ड की बैठकों के लिए कार्यसूची मदों का निर्धारण तथा चयन:

- बोर्ड के अध्यक्ष का अनुमोदन प्राप्त करने के बाद उपयुक्त रूप से नोटिस देकर बैठकें बुलाई जाती है। कार्यसूची की विस्तृत टिप्पणियां, प्रबंधन रिपोर्टें तथा अन्य स्पष्टकारी विवरण आमतौर पर सदस्यों के मध्य पर्याप्त समय देते हुए सामान्यतः 07 दिन पूर्व परिचालित किए जाते हैं ताकि बैठक के दौरान सार्थक, संसूचित और केन्द्रित निर्णयों को लिया जा सकें।
- अति आवश्यक मामलों में बोर्ड के अनुमोदन की आवश्यकता होने पर अल्पावधि नोटिस पर बैठकें बुलाई जाती हैं या परिचालन द्वारा संकल्प पारित किए जाते हैं।

- जब कार्यसूची के साथ अधिक मात्रा में दस्तावेजों का संलग्न करना व्यावहारिक न हो तो ऐसे कागजात बैठक के दौरान पटल पर रखे जाते हैं।
- संबंधित प्रकार्यात्मक निदेशक और अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अनुमोदन प्राप्त करने के बाद कार्यसूची से संबंधित कागजात परिचालित किए जाते हैं।
- कार्यसूची के मामलों के संबंध में बोर्ड की बैठकों में प्रस्तुतीकरण दिए जाते हैं ताकि सदस्यगण पर्याप्त जानकारी और सूचना सहित निर्णय ले सकें।

  बोर्ड के सदस्य के पास कंपनी की सभी जानकारियां होती हैं। बोर्ड कार्यसूची में ऐसा कोई भी मुद्दा शामिल करने की सिफारिश कर सकता है जिसे वह महत्वपूर्ण समझता है। बोर्ड द्वारा विचार की जाने वाली मदों के संबंध में जब कभी भी आवश्यक समझा जाता है वरिष्ठ प्रबंधन से जुड़े कार्मिकों को अतिरिक्त जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए बुलाया जाता है।

(iii) बोर्ड/समिति की बैठकों के कार्यवृत्त को रिकार्ड करना:

बोर्ड/समिति की प्रत्येक बैठक की कार्यवाही के कार्यवृत्त के मसौदे को बैठक के बाद 15 दिन के भीतर सभी सदस्यों को उनकी अभ्युक्तियों हेतु परिचालित किया जाता है। निदेशक कार्यवृत्त के मसौदे पर इसके परिचालन की तारीख से सात दिन के भीतर अपनी अभ्यक्तियां देते हैं। निदेशकों से प्राप्त सभी अभ्युक्तियों की तुलनात्मक शीट अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/संबंधित समिति के अध्यक्ष को विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की जाती है। प्रत्येक बोर्ड/समिति की कार्यवाही का अनुमोदित कार्यवृत्त, कार्यवृत्त पुस्तिका में विधिवत अभिलिखित किया जाता है।

(iv) अनुवर्ती तंत्र:

बोर्ड द्वारा जारी निदेशों के आधार पर बोर्ड के निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई रिपोर्ट बोर्ड के समक्ष नियमित रूप से प्रस्तुत की जाती है जिससे अनुवर्ती कार्रवाई की प्रभावी रिपोर्टिंग तथा निर्णयों की समीक्षा करने में सहायता में मिलती है।

(v) अनुपालन:

हमारा प्रयास है कि विधि, नियम एवं दिशा–निर्देशों के सभी लागू प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। कंपनी अधिनियम, 2013 (इस सीमा तक ये लागू हैं), सेबी विनियमन एवं दिशा–निर्देश, विभिन्न कानूनों के तहत सूचीबद्ध करार एवं सांविधिक अपेक्षाओं के सभी लागू प्रावधानों का कंपनी अनुपालन सुनिश्चित करती है। निदेशक मंडल समय–समय पर उसके समक्ष प्रस्तुत विधायी अनुपालन रिपोर्ट की समीक्षा करता है।

(vi) निदेशक मंडल के समक्ष रखी जाने वाली सूचनाएं

- वार्षिक परिचालन योजना, बजट और संगत अद्यतन जानकारी।
- पूंजीगत बजट तथा संगत अद्यतन जानकारी।
- कंपनी के तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणाम।
- लेखापरीक्षा समिति तथा बोर्ड की अन्य समितियों की बैठक के कार्यवृत्त।
- मुख्य निवेश, सहायक कंपनियों का निर्माण, संयुक्त उपक्रम और रणनीतिक गठजोड़।
- खरीदारी/कार्य/ नामांकन आधार पर अवार्ड किए गए ठेकों से संबंध में तिमाही सूचना।
- परियोजना की प्रगति रिपोर्ट की स्थिति।
- विभिन्न कानूनों के अनुपालन की तिमाही रिपोर्ट।
- निदेशकों की निदेशक पद के बारे में रूचि का प्रकटीकरण।
- महत्वपूर्ण पूंजी निवेश के प्रस्ताव या बड़े ठेके अवार्ड करना।
- मध्यस्थता मामलों की स्थिति। महत्वपूर्ण लेखांकन

नीतियों में परिवर्तन एवं उसके कारणों सहित पद्धतियां।

- लागू कानूनों की अपेक्षाओं के अनुसार बोर्ड की सूचना या अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की जाने वाली अपेक्षित कोई अन्य सूचना।

3. निदेशक मंडल की समितियां:

वर्तमान में कंपनी में बोर्ड की निम्नलिखित तीन उप–समितियां हैं:

i) लेखापरीक्षा समिति

ii) पारिश्रमिक समिति

iii) सीएसआर तथा सततता संबंधी समिति

कंपनी सचिव, बोर्ड की उप–समितियों के सचिव के रूप में कार्य करता है।

3.1 लेखापरीक्षा समिति

कंपनी ने कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 177 के अनुसार लेखापरीक्षा समिति गठित की है। लेखापरीक्षा समिति की संरचना, गणपूर्ति (कोरम), विस्तार क्षेत्र आदि कंपनी अधिनियम, 2013 तथा लोक उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा कारपोरेट सुशासन के संबंध में जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुरूप होता हैं। लेखापरीक्षा समिति की शक्तियां तथा विचारार्थ विषय कारपोरेट सुशासन के संबंध में डीपीई दिशानिर्देशों तथा कंपनी अधिनियम 2013 के क्रम में ।

3.1.1 लेखापरीक्षा समिति की संरचना

कंपनी अधिनियम, 2013 तथा कारपोरेट सुशासन पर डीपीई दिशा–निर्देशों के अनुसार लेखापरीक्षा समिति में सदस्य के रूप में न्यूनतम तीन निदेशक होंगे। लेखापरीक्षा समिति के दो तिहाई सदस्य स्वतंत्र निदेशक होंगे तथा लेखापरीक्षा समिति का अध्यक्ष स्वतंत्र निदेशक होगा। डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार लेखा परीक्षा समिति का गठन निम्नानुसार किया गया है:

दिनांक 31.03.2017 तक की स्थिति के अनुसार लेखापरीक्षा समिति की संरचना **तालिका 5** में दी गई है:

तालिका 5: लेखापरीक्षा समिति के सदस्यों के नाम तथा उनकी श्रेणियां

क्र.सं.	सदस्यों के नाम	सदस्यों की श्रेणी
1	श्री बची सिंह रावत	स्वतंत्र निदेशक–अध्यक्ष
2	श्री मोहन सिंह रावत	स्वतंत्र निदेशक–सदस्य
3	प्रो. महाराज के. पंडित	स्वतंत्र निदेशक–सदस्य
4	श्री एस.के. बिस्वास	निदेशक(कार्मिक)– सदस्य

निदेशक (वित्त) और मुख्य लेखापरीक्षा अधिकारी विशेष स्थायी विशिष्ट आमंत्रिती हैं।

3.1.2 लेखापरीक्षा समिति के विचारार्थ विषय

लेखापरीक्षा समिति के विचारार्थ विषयों में निम्नलिखित बातें शामिल हैं:

- कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया तथा इसकी वित्तीय सूचनाओं के प्रकटन का निरीक्षण करना ताकि वित्तीय विवरणों को सही, पर्याप्त और विश्वसनीय होना सुनिश्चित किया जा सके।
- कंपनी के लेखापरीक्षकों के पारिश्रमिक तथा नियुक्ति की शर्तों की सिफारिश करना।
- सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा प्रदत्त अन्य सेवाओं के लिए सांविधिक लेखापरीक्षकों को भुगतान का अनुमोदन।

- बोर्ड के समक्ष अनुमोदन के लिए वार्षिक वित्तीय विवरण और इस पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने से पूर्व निम्नलिखित के विशेष संदर्भ में प्रबंधन वर्ग के साथ मिलकर उसकी समीक्षा करना:
  - लेखाकरण नीतियों और पद्धतियों में होने वाले परिवर्तन, यदि कोई हों, तथा उसके कारण;
  - प्रबंधन द्वारा निर्णय की कवायद पर आधारित मुख्य लेखाकरण प्रविष्टियां जिनमें अनुमान भी शामिल हैं;
  - लेखा परीक्षकों के निष्कर्षों से उत्पन्न होने वाले महत्वपूर्ण समायोजनों को वित्तीय विवरणों में शामिल करना;
  - वित्तीय विवरणों से संबंधित अन्य विधिक आवश्यकताओं का अनुपालन;
  - किसी भी संबंद्ध पार्टी के लेन–देन का प्रकटन; तथा
  - ड्राफ्ट लेखा परीक्षा रिपोर्ट में अहर्ताएं।
  - बोर्ड के समक्ष अनुमोदन के लिए तिमाही वित्तीय विवरण प्रस्तुत करने से पूर्व प्रबंधन वर्ग के साथ मिलकर उसकी समीक्षा करना। प्रबंधन के साथ सांविधिक लेखा परीक्षकों के निष्पादन, आंतरिक लेखा परीक्षा तथा आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता पर समीक्षा करना।
  - लेखापरीक्षकों की स्वतंत्रता तथा कार्य निष्पादन तथा लेखापरीक्षा प्रक्रिया की प्रभावशीलता की समीक्षा और निगरानी।
  - कंपनी के सम्बद्ध पार्टियों के साथ लेन–देन पर उत्तरवर्ती संशोधन अथवा अनुमोदन।
  - अन्तर–निगम ऋणों तथा निवेशों की संवीक्षा।
  - कंपनी के दायित्व एवं सम्पत्तियों का, जहां आवश्यक हो, मूल्यन।
  - आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों तथा जोखिम प्रबंधन प्रणालियों का मूल्यांकन।
  - आंतरिक लेखापरीक्षकों तथा/अथवा लेखापरीक्षकों के साथ किसी भी उल्लेखनीय निष्कर्ष के बारे में चर्चा करना तथा उस संबंध में अनुवर्ती कार्रवाई करना।
  - जिन मामलों में जालसाजी का संदेह हो, अनियमितता की गई हो या आंतरिक नियंत्रण प्रणालियां उल्लेखनीय ढंग से असफल हुई हों, उन मामलों में आंतरिक लेखापरीक्षकों/लेखापरीक्षकों/एजेंसियों द्वारा की गई आंतरिक जांच के निष्कर्षों की समीक्षा करना तथा बोर्ड को उसकी जानकारी देना।
  - भुगतान के मामले में हुई गंभीर चूकों का पता लगाना।
  - सचेतक तंत्र की कार्यप्रणाली की समीक्षा करना।
  - नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की लेखापरीक्षा रिपोर्ट में दी गई लेखापरीक्षा टिप्पणी पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा करना।
  - कंपनी में होने वाले सभी सम्बद्ध पार्टी लेन–देनों का पूर्व–अनुमोदन व समीक्षा करना।
  - कार्यक्षेत्र व्याप्ति की संपूर्णता, अनावश्यक प्रयासों में कमी तथा सभी लेखापरीक्षा संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए लेखा परीक्षा प्रयासों के समन्वय पर स्वतंत्र लेखापरीक्षकों के साथ समीक्षा करना।
  - प्रबंधन तथा स्वतंत्र लेखापरीक्षकों के साथ निम्नलिखित विषयों पर विचार तथा समीक्षा करना:
    - कम्प्यूटरीकृत सूचना प्रणाली नियंत्रण तथा सुरक्षा सहित आंतरिक नियंत्रणों की पर्याप्तता।
    - प्रबंधन के प्रत्युत्तर सहित स्वतंत्र लेखापरीक्षकों तथा आंतरिक लेखापरीक्षकों के सम्बद्ध निष्कर्ष तथा सिफारिशें।
  - प्रबंधन, आंतरिक लेखापरीक्षक तथा स्वतंत्र लेखापरीक्षक के साथ निम्नलिखित विषयों पर विचार तथा समीक्षा करना:
    - पूर्व लेखापरीक्षा सिफारिशों की स्थिति सहित वर्ष के दौरान के महत्वपूर्ण निष्कर्ष।
    - कार्यक्षेत्र अथवा अपेक्षित सूचना तक पहुंच में किसी प्रकार के प्रतिबंध सहित लेखापरीक्षा कार्य के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई का सामना होना।

लेखा परीक्षा समिति की शक्तियां:

अपनी भूमिका के अनुरूप, लेखापरीक्षा समिति शक्तियों का प्रयोग करेगी, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- लेखापरीक्षा समिति को यह अधिकार होगा कि वह ऊपर विनिर्दिष्ट अथवा बोर्ड द्वारा सौंपे गए किसी भी मामले की जांच कर सकेगा तथा इस उद्देश्य के लिए कंपनी के रिकार्ड में उपलब्ध सूचना पर उसकी पूरी पहुंच होगी।
- किसी भी कर्मचारी के बारे में तथा उससे सूचना मांगना।
- यदि आवश्यकता पड़े तो बाहर से कानूनी अथवा अन्य पेशेवर सलाह लेना।
- यदि आवश्यक हो तो, संगत विशेषज्ञता रखने वाले बाहरी व्यक्तियों की उपस्थिति मांग सकते हैं।
- किसी भी मामले पर लेखापरीक्षा समिति की सिफारिशों पर बोर्ड विचार करेगा।

लेखापरीक्षा समिति द्वारा सूचना की समीक्षा

लेखापरीक्षा समिति निम्नलिखित सूचना की समीक्षा करेगी:

- प्रबंधन के विचार–विमर्श तथा वित्तीय स्थिति का विश्लेषण तथा प्रचालनों का परिणाम;
- महत्वपूर्ण सम्बद्ध पार्टी लेन–देन (लेखा परीक्षा समिति द्वारा यथा परिभाषित), प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत विवरण;
- प्रबंधन के पत्र/सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा जारी आंतरिक नियंत्रण की कमियां संबंधी पत्र;
- आंतरिक नियंत्रण की कमियों से सम्बद्ध आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट;

3.1.3 बैठकें और उपस्थिति

वर्ष 2016–17 के दौरान लेखापरीक्षा समिति की पांच बैठकें आयोजित की गई। आयोजित बैठक से संबंधित ब्यौरा **तालिका 6** में दिया गया है:

तलिका 6: वर्ष 2016–17 के दौरान आयोजित लेखापरीक्षा समिति की बैठकों के ब्यौरे

क्र.सं.	लेखा परीक्षा समिति की बैठकों की तारीख	सदस्यों की संख्या	उपस्थिति सदस्यों की संख्या
1	19 मई, 2016	4	3
2.	26 अगस्त, 2016	4	3
3.	26 सितंबर, 2016	4	4
4.	28 नवंबर, 2016	4	4
5.	27 मार्च, 2017	4	4

वर्ष 2016–17 में लेखापरीक्षा समिति की बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति का ब्यौरा **तालिका 7** में दिया गया है।

तालिका 7: लेखापरीक्षा समिति की बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति का ब्यौरा:

क्र.सं.	लेखापरीक्षा समिति के सदस्यों के नाम	उनके कार्यकाल में आयोजित बैठकों की संख्या	भाग ली गई बैठकों की संख्या
1	श्री बची सिंह रावत	5	5
2	श्री मोहन सिंह रावत	5	5
3	प्रोफे. महाराज के. पंडित	5	3

क्र.सं.	लेखापरीक्षा समिति के सदस्यों के नाम	उनके कार्यकाल में आयोजित बैठकों की संख्या	भाग ली गई बैठकों की संख्या
4	श्री डी.वी. सिंह (टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार ग्रहण करने पर बोर्ड एवं लेखापरीक्षित समिति की कार्यप्रणाली में किन्ही हितों के टकराव से बचने के लिए वे 02.01.2017 से लेखापरीक्षा समिति के सदस्य नहीं हैं।	4	4
5.	श्री एस. के. बिस्वास (02.01.2017 से सदस्य)	1	1

निदेशक (वित्त) और मुख्य लेखापरीक्षा अधिकारी ने विशेष आमंतिती के रूप में लेखापरीक्षा की बैठकों में निरपवाद रूप से भाग लिया।

3.2 पारिश्रमिक समिति

कारपोरेट सुशासन पर डीपीई दिशानिर्देशों, लिस्टिंग करार और सेबी (लिस्ट ऑफ ऑब्लिगेशन एंड डिस्क्लोजर की आवश्यकता) विनियम, 2015 के अनुसार, निर्धारित सीमा के भीतर वेतन और भत्तों, वार्षिक बोनस/परिवर्तनीय वेतन पूल तथा कार्यपालकों एवं गैर–यूनियन पर्यवेक्षकों में वितरण संबंधी नीति के बारे में विचार करने तथा निर्णय लेने के लिए पारिश्रमिक समिति का निम्न प्रकार से पुनर्गठन किया गया। पारिश्रमिक समिति में तीन सदस्य शामिल हैं। सदस्यों के नाम तथा उनकी श्रेणी **तालिका 8** में दी गई है:

तालिका 8: पारिश्रमिक समिति के सदस्यों के नाम तथा उनकी श्रेणियां:

क्र.सं.	सदस्यों के नाम	सदस्यों की श्रेणी
1	श्री बची सिंह रावत	स्वतंत्र निदेशक–अध्यक्ष
2	प्रो. महाराज कृष्ण पंडित	स्वतंत्र निदेशक–सदस्य
3	श्रीमती अंजु भल्ला	सरकार द्वारा नामित निदेशक –सदस्य

निदेशक (कार्मिक) समिति के स्थायी विशिष्ट आमंतिती हैं।

3.2.2 बैठकें और उपस्थिति

वित्त वर्ष 2016–17 के दौरान पारिश्रमिक समिति की एक बैठक 27 मार्च, 2017 को आयोजित की गईं। पारिश्रमिक समिति की जिन बैठकों में सदस्य गण शामिल हुए थे, उनका ब्यौरा इस प्रकार है:

तालिका 9: पारिश्रमिक समिति के सदस्यों के नाम तथा उनकी उपस्थिति

क.सं.	पारिश्रमिक समिति के सदस्य	सदस्यों की श्रेणी	उनके कार्यकाल में आयोजित बैठक	भाग ली गई बैठकों की संख्या
1	श्री बची सिंह रावत	अध्यक्ष	1	1
2	प्रो. महाराज कृष्ण पंडित	सदस्य	1	1
3	श्रीमती अंजु भल्ला	सदस्य	1	1

निदेशक (कार्मिक) ने विशेष आमंतिती के रूप में बैठक में भाग लिया।

3.3 सीएसआर तथा सततता विकास समिति

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 तथा सीएसआर तथा सततता नीति– 2014 के अनुसार आपकी कंपनी की सीएसआर गतिविधियों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए बोर्ड ने बोर्ड स्तर की सीएसआर तथा सततता समिति का गठन किया है।

3.3.1 संरचना

दिनांक 31.03.2017 के अनुसार सीएसआर तथा सततता समिति की संरचना तालिका 10 में दी गई है:

तालिका 10: सीएसआर तथा सततता समिति के सदस्यों के नाम तथा उनकी श्रेणियां :

क्र.सं.	सदस्यों के नाम	सदस्यों की श्रेणी
1	श्री मोहन सिंह रावत	स्वतंत्र निदेशक – अध्यक्ष
2	श्री बची सिंह रावत	स्वतंत्र निदेशक – सदस्य
3	श्री डी.वी. सिंह	प्रकार्यात्मक निदेशक – सदस्य
4	श्री श्रीधर पात्रा	प्रकार्यात्मक निदेशक – सदस्य

महाप्रबंधक (एस एंड ई), नोडल अधिकारी होने के नाते समिति में स्थायी विशिष्ट आमंतिती हैं।

3.3.2 बैठकें तथा उपस्थिति

वित्त वर्ष 2016–17 में सीएसआर तथा सततता समिति की दो बैठक आयोजित की गईं। आयोजित बैठक का ब्यौरा **तालिका 11** में दिया गया है:

तालिका 11: सीएसआर तथा सततता समिति की बैठक तथा उनकी उपस्थिति:

क्र.सं.	सीएसआर तथा सततता समिति की बैठक की तारीख	सदस्यों की संख्या	उपस्थित सदस्यों की संख्या
1	19 मई, 2016	4	4
2	02 जनवरी, 2017	4	4

सीएसआर तथा सततता समिति के कार्य

बोर्ड स्तर की सीएसआर तथा सततता समिति कंपनी के सीएसआर–एसडी कार्यक्रम/गतिविधियों के कार्यान्वयन तथा मानीटरिंग पर नजर रखती है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- सीएसआर तथा सतत परियोजनाओं/गतिविधियों तथा वार्षिक योजना/बजट पर विचार करना।
- आवधिक सीएसआर–एसडी प्रगति रिपोर्ट/स्थिति रिपोर्ट पर विचार करना।
- सीएसआर–एसडी गतिविधियों की मानीटरिंग करना।
- सीएसआर–एसडी परियोजनाओं की प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट पर विचार करना।
- अन्य कोई कार्य जिसे आवश्यक समझा जाए आदि।

4. आम सभा की बैठकें

जिस तारीख, समय तथा स्थान पर पिछली तीन वार्षिक आम सभा की बैठकें आयोजित की गई थीं, उन्हें **तालिका 12** में दर्शाया गया है।

तालिका 12: पिछली तीन वार्षिक आम सभा की बैठकों के ब्यौरे:

वार्षिक आम सभाएं	26 सितम्बर, 2016 को आयोजित 28वीं वार्षिक आम सभा	22 सितम्बर, 2015 को आयोजित 27वीं वार्षिक आम सभा	27 सितम्बर, 2014 को आयोजित 26वीं वार्षिक आम सभा
समय	अपराह्न 12.30 बजे	अपराह्न 05.00 बजे	अपराह्न 05.00 बजे
स्थान	टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, ऋषिकेश	टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, प्रथम तल, ईस्ट टावर, एनबीसीसी प्लेस, भीष्म पितामह मार्ग, नई दिल्ली	टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, प्रथम तल, ईस्ट टावर, एनबीसीसी प्लेस, भीष्म पितामह मार्ग, नई दिल्ली
विशेष कार्य व्यवहार	• वित्त वर्ष 2016–17 के लिए लागत लेखा परीक्षक का पारिश्रमिक नियत करना • निजी प्लेसमेंट आधार पर सुरक्षित गैर–परिवर्तनीय गैर–संचयी बॉन्ड जारी करना।	• वित्त वर्ष 2015–16 के लिए लागत लेखा परीक्षक का पारिश्रमिक नियत करना • प्रतिभूत बांड जारी करके रू. 2500 करोड़ का ऋण लेना।	• वित्त वर्ष 2014–15 के लिए लागत लेखा परीक्षक का पारिश्रमिक नियत करना • प्रदत्त पूंजी तथा स्वतंत्र आरक्षित से अधिक बोर्ड के ऋण लेने की षक्ति को अनुमोदन प्रदान करना।

5. प्रकटन

5.1 सतर्कता तंत्र

कंपनी का अलग सतर्कता प्रभाग है जो टीएचडीसीआईएल के कर्मचारियों तथा इसके साथ व्यवसाय कर रहे सप्लायरों, ठेकेदारों, परामर्शदाओं, सेवा प्रदाताओं या अन्य पक्षों के प्रतिनिधियों से संबंधित धोखाधड़ी या संदिग्ध मामलों पर ध्यान देता है। सचेतक नीति निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदन की गयी तथा कंपनी में लागू है और यह टीएचडीसीआईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

5.2 सम्बद्ध पक्षकारों से लेन–देन:

प्रोमोटरों, निदेशकों या प्रबंधन के साथ महत्वपूर्ण प्रकृति का ऐसा कोई संव्यवहार नहीं है, जिसमें कंपनी के हित के साथ बड़ा अंतर्विरोध हो। संबंधित पक्षकारों के प्रकटन का ब्यौरा लेखा पर टिप्पणी में शामिल किया गया है।

5.3 सेबी (दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाओं की लिस्टिंग) विनियम, 2015 एवं कारपोरेट सुशासन पर डीपीई के दिशा–निर्देश:

कंपनी ने सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए निगमित सुशासन पर जारी स्टाक एक्सचेंज एवं दिशा–निर्देश के साथ लिस्टिंग करार की अपेक्षाओं का अनुपालन किया है। वर्ष के दौरान कंपनी पर किसी सांवधिक प्राधिकारी

द्वारा गैर–अनुपालन के लिए कोई दंड या निंदा नहीं की गई।

5.4 लेखांकन व्यवहार – प्रबंधन के दृष्टिकोण से वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए सभी लागू लेखांकन मानकों का अनुसरण किया गया।

5.5 स्वतंत्र निदेशकों की अलग बैठक

टीएचडीसीआईएल में इस समय 3 स्वतंत्र निदेशक हैं। वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान स्वतंत्र निदेशकों की एक बैठक 27 मार्च, 2017 को आयोजित हुई जिसमें सभी स्वतंत्र निदेशक उपस्थित थे।

5.6 निदेशकों से परिचित कराना

कंपनी ने विभिन्न कार्यक्रमों/प्रस्तुतीकरणों के माध्यम से स्वतंत्र निदेशकों को कंपनी में उनकी भूमिका, अधिकार, उत्तरदायित्व, उद्योग की प्रकृति जिसमें कंपनी का प्रचालन एवं कंपनी के व्यावसायिक मॉडल के बारे में अवगत कराया गया। ऐसे परिचय का विवरण कंपनी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

5.7 निवेशकों के लिए सूचना

5.7.1 स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्धता

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड कारपोरेट बांड निम्नलिखित स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध है:

बीएसई लिमिटेड	नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
पता: फिरोजजीजीभाय टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई–400001 **आईएसआईएन:** आईएनई812वी07013	**पता:** एक्सचेंज प्लाजा, प्लाट नं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा(पूर्व), मुंबई–400051 **आईएसआईएन:** आईएनई812वी07013

वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए वार्षिक सूचीबद्ध शुल्क 30 अप्रैल, 2016 से पहले दोनों स्टॉक एक्सचेंजो को भुगतान किया गया है।

5.7.2 रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर ऐजंट्स

कार्वे कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड
कार्वे सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31–32
गाछीबउली,
फाइनेंनसियल डिस्ट्रिक्टि जिला, नानाकर्मगुडा,
हैदराबाद–500 032

5.7.3 डिबेंचर ट्रस्टी

विस्त्रा आईटीसीएल (इंडिया) लिमिटेड
ए–268, प्रथम तल,
भीष्म पितामह मार्ग,
नई दिल्ली –110014
मो.नं.:919619105439
ईमेल – Sanjay.Dodti@vistra.com

5.7.4 निवेशक व्यथा

31मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान, कंपनी को किसी निवेशक की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

5.7.5 केंद्रीयकृत वेब आधारित निवारक प्रणाली–स्कोर्स

सेबी अर्थात स्कोर्स (सेबी शिकायत निवारक प्रणाली) की केंद्रीयकृत वेब आधारित शिकायत निवारक प्रणाली कंपनी में प्रयोग में लाई जाती है। स्कोर्स के माध्यम से बांडधारक कंपनी के प्रति अपनी शिकायत निवारण के लिए रजिस्टर करा सकते हैं। दर्ज कराई गई प्रत्येक शिकायत की स्थिति ऑन लाइन भी देखी जा सकती है। यदि वे इस बात से संतुष्ट हों कि शिकायतों का समुचित रूप से निपटान किया गया है तो सेबी द्वारा शिकायतों का निपटारा कर दिया जाता है।

5.7.6 अनुपालन अधिकारी का नाम तथा पदनाम

सुश्री रश्मि शर्मा, कंपनी सचिव सूचीकरण अनुबंध के खंड 6 की मद में अनुपालन अधिकारी है।

6. लाभांश का भुगतान

वर्ष	वित्तीय वर्ष के लिए प्रदत्त लाभांश की कुल राशि	वार्षिक साधारण सभा की तारीख जिसमें लाभांश घोषित किया गया
2014–15	140	22 सितंबर, 2015
2015–16	162	26 सितंबर, 2016
2016–17	221	20 सितंबर, 2017 (अनुसूचित)



7. शेयरहोल्डिंग प्रतिमान

क्रमांक	श्रेणी	कुल शेयर	% इक्विटी
1	भारत के राष्ट्रपति	26880717	74.1943974
2	उत्तर प्रदेश के राज्यपाल	9349400	25.80560
3	अन्य नाममात्र शेयरधारक	10	0



8. सचेतक नीति

अनैतिक/अनुचित आचरण की घटनाओं की रिपोर्टिंग करने, इसकी जांच करने के लिए उचित कदम उठाने एवं उपचारात्मक कार्रवाई करने के लिए टीएचडीसी में पूर्ण परिभाषित सचेतक नीति है। किसी भी कार्मिक को लेखा परीक्षक समिति से संपर्क करने के लिए मना नहीं किया गया है। नीति में धोखाधड़ी को रोकने के लिए तंत्र भी शामिल है।

- इसमें सद्भावपूर्वक सचेत करने वाले कर्मचारियों की उत्पीड़न से रक्षा करने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों की व्यवस्था की गई है।
- जानबूझ कर झूठा आरोप लगाने वाले कर्मचारी पर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।
- कंपनी पारदर्शिता सुनिश्चित करती है।

8. शिकायत निवारण तंत्र

संगठन की उत्पादकता और दक्षता में सुधार करने तथा कार्य की संतुष्टि में वृद्धि के लिए कर्मचारियों की शिकायत का शीघ्र निपटारा करने हेतु आसान और सुलभ व्यवस्था करने के उद्देश्य से डीपीई दिशानिर्देश के क्रम में शिकायत निवारण समिति गठित की गयी।

9. जोखिम प्रबंधन

कंपनी ने जून, 2012 में "जोखिम प्रबंधन मैनुअल" अपनाया। इस मैनुअल से यह अभिप्रेत है कि यह निगम में कार्यान्वयन की विभिन्न अवस्थाओं में विभिन्न जल विद्युत परियोजनाओं में एकरूप जोखिम प्रबंधन प्रणाली बनाए रखे। 'जोखिम प्रबंधन योजना' के विकास एवं कार्यान्वयन के लिए मैनुअल के अनुसार वित्त, नियोजन, परिकल्प तथा परियोजना इत्यादि से सदस्यों को लेकर जोखिम प्रबंधन समिति गठित की गई है। जोखिम प्रबंधन योजना की प्रभावशीलता में सुधार के लिए सुझाव देने हेतु समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जा रही हैं।

मैनुअल के क्रम में जोखिम प्रबंधन योजना कार्यान्वित की गई। "जोखिम प्रबंधन मैनुअल" में उल्लेख किए गए अनुसार प्रत्येक विभाग ने जोखिम रजिस्टर खोला है और जोखिम वाले कार्यकलापों के समन्वय के लिए नोडल जोखिम अधिकारी नामित किया है। जोखिम की किसी घटना के होने पर उसका रिकार्ड 'जोखिम अनुभव रजिस्टर में रखा जाएगा, जिसमें भविष्य के संदर्भ के लिए जोखिम की घटना तथा उसे कम करने के लिए की गई कार्रवाई का विवरण दिया जाएगा। कंपनी द्वारा समय–समय पर कंपनी के जोखिम प्रबंधन की समीक्षा की जाती है। बोर्ड भी नियमित आधार पर जोखिम प्रबंधन की समीक्षा करता है। वर्ष के दौरान जोखिम की कोई महत्वपूर्ण घटना नहीं घटी।

10. रिकार्ड प्रबंधन प्रणाली

टीएचडीसी ने भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार के दिशानिर्देशों के अनुरूप रिकार्ड प्रबंधन मैनुअल अंगीकार किया है। कंपनी के अभिलेख प्रबंधन की देखरेख के लिए मुख्य अभिलेख अधिकारी और अपेक्षित स्टाफ नियुक्त किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार के दिशानिर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ ऋषिकेश में एक अलग अभिलेख कार्यालय बनाया गया है।

11. संचार का माध्यम

कंपनी अपने शेयरधारकों से वार्षिक रिपोर्ट, साधारण सभा, समाचार पत्र एवं वेबसाइट के जरिए संवाद करती है। सूचीबद्ध करार एवं सेबी (लिस्टिंग ओबलिगेशन एंड डिक्लोजर रिक्वायरमेंट) विनियामक, 2015 के अनुसार कंपनी के आवधिक वित्तीय परिणाम विनिर्दिष्ट समय में घोषित किए जाते हैं। ये परिणाम राष्ट्रीय और स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किए जाते हैं। कंपनी ने कर्मचारियों के साथ–साथ जनता को भी सामग्री उपलब्ध कराते हुए अपनी आधिकारिक वेबसाइट बनाई है। कंपनी के बारे में सभी सामग्री वेबसाइट पर होस्ट गई है। कंपनी की वेबसाईट www.thdc.co.in है।

12. भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक

आपकी कंपनी सरकारी सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम होने के नाते भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के क्षेत्राधिकार में आती है तथा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के अंतर्गत इसका संसदीय निरीक्षण भी किया जा सकता है।

कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों की नियुक्ति भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक द्वारा की जाती है जो लेखापरीक्षकों द्वारा की जाने वाली लेखापरीक्षा की रीति–नीति के बारे में उन्हें निदेश देते हैं। भारत के

नियंत्रक और महालेखापरीक्षक को सांविधिक लेखापरीक्षकों की लेखापरीक्षा रिपोर्टों पर टिप्पणी करने का अधिकार प्राप्त है। इसके अतिरिक्त, भारत के नियंत्रक व महालेखापरीक्षक आपकी कंपनी की लेखाओं का परीक्षण की दृष्टि से लेखापरीक्षा करते हैं तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं। कंपनी की लेखा परीक्षित रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा के अंदर संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत की जाती है।

13. कारपोरेट आचार नीति

आपकी कंपनी के निदेशक मण्डल ने कारपोरेट सुशासन पहल के भाग के रूप में कारपोरेट आचार नीति को अंगीकृत किया है। आचार नीति का प्रयोजन कंपनी के कर्मचारियों में अपने सरकारी कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए उच्चतम व्यावसायिक नैतिकता, अच्छा सुशासन, ईमानदारी, सत्यानिष्ठा और निष्पक्षता के मानक को स्थापित करना है।

14. निदेशक मण्डल के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन के लिए आचार संहिता

निदेशक मंडल ने कंपनी के मिशन और लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कंपनी के विजन और नैतिक मूल्यों के अनुरूप बोर्ड के सदस्यों तथा प्रबंधन से जुड़े वरिष्ठ प्रबंधन वर्ग के लिए एक पृथक आचार संहिता तथा नीति निर्धारित की है। इसका उद्देश्य कंपनी के मामलों को संचालित करने में आचार नीति तथा पारदर्शिता की प्रक्रिया को बढ़ाना है।

निदेशक मण्डल के सदस्यों और निगम के अपर महाप्रबंधक स्तर तक के वरिष्ठ प्रबंधन से आचार संहिता और नैतिकता के अनुपालन के संबंध में वार्षिक अभिवचन प्राप्त किया गया है।

डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 3.4.2 के तहत यथापेक्षित घोषणा

''बोर्ड के सभी सदस्यों ने 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि कर दी है''।

(डी.वी. सिंह)

अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक

कारपोरेट सुशासन प्रमाण पत्र

डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार प्रक्टिसिंग कंपनी सचिव द्वारा जारी कारपोरेट सुशासन अनुपालन प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया गया है।

15. पत्राचार के लिए पता

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
प्रगतिपुरम, बाईपास रोड,
ऋषिकेश–249201
उत्तराखंड

पत्राचार के लिए फोन नं. तथा ई–मेल संदर्भ नीचे दिए गए है:

कंपनी सचिव	सुश्री रश्मि शर्मा
कार्यालय से संपर्क करने के लिए टेलीफोन नं.	0135–2439309, फैक्स–0135–2439442
ई–मेल	rashmi.thdc@gmail.com
सार्वजनिक शिकायतों के लिए	श्री आर.एन. सिंह, अपर महाप्रबंधक (एस. पी)/निदेशक, लोक शिकायत
संपर्क फैक्स नं.	0120–2776490 0120–2776433
ई–मेल	rnsingh@thdc.co.in

पी.एस.आर.मूर्ति
प्रेक्टिसिंग कंपनी सचिव
सी.पी. 13090

कारपोरेट सुशासन का प्रमाण पत्र

सेवा में,
सदस्यगण,
टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
टिहरी गढवाल,
टिहरी–249001

1. मैंने **टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (कंपनी)** सीआईएन. यू45203यूआर1988जीओआई009822 द्वारा मई, 2010 में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए जारी दिशा–निर्देशों के साथ पढ़े जाने वाले कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार कारपोरेट सुशासन की शर्तों के अनुपालन की जांच कर ली है। टीएचडीसी इंडिया लि., ऋण प्रतिभूतियों के लिए सूचीबद्ध है और भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की इक्विटी अंशभागिता के साथ भारत सरकार का उपक्रम है।
2. कारपोरेट सुशासन की शर्तों का अनुपालन प्रबंधन की जिम्मेदारी है। मेरी जांच कारपोरेट सुशासन की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा अंगीकार की गई प्रक्रिया विधियों तथा उनके कार्यान्वयन तक सीमित थी। यह कंपनी के वित्तीय विवरणों के संबंध में न तो लेखापरीक्षा है और न ही राय की अभिव्यक्ति है।
3. मेरी राय में और मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार तथा मुझे दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार मैं प्रमाणित करता हूं कि कंपनी ने कारपोरेट सुशासन की शर्तों का अनुपालन किया है।
4. मेरा आगे यह भी कथन है कि इस प्रकार का अनुपालन, न तो कंपनी की भावी व्यवहार्यता के बारे में और न ही वह कार्यकुशलता या कारगरता के बारे में कोई आश्वासन है जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के कार्यों को संपन्न किया है।

हस्ता./–
(पी.एस.आर. मूर्ति)
प्रेक्टिसिंग कंपनी सचिव

स्थानः नई दिल्ली
तारीखः 09 सितंबर, 2017

178 RPS FLATS, SHEIK SARAI PHASE-1, NEW DELHI-110 017
MOBILE: 919816010286; TEL:011-26018714
EMAIL:pendyala50@yahoo.com

कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट

विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं निदेशक (वित्त)

निदेशकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक–II

कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की रिपोर्ट

कंपनी की सीएसआर नीति की संक्षिप्त रूपरेखा

कंपनी अधिनियम, 2013 तथा सीएसआर नियमावली की अपेक्षानुसार निवल संपत्ति, कुल ब्रिकी अथवा लाभ की सीमा रेखा पर आधारित पात्रता के मानदंड के अंतर्गत आने वाली सभी कंपनियों को कंपनी अधिनियम की अनुसूची VII में विनिर्दिष्ट कार्यकलापों को करने के लिए सीएसआर नीति बनाएगी। तदनुसार आपकी कंपनी के पास बोर्ड से अनुमोदित सीएसआर तथा सततता नीति, 2015 है। आपकी कंपनी की सीएसआर पर अभिदृष्टि है "सामाजिक रूप से जिम्मेदार कारपोरेट समाज एवं समुदाय में मूल्य सृजन में सतत वृद्धि तथा सतत विकास को प्रोत्साहन करना।"

सीएसआर और सततता गतिविधि की योजना बनाना तथा चयन करना

- सीएसआर नियम और कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII में यथा विनिर्दिष्ट सीएसआर परियोजनाओं की योजना बनाई जाती है और उनका चयन किया जाता है।
- सीएसआर कार्यकलाप परियोजना/कार्यक्रम प्रणाली में सम्पन्न किए जाते हैं, जिससे आबंटित बजट के अंदर आवश्यक संसाधनों का लक्ष्य निर्धारित करते हुए तथा निष्पादन के चरणों की योजना बनाई जाती है। वांछित परिणामों को प्राप्त करने के लिए निश्चित समय–सीमा तय की जाती है ।
- टीएचडीसीआईएल सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों अथवा कार्यकलापों को सम्पन्न करने के लिए अन्य कंपनियों/केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थाओं से सहयोग ले सकती है।
- जो कंपनी की व्यापारिक नीतियों एवं रणनीति के अनुकूल हों ऐसे सीएसआर और सततता कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाती है।
- केवल उन्हीं सीएसआर गतिविधि/परियोजनाओं का चयन किया जाता है जिनका कार्यान्वयन /देखरेख आंतरिक विशेषज्ञता द्वारा बेहतर तरीके से किया जा सके।
- किसी भी सीएसआर कार्यकलाप के चयन से पूर्व बेस लाइन/ आवश्यकता आंकलन कराया जाता है।
- सीएसआर समिति की सिफारिशों पर वार्षिक सीएसआर तथा सततता योजना का बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया जाता है।
- हमारी सीएसआर परियोजनाएं/कार्यक्रम समाज के वंचित तथा सीमांत वर्ग की वृद्धि एवं उन्नयन हेतु समग्र विकास सुनिश्चित करते हैं।

महिला सशक्तिकरण के लिए कम्प्यूटर केंद्र का संचालन

टीएचडीसीआईएल की सीएसआर संचार रणनीति

बोर्ड द्वारा अनुमोदित टीएचडीसीआईएल की सीएसआर संचार रणनीति प्रमुख हितधारकों के साथ संचालित संचार नीति में कंपनी द्वारा चलाई जा रही या चलाई जाने वाली सीएसआर सततता पहलों के संबंध में उनके विचार और सुझाव सुनिश्चित करना शामिल है। हालांकि सीएसआर गतिविधि के चयन तथा कार्यान्वयन पर अंतिम निर्णय बोर्ड स्तरीय सीएसआर समिति द्वारा लिया जाता है।

सीएसआर परियोजनाएं/कार्यकलाप

टीएचडीसीआईएल द्वारा जो भी सीएसआर कार्य सम्पन्न किया जाता है वह उसके प्रकार्यों तथा कार्यकलापों से सीधे प्रभावित होने वाले हितधारियों की प्राथमिकता पर विशुद्ध रूप से आधारित होता है। दीर्घावधि में कोई लाभ न देने वाली टुकडों–टुकडों में छोटी–मोटी आवश्यकताओं की

पूर्ति के स्थान पर टीएचडीसीआईएल लक्षित समुदायों के समग्र विकास पर ध्यान देता है। महिलाओं का शोषण रोकने के लिए महिला सशक्तिकरण, खेती तथा बागवानी कार्यों में हस्तक्षेप से आय अर्जन, स्वयं सहायता समूहों में पुनर्चक्रण निधि के माध्यम से आय अर्जन, चल–खाल (तालाबों) के जीर्णोद्धार/निर्माण करके पारंपरिक पारिस्थितिकी ज्ञान को बढ़ावा, जल हार्वेस्टिंग संरचनाओं को बढ़ावा, क्षमता विकास हेतु पारंपरिक जल–मिलों का आधुनिकीकरण, ईंधन, चारा और औषधीय वृक्षों का रोपण, स्वास्थ्य सेवाएं, संरक्षित पेय जल की उपलब्धता, स्वच्छता सुविधाएं (आर्थिक रूप से कमजोर, एससी/एसटी तथा ओबीसी वर्ग को) शिक्षा को बढ़ावा, कंप्यूटर एवं सिलाई में कौशल प्रशिक्षण, स्थानीय आईटीआई की सहायता सहित रोजगार सृजन, पर्यावरण सततता सुनिश्चित करना, परिस्थितिकी संतुलन आदि समग्र विकास में शामिल हैं।

हितधारियों को लगातार विभिन्न बैठकों, संगोष्ठियों तथा कृषक गोष्ठियों के माध्यम से जोड़ कर रखा जाता है। हमारी सीएसआर परियोजनाओं से हुए लाभ प्रत्यक्ष हैं। इस क्षेत्र में विशेषकर परियोजना प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले लोग अपने कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत सेवा–टीएचडीसी द्वारा कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं/कार्यक्रमों/कार्यकलापों से अब समुचित रूप से परिचित हैं और सेवा–टीएचडीसी द्वारा सम्पन्न कराए जा रहे विभिन्न सीएसआर कार्यों में सक्रिय रूप से सहयोग दे रहे हैं।

नीति के अनुसार सीएसआर निधि का लगभग 65 प्रतिशत प्रचालन क्षेत्र के आस–पड़ोस में उपयोग में लाया जा रहा है और शेष निधि उस विस्तृत भौगोलिक क्षेत्र में उपयोग में लाई जा रही है, जहां हमारा व्यवसाय फैला हुआ है।

वर्ष के दौरान चलाई जा रही सीएसआर गतिविधियों को मुख्य रूप से निम्न शीर्षों में वर्गीकृत किया जा सकता है:

- टीएचडीसी जागृति – शिक्षा विकास
- टीएचडीसी निरामय – स्वास्थ्य एवं स्वच्छता
- टीएचडीसी प्रकृति – पर्यावरण प्रबंधन
- टीएचडीसी उत्थान – (ग्रामीण विकास)
- टीएचडीसी समर्थ – महिला सशक्तिकरण

सेवा – टीएचडीसी ने 10 मार्च 2017 को श्रेष्ठ सीएसआर संव्यवहारों का सार–संग्रह भी प्रकाशित किया है।

विस्तृत सीएसआर गतिविधियां परिशिष्ट – I में दी गई हैं।

सीएसआर बजट

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार कंपनी को पिछले तीन वर्षों के अपने औसत निवल लाभ का कम से कम दो प्रतिशत खर्च करना होगा। तद्नुसार वर्ष 2016–17 के लिए सीएसआर बजट रू. 15.28 करोड़ है। टीएचडीसी द्वारा प्रायोजित समितियों, सेवा– टीएचडीसी एवं टीएचडीसी शिक्षा समिति को सीएसआर परियोजनाओं के कार्यान्वयन का दायित्व सौंपा गया है। टीएचडीसीआईएल की सीएसआर एवं सततता नीति 2015 के अनुसार सीएसआर बजट का उपयोग मुख्यतः टीएचडीसीआईएल के प्रचालन क्षेत्रों के आस–पास और विविध परियोजना स्थलों/व्यापारिक स्थलों के आसपास के क्षेत्रों में किया गया है। कंपनी सीएसआर और सततता कार्यक्रम बोर्ड स्तर के नीचे की समिति (बीबीएलसी) तथा बोर्ड स्तर (बीएलसी) की सीएसआर समिति द्वारा संचालित किए जाते हैं।

कार्यान्वयन तंत्र

सीएसआर परियोजनाएं/कार्यक्रम/कार्यकलाप साझेदार गैर–सरकारी संगठनों, समितियों, न्यासों, सरकारी एजेंसियों तथा विश्वविद्यालयों, इत्यादि के सहयोग से कंपनी प्रायोजित समितियों यथा सेवा–टीएचडीसी तथा टीएचडीसी शिक्षा समिति (टीईएस) के माध्यम से कार्यान्वित किए जाते हैं।

मानीटरिंग, मूल्यांकन और प्रभाव मूल्यांकन

क) अभिज्ञात प्रमुख निष्पादन सूचकांकों की सहायता से आवधिक रूप से कार्यक्रमों/कार्यकलापों की मानीटरिंग की जाती है, इसकी आवधिकता मुख्यतः निष्पादक सूचकों तथा परियोजना चक्र की प्रकृति के अनुसार निर्धारित की जाती है। मानीटरिंग निरंतर फीड बैक तंत्र के साथ परियोजना मोड में की जाती है तथा कार्यान्वयन में मिड कोर्स करेक्शन के लिए साधन हमेशा उपलब्ध रहता है जब भी अपेक्षित हो

ख) विविध स्तरों पर निम्नलिखित पहल माध्यमों का उपयोग कर आवधिक मानीटरिंग की जाती है–

1) मासिक प्रगति रिपोर्ट
2) तिमाही प्रगति रिपोर्ट

3) वीडियो कांफ्रेंसिंग
4) स्थल भ्रमण
5) फोटोग्राफी, फिल्म तथा विडियो सहित प्रलेखी साक्ष्य
6) अन्य–सीएसआर समिति द्वारा निर्धारित, इन हाउस मानीटरिंग तंत्र

ग) रू. 5.0 लाख या उससे अधिक की सीएसआर परियोजनाओं का स्वतंत्र बाहरी एजेंसियों/विशेषज्ञों द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया जा रहा है। प्रभाव आंकलन के आधार पर भावी सीएसआर गतिविधियों की योजना बनाई जाती है।

सीएसआर परियोजनाओं की लेखा–परीक्षा

सेवा–टीएचडीसी, टीएचडीसी शिक्षा समिति (टीईएस), कार्यान्वयन एजेंसियों के खातों की वार्षिक लेखा–परीक्षा संबंधित समितियों के उप–नियमों के अनुसार प्रेक्टिसिंग चार्टर्ड एकाउन्टेंट से करायी जाती है।

बोर्ड स्तर के नीचे की समिति (बीबीएलसी) एवं बोर्ड स्तर की समिति (बीएलसी)

कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार कंपनी ने बोर्ड स्तरीय सीएसआर समिति(बीएलसी) का गठन किया है, जिसमें स्वतंत्र निदेशक तथा प्रकार्यात्मक निदेशक सदस्य होते हैं। बीएलसी के अध्यक्ष स्वतंत्र निदेशक हैं। बोर्ड स्तरीय सीएसआर समिति की नियमित बैठकों का आयोजन किया जाता है जिसमें वार्षिक सीएसआर बजट, सीएसआर गतिविधियों की समीक्षा, कार्यान्वयन तंत्र आदि पर विचार किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, सीएसआर कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए बोर्ड स्तर के नीचे की सीएसआर समिति (बीबीएलसी) का भी गठन किया गया है, जिसके सदस्य कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी तथा बाहरी विशेषज्ञ होते हैं।

बोर्ड स्तरीय सीएसआर समिति का गठन इस प्रकार है:

- श्री मोहन सिंह रावत, स्वतंत्र निदेशक – अध्यक्ष
- श्री डी.वी.सिंह, प्रकार्यात्मक (निदेशक) – सदस्य
- श्री बच्ची सिंह रावत, स्वतंत्र निदेशक – सदस्य
- श्री श्रीधर पात्रा, निदेशक (वित्त) – सदस्य

कंपनी का पिछले तीन वित्तीय वर्षों का औसत शुद्ध लाभ	:	763.04 करोड़ रुपए
निर्दिष्ट सीएसआर व्यय (निवल औसत लाभ का 2 प्रतिशत)	:	पिछले तीन वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का 2 प्रतिशत अर्थात 15.28 करोड़ रुपए ।
वित्तीय वर्ष के दौरान व्यय की गई सीएसआर राशि का विवरण :		
(क) वित्तीय वर्ष के लिए व्यय की गई कुल राशि ।	:	कुल 15.35 करोड़ रुपए जो पिछले तीन वर्षों के औसत शुद्ध लाभ के 2 प्रतिशत से अधिक है।
(ख) व्यय न की गई राशि, यदि कोई हो।	:	शून्य
(ग) वित्तीय वर्ष के दौरान व्यय की गई राशि को खर्च करने के तरीके।	:	परिशिष्ट – I के अनुसार
यदि कंपनी पिछले तीन वित्तीय वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत या उसके किसी भाग को खर्च करने में नाकाम रही है, तो कंपनी को बोर्ड की रिपोर्ट में राशि खर्च न कर पाने का कारण देना होगा।	:	टीएचडीसीआईएल ने वित्त वर्ष 2016–17 के लिए सीएसआर पर पूर्ववर्ती तीन वर्ष के औसत शुद्ध लाभ के 2 प्रतिशत से अधिक व्यय किया है।

सीएसआर समिति का उत्तरदायित्वपूर्ण कथन है कि सीएसआर नीति का कार्यान्वयन और निगरानी, सीएसआर के उद्देश्यों और कंपनी की नीति के अनुपालन में है ।

हस्ताक्षर (अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक)	हस्ताक्षर (सीएसआर समिति के अध्यक्ष)

वित्त वर्ष 2016–17 के दौरान विभिन्न सीएसआर गतिविधियां

टीएचडीसी जागृति – शिक्षा विकास

शिक्षा और कौशल विकास को रोजगार–उत्पादन का महत्वपूर्ण भाग मानते हुए निम्नानुसार विभिन्न उपाए किए गए।

- **ऋषिकेश तथा टिहरी विद्यालयों के माध्यम से शिक्षा**

  एक जिम्मेदार कारपोरेट नागरिक के रूप में टीएचडीसीआईएल जरूरतमंद बाहरी हितधारकों के बीच शिक्षा को बढ़ावा देने एवं योगदान करने के लिए दो विद्यालय चला रहा है, एक भागीरथीपुरम, टिहरी में जो छठी से बाहरवीं कक्षा तक तथा दूसरा प्रगतिपुरम, ऋषिकेश में है जो पहली से दसवीं कक्षा तक शिक्षा प्रदान कर रहा है। ये विद्यालय टीएचडीसीआईएल शिक्षा समिति (टीईएस) के अंतर्गत पिछड़े तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति सहित आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए संचालित किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों को निःशुल्क ड्रेस, पुस्तकें तथा लेखन सामग्री, बस सेवा के साथ ''नैवैद्यम'' योजना के अंतर्गत मध्याह्न भोजन भी उपलब्ध कराया जाता है।

  वर्ष के दौरान विद्यार्थीगण विभिन्न पाठ्येत्तर गतिविधियों यथा वाद–विवाद, निबंध लेखन, सांस्कृतिक कार्यक्रम संबंधी प्रतियोगिताओं के साथ–साथ स्वच्छ भारत अभियान में भी भागीदारी करते हैं।

- **जूनियर हाई स्कूल कोटेश्वरपुरम**

  उपरोक्त के साथ ही केएचईपी के परियोजना प्रभावित परिवारों के बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए सेवा–टीएचडीसी द्वारा ओमकारानंद सरस्वती पब्लिक विद्यालय, शिक्षा समिति के माध्यम से कोटेश्वर, टिहरी में अंग्रेजी माध्यम का एक जूनियर हाई स्कूल संचालित किया जा रहा है। बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने तथा पाठ्यक्रम संबंधी कार्यकलापों के बारे में सिखाने हेतु योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। अधुनातन शिक्षा पाने के लिए इस विद्यालय में कुल 140 विद्यार्थी पंजीकृत हैं।

वीपीएचईपी परियोजना क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

- **टीएचडीसी इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रो पावर तथा टेक्नोलॉजी संस्थान**

  टीएचडीसीआईएल द्वारा सीएसआर कार्यक्रमों के अंतर्गत भागीरथीपुरम (टिहरी बांध और एचपीपी के पास), टिहरी में एक इंजीनियरिंग कालेज स्थापित किया है, ताकि कुशल जनशक्ति/तकनीकी स्नातक की भावी आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके। इस संस्थान में अत्याधुनिक अवसंरचनात्मक सुविधाएं यथा प्रशासनिक ब्लॉक, शैक्षणिक ब्लॉक, प्रयोगशालाएं, वर्कशॉप, पुस्तकालय, कैंटीन तथा छात्र तथा छात्राओं के लिए छात्रावास विद्यमान है। इसमें सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन और कम्प्यूटर साइंस के कुल पांच विषयों में विद्यार्थियों के लिए सर्व सुविधायुक्त अवसंरचनाएं उपलब्ध है। यह संस्थान उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) देहरादून का संघटक कॉलेज है। यह इंजीनियरिंग कॉलेज वर्ष 2011–12 से चल रहा है। इसमें छात्रों के लिए 02 एवं छात्राओं के लिए भी 02 छात्रावास स्थापित है। इनमें से छात्राओं के एक

छात्रावास की स्थापना 2015–16 में रूरल इलैक्ट्रिफिकेशन कारपोरेशन लि. (आरईसीएल) तथा टीएचडीसीआईएल के संयुक्त सीएसआर अंशदान से हुई और इसका उद्घाटन टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और आरईसीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा संयुक्त रूप से फरवरी, 2016 में किया गया।

उत्तराखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से, मुख्यतया राज्य के पिथौरागढ़, चमौली, टिहरी, उत्तरकाशी आदि जिलों के आदिवासी इलाकों के विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं और उच्चतर तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, टिहरी बांध प्रभावित परिवारों को भी उनके घरों के समीप इस संस्थान के खुलने से लाभ हो रहा है। परियोजना प्रभावित परिवारों के विद्यार्थियों के लिए 5 प्रतिशत सीट आरक्षित हैं। टीएचडीसी–आईएचईटी की उपस्थिति से स्थानीय समुदाय की आमदनी के स्तर में वृद्धि हुई है। इसने प्रत्यक्ष/ अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार पैदा किए हैं। जीविकोपार्जन के विभिन्न कार्यकलापों यथा दुग्ध आपूर्ति, समाचार पत्र/ पत्रिकाएं, किताबों की दुकान, फल एवं सब्जियां, दवाई की दुकान, कैंटीन, वस्त्र धुलाई, इत्यादि कामों में लगे स्थानीय समुदाय के लोग/विक्रेता इससे मुख्य रूप से लाभान्वित हुए हैं। स्थानीय दुकानदारों एवं नागरिकों द्वारा विद्यार्थियों और शिक्षकों की किराना तथा अन्य स्थानीय आवश्यकताओं की व्यवस्था की जा रही है। टीएचडीसी–आईएचईटी की उपस्थिति से इस क्षेत्र के स्थानीय निवासी/श्रमिक काफी प्रसन्न है।

अन्य शैक्षणिक संस्थानों को सहायता

- परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के विभिन्न सरकारी विद्यालयों को अतिरिक्त क्लास रूम, शौचालय बनवाकर तथा कंप्यूटर, फर्नीचर, अध्ययन सामग्री, स्कूल बैग, गणवेश, वाटर फिल्टर, पुस्तकें आदि उपलब्ध कराकर सुदृढ़ बनाया गया।
- देहरादून, टिहरी और उत्तरकाशी जिलों के परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के अल्पसंख्यक तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवकों को शिक्षित करने के लिए कंप्यूटर प्रशिक्षण हेतु 12 केंद्र खोले गए। इस कार्यक्रम के माध्यम से 450 से अधिक लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य उनके कंप्यूटर कौशल को उन्नत कर उन्हें रोजगार योग्य बनाना था।
- विशिष्ट एजेंसियों/संस्थानों के माध्यम से होटल प्रबंधन, बीपीओ, आतिथ्य आदि रोजगार परक कौशल विकास प्रशिक्षण उपलब्ध कराए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से 100 से अधिक युवाओं को इससे लाभ मिला।
- 'सीएसआर एवं सततता तथा टीएचडीसीआईएल की सीएसआर संचार रणनीति पर संवेदनशीलता पर आंतरिक एवं बाह्य हितधारको के लिए अनेक प्रशिक्षण/कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

टीएचडीसी निरामय – स्वास्थ्य एवं स्वच्छता

इस पहल में स्वास्थ्य रक्षा बचाव एवं स्वच्छता, पेयजल आदि सहित स्वास्थ्य देखभाल को प्रोत्साहित करना शामिल है।

- टिहरी के सुदूर क्षेत्र दीन गांव में एमबीबीएस चिकित्सक, फार्मासिस्ट, नर्स और चिकित्सा सहायक की टीम के साथ वर्ष 2013–14 से एक एलोपैथिक औषधालय चल रहा है। निकटवर्ती 20 ग्रामों के औसतन वार्षिक 12000 व्यक्ति ओपीडी का लाभ उठा रहे हैं। इस औषधालय में लघु आपरेशन कक्ष तथा प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं यथा पैथोलॉजी प्रयोगशाला, एक्सरे, ईसीजी आदि तथा कॉल करने पर एम्बुलैंस सुविधा भी उपलब्ध है। दवाएं निःशुल्क वितरित की जाती है।
- परियोजना प्रभावित क्षेत्रों तथा पुनर्वास बस्तियों में निर्मल नेत्र संस्थान, ऋषिकेश तथा टीएचडीसीएल के चिकित्सकों द्वारा 27 बहुविशेषज्ञता चिकित्सा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में 5000 से अधिक रोगी आए तथा 200 से अधिक मोतियाबिन्द के आपरेशन किए गए। रोगियों की सर्जरी भी निःशुल्क की गयी।
- टिहरी जलाशय रिम क्षेत्र के 20 गांवों के लिए पोखरी, धोंतरी, कोटेश्वरानंद, ऋषिकेश में 2010–11 से चार होम्योपैथिक औषधालय चलाए जा रहे हैं। प्रतिदिन औसतन 150 रोगी (ओपीडी) निःशुल्क परामर्श और औषधियां प्राप्त कर रहे हैं। प्रतिवर्ष 60,000 (ओपीडी) रोगियों को चिकित्सा लाभ प्राप्त हो रहा है।
- टिहरी बांध परियोजना प्रभावित क्षेत्र में व्यक्तिगत शौचालयों (विशेषकर कमजोर वर्ग हेतु) का निर्माण।

सेवा–टीएचडीसी द्वारा युवाओं के लिए प्लेसमेंट से जुड़ा कौशल विकास प्रशिक्षण

- स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत टीएचडीसीआईएल कार्यालयों तथा विभिन्न स्थानों की कालोनियों, विद्यालयों, अस्पतालों, कार्यस्थलों, गलियों, सड़कों, बाजारों, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशनों, पावन गंगा नदी के तटवर्ती क्षेत्र, पार्क तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों में सघन जन–जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। आवश्यकतानुसार स्थानीय क्षेत्रों की सफाई की गई। नई टिहरी और ऋषिकेश नगरपालिकाओं के परामर्श से विभिन्न स्थानों पर कूड़ेदान रखवाए गए।
- स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत टिहरी और ऋषिकेश नगरपालिकाओं के परामर्श से विभिन्न स्थानों पर 20 कूड़ेदान रखवाए गए तथा नगर निकायों को 5 हाइड्रोलिक टिपर्स उपलब्ध कराए गए।
- साफ–सफाई और रख–रखाव हेतु 04 सरकारी विद्यालयों को गोद लिया गया।
- नई टिहरी के सरकारी चिकित्सालय के निकट, जनता को सस्ती दवायें सुलभ कराने के लिए जैनरिक औषधि–दुकान खोली गई।

टीएचडीसी प्रकृति – पर्यावरण प्रबंधन

पर्यावरणीय सततता और पारिस्थितिकी संतुलन लाने के लिए निम्नलिखित प्रयास किए गए हैं :–

- परियोजना प्रभावित ग्रामों के विभिन्न स्थलों पर फल, चारा, ईंधन और औषधीय प्रजातियों के 15000 से अधिक वृक्ष लगाए गए।
- पशुलोक पुनर्वास क्षेत्र में 5 जून, 2016 को पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में स्वतंत्र निदेशक, टीएचडीसीआईएल कर्मचारीगण, वन विभाग तथा पुनर्वास बस्तियों में रहने वालों ने भाग लिया। पर्यावरण क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त व्यक्तियों की उपस्थिति में विद्यालयीन बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के तीन जिलों में हाईमास्ट तथा सोलर स्ट्रीट लाइट हेतु सेवा–टीएचडीसी तथा ईईएसएल ने सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस क्षेत्र में लगभग 375 सोलर स्ट्रीट लाइट तथा 170 हाई मास्ट लाइट की व्यवस्था की जा रही है इससे जनता को सुरक्षा के साथ–साथ अतिरिक्त प्रकाश उपलब्ध होगा साथ ही ऊर्जा संरक्षण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

टीएचडीसी उत्थान (ग्रामीण विकास)

कंपनी एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय, किरोडीमल कालेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) कृषि प्रणाली अनुसंधान परियोजना निदेशालय, मोदीपुरम तथा वीरचंद्र सिंह गढ़वाल उत्तराखंड विश्वविद्यालय, वन और बागवानी, रानीचौरी के साथ परियोजना प्रभावित ग्रामों के दीर्घावधि समग्र विकास हेतु 2009 से कार्य कर रही हैं।

संचालित की जा रही प्रमुख गतिविधियां कृषक स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) का गठन, उनकी छोटी छोटी गतिविधियों के लिए प्रारंभिक धन हेतु सहायता प्रदान करना, कस्टम हायरिंग केंद्र (सीएचसी) की स्थापना, कंप्यूटर एवं सिलाई केंद्र, व्यावसायिक प्रशिक्षण, फल, चारा तथा औषधीय प्रजातियों के पौधों का रोपण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता गतिविधियां, कृषकों को गोष्टियों के माध्यम से विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी ज्ञान प्रदान करना, कृषि विश्वविद्यालयों/संस्थानों के भ्रमण, फार्म प्लाटों का प्रदर्शन, बेमौसमी सब्जियों यथा मशरूम उत्पादन, बर्मी कंपोस्ट गड्ढों का निर्माण करके जैविक खेती को बढ़ावा देना, पॉली हाउस का निर्माण तथा लाइव स्टॉक प्रबंधन आदि फसलों तथा दुधारू पशुओं की उत्पादकता में वृद्धि करना है।

परियोजना प्रभावित परिवारों तथा पथरी हरिद्वार में पुर्नवास बस्ती के ग्रामीणों को उनकी आय और आजीविका में वृद्धि

हेतु कृषि विभाग हरिद्वार के सहयोग से मशरूम खेती का प्रशिक्षण दिया गया है।

पशुलोक पुनर्वास क्षेत्र में फसलों तथा ग्रामीणों के घरों को प्रभावित करने वाले बाढ़ के पानी की निकासी के लिए नाली का निर्माण किया गया। ग्रामीणों के लिए यात्री शेड का निर्माण किया गया। इस क्षेत्र के ग्रामीणों की बैठक और उनके सामाजिक कार्यक्रमों के लिए सामुदायिक भवन उपलब्ध कराए गए।

इन परियोजनाओं के माध्यम से लाभ

- कृषि कार्यक्रमों से कृषकों में विश्वास का स्तर बढ़ गया तथा युवकों को दीर्घकालिक आजीविका के स्रोत के रूप में कृषि को अपनाने हेतु प्रेरित किया गया है।
- पिछले वर्षों में आय और जीवन स्तर में वृद्धि हुई।
- ग्रामीण समुदायों की भागीदारी स्तर में वृद्धि।
- कृषि विकास कार्यक्रमों से कृषकों की क्षमता में काफी वृद्धि हुई।
- ये कार्यक्रम, स्थानीय पारंपरिक ज्ञान और नवीनतम तकनीकी नवोन्मेष को साथ लाने में सफल रहे।
- संसाधन प्रबंधन तथा परिवेशी पर्यावरण और प्रवास को रोकने में ये कार्यक्रम सहायक रहे।
- बाढ़ शमन उपायों आदि के रूप में वृक्षारोपण ने वर्षाऋतु में भूक्षरण को रोकने में मदद की।
- कृषक समुदाय के कल्याण के माध्यम से ग्रामीण विकास/राष्ट्रीय विकास लक्ष्य को समग्र रूप से प्राप्त किया गया।

महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहन

टीएचडीसी समर्थ – महिला सशक्तीकरण

- महिलाओं विशेषकर कमजोर वर्ग के लिए सिलाई–बुनाई, उत्पादन एवं सौंदर्य प्रसाधन जैसे विभिन्न केंद्र स्थापित किए गए। ये कार्यक्रम महिलाओं के सशक्तीकरण, वृद्धि और विकास के मजबूत चैनल हैं ये केंद्र निःशुल्क संचालित होते हैं, अभी तक इन केंद्रों से 240 महिलाएं लाभान्वित हो चुकी हैं।
- अक्टूबर, 2016 में प्रसिद्ध समाज सुधारक 'दीपा माई' की स्मृति में साख समिति (क्रेडिट सोसाइटी) स्थापित की गई तथा 'दीपा माई महिला साख सहकारी स्वायत्त समिति' के नाम से पंजीकृत की गई। इस समिति में 65 महिला सदस्य हैं और इसका संचालन महिलाएं करती है। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय द्वारा सदस्यों को व्यावसायिक कृषि उपज की खेती का प्रशिक्षण दिया गया।

स्वच्छ भारत अभियान के लिए पहल

वित्त वर्ष 2015–16 की सीएसआर गतिविधियों का विवरण एवं व्यय

1	2	3	4	5	6	7
क्रम सं.	सीएसआर परियोजना या गतिविधि	सेक्टर जिसमें परियोजना लागू है	स्थानीय क्षेत्र एवं जिला	अनुमोदित बजट (रू. लाख में)	खर्च की गई राशि (रू. लाख में)	व्यय की गई राशिः कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा या सीधे
1.	स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छ विद्यालय अभियान के तहत शौचालय, अल्प सुविधा प्राप्त व्यक्तियों के लिए शौचालयों का निर्माण चार होम्योपैथिक तथा एक एलोपैथिक औषधालय, बहु विशिष्ट चिकित्सा शिविर, जलापूर्ति योजनाएं तथा वाटर पयूरीफायर्स आदि का वितरण	कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची VII की मद संख्या (i) स्वास्थ्य देखभाल एवं स्वच्छता	परियोजना प्रभावित क्षेत्र	1528.00	165.11	सेवा–टीएचडीसी
2.	टिहरी, कोटेश्वर तथा ऋषिकेश में तीन विद्यालयों का संचालन, टीएचडीसी का हाइड्रो इंजीनियरिंग एवं टैक्नॉलॉजी संस्थान का निर्माण, विद्यालयों को अवसंरचनात्मक सामग्री उपलब्ध कराना, कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम, होटल प्रबंधन तथा आईटी प्रशिक्षण आदि।	कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची VII की मद संख्या (ii) शिक्षा को बढ़ावा देना			633.38	सेवा–टीएचडीसी तथा टीएचडीसी शिक्षा समिति
3.	महिला सशक्तीकरण हेतु सिलाई–कढ़ाई केंद्र की स्थापना	कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची VII की मद संख्या (iii) लिंग समानता को बढ़ावा, महिला सशक्तीकरण आदि			14.89	सेवा–टीएचडीसी
4.	वृक्षारोपण तथा नर्सरी विकास तथा सौर प्रकाश का संस्थापन	कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची VII की मद संख्या (IV) पर्यावरण सततता सुनिश्चित करना			153.07	सेवा–टीएचडीसी
5.	पारंपरिक कला और संस्कृति का विकास एवं उन्नयन	कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची VII की मद संख्या (V) राष्ट्रीय विरासत, कला एवं संस्कृति आदि का संरक्षण			31.00	सेवा–टीएचडीसी
6.	खेल–कूद को बढ़ावा	कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची VII की मद संख्या (VII) ग्रामीण खेलों, राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त खेल–कूद, ओलंपिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण			2.05	सेवा–टीएचडीसी

1	2	3	4	5	6	7
क्रम सं.	सीएसआर परियोजना या गतिविधि	सेक्टर जिसमें परियोजना लागू है	स्थानीय क्षेत्र एवं जिला	अनुमोदित बजट (रू. लाख में)	खर्च की गई राशि (रू. लाख में)	व्यय की गई राशिः कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा या सीधे
7.	राष्ट्रीय आपदा/विपत्ति के दौरान आपतकालीन आवश्यकताओं के लिए अनुमत्य सीएसआर कार्यक्रम (वार्षिक सीएसआर बजट का 5 %)	कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची VII की मद संख्या (VIII) केंद्र सरकार आदि द्वारा स्थापित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय सहायता कोष अथवा अन्य कोई कोष			1.24	सेवा–टीएचडीसी
8.	परियोजना प्रभावित क्षेत्र, कार्यस्थलों पर शमशान घाट, पैदल मार्ग, यात्री शेड, ग्रामीण सामुदायिक भवन निर्माण। जीविका विकास कार्यक्रम, कस्टम हायरिंग केंद्र आदि की स्थापना	कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची VII की मद संख्या (X) अर्थात ग्रामीण विकास परियोजना			495.18	सेवा–टीएचडीसी
9.	प्रशासनिक ओवर हैड, क्षमता निर्माण, बेसलाइन/आवश्यकता आंकलन सर्वेक्षण, प्रभाव निर्धारण आदि (वार्षिक बजट का 5%: से अधिक नहीं होना चाहिए।				37.34	सेवा–टीएचडीसी
	कुल			**1528.00**	**1534.85**	

प्रबंधन विचार–विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट

प्रबंधन विचार–विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट

पृष्ठभूमि:

बिजली किसी भी देश के आर्थिक और सामाजिक विकास हेतु बुनियादी जरूरत है। भारत में बढ़ती आबादी और औद्योगिक विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सभी उपलब्ध ऊर्जा संसाधनों का उपयोग कर विद्युत क्षेत्र को विकसित करने की जरूरत है ।

हमारे देश में विद्युत क्षेत्र के विकास को गतिशील बनाने की आवश्यकता है। दिसंबर, 2015 में पेरिस शिखर सम्मेलन के बाद हमारा राष्ट्र 15 वर्षों से कार्बन उत्सर्जन गहनता को 2005 के स्तर के जीडीपी की प्रति यूनिट गहनता 33–35% तक घटाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसका लक्ष्य 2030 तक विद्युत उत्पादन की संस्थापित क्षमता का 40% जीवाश्म ईंधन से उपलब्ध कराना है। भारत सरकार का लक्ष्य 2019 तक सभी के लिए 24X7 विद्युत उपलब्ध कराना है तथा 2022 तक नवीकरण स्रोतों से विद्युत उत्पादन की संस्थापित क्षमता को 175 जीडब्ल्यू तक पहुंचाना है। परियोजना के विरोध, कठिन प्रक्रियाओं तथा पर्यावरण एवं वन विभाग की स्वीकृति के कारण जल विद्युत क्षेत्र की प्रगति बहुत धीमी है। भारत में प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत 1070 यूनिट है जबकि वैश्विक औसत 3000 यूनिट है, जबकि मुख्यतया नवीकरणीय ऊर्जा पर केंद्रित भारत सरकार का लक्ष्य सतत विकास है।

टीएचडीसीआईएल विद्युत परियोजनाओं के विकास में बड़ी भूमिका निभाने के प्रति वचनबद्ध है जिसका आशय सरकारी उद्देश्यों को प्राप्त करने में सहायता तथा राष्ट्रीय विकास को सततता से जारी रखने के लिए योगदान करना है।

1513 मे.वा. संस्थापित क्षमता के साथ अब टीएचडीसीआईएल बहु परियोजना वाला ऐसा संस्थान है जिसकी विभिन्न विद्युत परियोजनाएं कार्यान्वयन के विविध स्तरों पर हैं। इस समय कंपनी की 14 परियोजनाएं विकास के विभिन्न स्तरों पर है जिनकी संस्थापित क्षमता 5719 मे. वा. है।

कंपनी की 31.03.2017 को प्राधिकृत पूंजी रू. 4,000 करोड़ है तथा इसमें चुकता पूंजी रू. 3598.88 करोड़ है। इसमें भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार की इक्विटी भागीदारी 3:1 के अनुपात में है। कंपनी ने उत्तर प्रदेश के खुर्जा में 1300 मे.वा. के सुपर थर्मल विद्युत केंद्र तथा विभिन्न परम्परागत/गैर परम्परागत और नवीकरणीय विद्युत परियोजनाओं के संस्थापन हेतु रणनीतिक व्यापारिक विविधीकरण योजना के रूप में कार्रवाई प्रारंभ की है। कंपनी के अभिदृष्टि कथन "पर्यावरण और सामाजिक मूल्यों की प्रतिबद्धता के साथ विश्वस्तरीय ऊर्जा इकाई स्थापित करना " से परिलक्षित होता है कि कंपनी की दृष्टि सतत विकास पर है।

एसडब्ल्यूओटी विश्लेषण:

मजबूती और कमजोरियों के विपरीत अवसर तथा चुनौतियों का अध्ययन विश्लेषण द्वारा किया जाना है। टीएचडीसीआईएल का एसडब्ल्यूओटी विश्लेषण नीचे दिया गया है:–

(क) मजबूती

- **सुदृढ़ तकनीकी कौशल आधार :**

  टीएचडीसीआईएल ने जिसमें तकनीकी रुप से चुनौतीपूर्ण टिहरी जल विद्युत काम्प्लैक्स (2400 मेगावाट) के कार्यान्वयन में सुदृढ़ तकनीकी आधार प्राप्त किया है। एशियाई क्षेत्र के सबसे ऊंचे तथा विश्व के पांचवे सबसे ऊंचे अर्थ और रॉकफिल बांध (260.5 मीटर ऊंचा) का निर्माण शामिल है।

- **जटिल हिमालयी भौगोलिक क्षेत्र में भूमिगत कार्यों में इंजीनियरिंग तथा निर्माण संबंधी कौशल:**

  टिहरी परियोजना में 27 सुरंगे हैं जिनका अधिकतम व्यास 11 मीटर तथा कुल लंबाई लगभग 18 कि.मी. है तथा इसमें 18 शाफ्ट हैं जिनका अधिकतम व्यास 12 मीटर तथा अधिकतम ऊंचाई 220 मीटर है और कुल लंबाई लगभग 2.27 कि.मी. है।

- **जल विद्युत उत्पादन संयंत्र के कार्यान्वयन में शामिल पर्यावरण और पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन से जुड़े जटिल मुद्दों को संभालने की योग्यता:**

टिहरी परियोजना में लगभग 15,000 परिवारों का सफल पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (आर एंड आर), टिहरी बांध से गंगोत्री तक के जलागम क्षेत्र का उपचार तथा पारिस्थितिकीय सुधार के अतिरिक्त अन्य उपाय शामिल थे।

- **सक्षम और प्रतिबद्ध कार्यबल :**

  कंपनी के पास मजबूत और सक्षम प्रबंधन टीम है तथा 830 कार्यपालकों, 83 पर्यवेक्षकों तथा 1024 कामगारों से युक्त सहायक स्टाफ टीम है।

- **सुदृढ़ वित्तीय स्थिति**

  कंपनी, सुदृढ़ वित्तीय आधार के साथ वित्त वर्ष 2006–07 से लगातार लाभ अर्जित कर रही है। प्रदत्त पूंजी से अधिक आरक्षित और अधिशेष निधि ने कंपनी को भावी क्षमता विस्तार हेतु मजबूत आर्थिक स्थिति प्रदान की है।

(क) कमजोरियां :

- मुख्य रूप से राज्य विशिष्ट–परियोजनाएं केवल एक राज्य अर्थात उत्तराखंड तक सीमित है।
- सार्वजनिक क्षेत्र के स्वामित्व के साथ जुड़ी प्रक्रिया संबंधी कठिनाइयां

(ख) अवसर :

- **भारत में अप्रयुक्त जल विद्युत संभाव्यता है:**

  जल विद्युत क्षेत्र में भारी संभाव्यता है। दूषित जल–ताप मिश्रण, पवन विद्युत परियोजनाओं में वृद्धि से पूरे दिन ऊर्जा नहीं मिल सकती है, पीक विद्युत कमियों से जल विद्युत को और अधिक विकसित करने की आवश्यकता है।

  जल विद्युत और पंप स्टोरेज परियोजनाओं का एक महत्वपूर्ण लाभ प्रणाली को पीक पावर तथा अनुषंगिक सेवाएं प्रदान करने योग्य होना है। वर्तमान कीमत निर्धारण प्रणाली में इन लाभों को अच्छी तरह से मान्य नहीं किया जाता है क्योंकि वितरकों को सेवा गुणवत्ता प्रदान करने के लिए बहुत थोड़ा प्रोत्साहन मिलता है।

- **पड़ोसी देशों में जल विद्युत संभाव्यता:**

  भारत के बाहर विशेषकर नेपाल और भूटान जैसे क्षेत्र में व्यापार के विकास की संभावनाएं हैं जहां भारत सरकार द्विपक्षीय सहयोग प्रदान करती है।

- अन्य परंपरागत/गैर परंपरागत ऊर्जा स्रोतों में विविधीकरण की संभावनाएं हैं।

रणनीतिक विविधीकरण

आपकी कंपनी ने भारत और विदेश में परम्परागत/गैर परम्परागत स्रोतों के माध्यम से सभी प्रकार से विद्युत विकास के अपने लक्ष्य में विस्तार किया है। आपकी कंपनी ताप परियोजनाओं के विकास के प्रारंभिक चरण में है तथा नवीकरणीय ऊर्जा के एक भाग के रूप में पवन विद्युत परियोजना को प्रचालित किया गया है। इसका प्रमुख उद्देश्य केवल क्षमता बढ़ाना ही नहीं बल्कि इसकी वित्तीय व्यवहार्यता बनाए रखने के साथ–साथ इसे अनुपयोगी होने से भी बचाना है।

➢ ताप विद्युत

टीएचडीसीआईएल उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले पर 1320 मे.वा. का खुर्जा सुपर थर्मल विद्युत संयंत्र लगा रही है। इस संयंत्र की वार्षिक उत्पादकता 9828 मि.यू. है।

➢ सौर ऊर्जा

देश में सौर ऊर्जा के विकास की अपार संभावनाएं हैं। टीएचडीसीआईएल ने फरवरी 2015 में 250 मे.वा क्षमता तक की ग्रिड संयोजित सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए भारतीय सौर ऊर्जा निगम (एसईसीआई) के साथ सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हें जिसे प्रारंभ में 50 मे.वा. तक संचालित करने का प्रस्ताव है।

केरल 50 मे.वा. सौर पीवी परियोजना की स्थापना के लिए एसईसीआई, केएसईबी एवं टीएचडीसीआईएल के मध्य 31.03.2015 को एक त्रिपक्षीय करार पर हस्ताक्षर हुए। केरल के एसईसीआई द्वारा कासरगोड जिले के सोलर पार्क में 50 मे.वा. पीवी परियोजना की स्थापना के लिए भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है।

एसईसीआई द्वारा दीर्घ बोली प्रक्रिया के माध्यम से अप्रैल, 2017 में रिवर्स बिडिंग पूर्ण की गई। लाभग्राही राज्य केरल के केएसईबी के साथ विद्युत आपूर्ति करार (पीएसए) पर हस्ताक्षरित होने के बाद संविदा अवार्ड की जाएगी। केएसईबी के साथ त्रिपक्षीय करार तथा सहमति ज्ञापन की शर्तों के अनुरूप एसईसीआई के माध्यम से टीएचडीसीआईएल ने ईपीसी कांट्रेक्टर हेतु श्रेष्ठ औद्योगिक आचरण का पालन किया है।

पवन ऊर्जा

कंपनी ने पवन ऊर्जा क्षेत्र में प्रवेश करके अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में अपने क्रियाकलापों का विविधीकरण भी किया है।

दिनांक 29.06.2016 को 50 मे.वा. पाटन पवन ऊर्जा तथा 31.03.2017 को द्वारका में 63 मे.वा. पवन ऊर्जा परियोजना, दोनों गुजरात में स्थापित होने से टीएचडीसी ने ग्रिड में 113 मे.वा. अक्षय ऊर्जा जोड़ दी।

परामर्श

कंपनी ने सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य केन्द्रीय उपक्रमों/राज्यों/निजी क्षेत्र द्वारा चलाई जा रही जल विद्युत परियोजनाओं के कार्यान्वयन में परामर्श/परियोजना कार्यान्वयन सेवाएं प्रदान करने की अपनी विशेषज्ञता और कौशल का प्रयोग कर सकती है।

(घ) चुनौतियां

- **अनुमति प्राप्त करने में समय लगना**

  पर्यावरण और वन संबंधी अनुमति तथा राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड (जहां लागू हो) से अनुमति प्राप्त करने के कठिन मानदंड और भारी प्रक्रिया होने के कारण परियोजनाओं के लिए अनुमति प्राप्त करने में विलंब होता है जिससे क्षमता वृद्धि कार्यक्रमों पर प्रभाव पड़ सकता है।

  पर्यावरण तथा धार्मिक आधार पर गैर–सरकारी संगठनों और अन्य एजेंसियों द्वारा जल विद्युत परियोजनाओं का विरोध किए जाने के कारण परियोजना मंजूरी तथा उनके कार्यान्वयन में विलंब होता है।

- **भूमि अधिग्रहण**

  अवसंरचना संबंधी कार्य तथा जलमग्नता सहित परियोजना के घटकों के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अत्यंत बोझिल है और उसमें काफी समय लगता है।

- **भौगोलिक अनिश्चितताएं**

  भौगोलिक विशषमताओं के कारण, विशेषकर तरूण हिमालय क्षेत्र में समय और लागत में काफी वृद्धि हो जाती है।

- **प्राकृतिक आपदाएं**

  चूंकि अधिकांश जल विद्युत परियोजनाएं पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित हैं, इसलिए भू–स्खलन, पर्वतीय ढलानों के ढह जाने और सड़कों के अवरुद्ध होने, बाढ़ और बादल फटने जैसी प्राकृतिक आपदाओं से निर्माण अवधि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तथा समय और लागत बढ़ जाती है।

- **सिविल ठेकेदारों की खराब वित्तीय स्थिति**

- **विनियामक जोखिम**

